गुरुवार, 18 सितम्बर 2025

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 34 |
| आर्द्रता | 77% |
| सूर्योदय: 5:24 | सूर्यास्त: 17:39 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आश्विन कृष्णपक्ष द्वादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : असली चुंबक है तो वह है आपका प्रेम और आपका व्यवहार।





नीरज ने पहले थ्रो में फाइनल में जगह बनाई, नदीम से होगी टक्कर पृष्ठ 8


RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


# सामान वही खरीदें, जिसमें हिंदुस्तानी का पसीना हो : पीएम मोदी




**नयी दिल्ली :** मध्य प्रदेश के धार जिला पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जन्मदिन पर स्वदेशी वस्तुओं की पुरजोर वकालत की उन्होंने कहा कि यह त्योहारों का मौसम है और हमें स्वदेशी के मंत्र को याद रखना चाहिए इसे अपने जीवन में शामिल करना चाहिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मध्य प्रदेश के धार जिले के भैंसोला गांव में देश के पहले 'पीएम मित्र पार्क' का शिलान्यास किया, यह पार्क प्रदेश के कपड़ा एवं वस्त्र उद्योग को नई पहचान देगा, हजारों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगा तथा किसानों की उपज को उचित मूल्य दिलाने में सहायक सिद्ध होगा

### हिंदुस्तानी का होना चाहिए पसीना

पीएम मोदी ने कहा, मेरी 140 करोड़ देशवासियों से करबद्ध प्रार्थना है आप जो भी खरीदें, वह हमारे देश में ही बना होना चाहिए आप जो भी खरीदें, उसमें पसीना किसी न किसी हिंदुस्तानी का होना चाहिए आप जो भी खरीदें, उसमें मेरे हिंदुस्तान की मिट्टी की महक होनी चाहिए महात्मा गांधी ने स्वदेशी को आज़ादी का माध्यम बनाया था, अब हमें स्वदेशी को विकसित भारत की नींव बनाना है। यह तब होगा जब हम अपने देश में बनी हुई हर चीज पर गर्व करेंगे।

### देश का पैसा देश में ही रहता है

प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे देश का पैसा देश में ही रहता है और यही पैसा विकास के काम आता है उन्होंने कहा, ''सड़कें, स्कूल, चिकित्सालय बनते हैं पैसा गरीब कल्याण के काम आता है मध्यम वर्ग के सपनों को पूरा करने के लिए बहुत धन की जरुरत है, जिसे हम छोटी-छोटी चीजें करके अर्जित कर सकते है ''

### दुकान के बाहर लगाए स्वदेशी बोर्ड

उन्होंने कहा कि हर दुकान में स्वदेशी का बोर्ड लगा होना चाहिए और गर्व से कहना चाहिए कि यह स्वदेशी है प्रधानमंत्री ने व्यापारी समुदाय से आग्रह किया कि वे भी देशहित में इस अभियान में अपना योगदान दें उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाना है सारे छोटे-मोटे व्यापारी, आप जो भी बेचें, वह हमारे देश में बना होना चाहिए महात्मा गांधी ने स्वदेशी को आजादी का माध्यम बनाया और हमें स्वदेशी को विकसित भारत की नींव बनाना है।

## दुनिया भर के नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को 75वें जन्मदिन पर बधाई दी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर बुधवार को दुनिया भर के नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मोदी को बधाई देते हुए उनके नेतृत्व और उपलब्धियों की सराहना की। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने भारत के साथ मजबूत मित्रता पर गर्व जताया। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के कद को बढ़ाने और श्रीलंका के सहयोग के लिए मोदी का आभार व्यक्त किया। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने भारत की प्रगति को शानदार बताया और प्रधानमंत्री के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

# ममता ने दी विश्वकर्मा पूजा की शुभकामनाएं, सरकारी छुट्टी की घोषणा

**कोलकाता, समाज्ञा**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को विश्वकर्मा पूजा के मौके पर राज्य में सरकारी छुट्टी की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस बार का यह फैसला खास है क्योंकि इसे प्रवासी यानी परदेश में काम करने वाले श्रमिकों को सम्मान देते हुए लिया गया है। माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर एक पोस्ट कर मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी को विश्वकर्मा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्रवासी श्रमिकों को सम्मानित करने के लिए राज्य सरकार ने विश्वकर्मा पूजा पर अवकाश घोषित किया है।

## मुख्यमंत्री ने पुलिस कार्यालय में आयोजित विश्वकर्मा पूजा में की शिरकत



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को अपने घर के सामने स्थित पुलिस कार्यालय में आयोजित विश्वकर्मा पूजा में हिस्सा लिया। यही कार्यालय मुख्यमंत्री और उनके आवास की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों का कार्यस्थल है। इस मौके पर कई महिला पुलिस कर्मी और ममता बनर्जी की भाभी एवं सांसद अभिषेक बनर्जी की मां, लता बनर्जी भी मौजूद थीं। उधर, तृणमूल भवन में भी विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य के मंत्री शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने पूजा-अर्चना की।

# जीएसटी सुधारों से अर्थव्यवस्था को दो लाख करोड़ रुपये मिलेंगे, लोगों के पास होगा ज्यादा पैसा : सीतारमण



**विशाखापत्तनम :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि अगली पीढ़ी के माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों ने अर्थव्यवस्था में दो लाख करोड़ रुपये डाले हैं, जिससे लोगों के पास अधिक नकदी उपलब्ध हुई है। अन्यथा यह राशि कर चुकाने में चली जाती। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर एक परिचर्चा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि कर सुधारों के बाद 12 प्रतिशत जीएसटी स्लैब के तहत आने वाली 99 प्रतिशत वस्तुओं पर पांच प्रतिशत कर लगाया गया है। इस बदलाव के परिणामस्वरूप 28 प्रतिशत कर स्लैब के तहत 90 प्रतिशत वस्तुएं 18 प्रतिशत स्लैब में आ गई हैं। उन्होंने कहा कि कुछ रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली दिग्गज कंपनियों समेत कई कंपनियां 22 सितंबर से पहले ही दरों में कटौती करने और उपभोक्ताओं को इसका लाभ देने के लिए स्वेच्छा से आगे आ रही हैं। 22 सितंबर नई जीएसटी व्यवस्था लागू होने वाली है। उन्होंने कहा, ''इस नई पीढ़ी की कर व्यवस्था, जिसमें केवल दो स्लैब (पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत) हैं, से अर्थव्यवस्था में दो लाख करोड़ रुपये आए हैं। लोगों के पास ज्यादा नकदी होगी।'' उन्होंने कहा कि दरों में बदलाव करने से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने पांच पहलुओं पर ध्यान रखा – गरीब और मध्यम वर्ग के लिए दरों में कमी, मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करना, किसान समुदाय को लाभ पहुंचाना, एमएसएमई को बढ़ावा देना और ऐसे क्षेत्र जो देश में रोजगार सृजन और निर्यात क्षमता में उपयोगी हों। वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी राजस्व 2025 में बढ़कर 22.08 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो इसके लागू होने के समय वित्त वर्ष 217-18 में 7.19 लाख करोड़ रुपये था। उनके अनुसार, करदाताओं की संख्या पहले के 65 लाख से बढ़कर 1.51 करोड़ हो गई है।

# पूजा की भीड़ में खोने पर करें लालबाजार से संपर्क, हेल्पलाइन नंबर जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** हर साल पूजा के दिनों में किसी न किसी मंडप से कोई न कोई लापता हो जाता है। अपनों को ढूंढ़ने के लिए रिश्तेदारों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। इस बार, पुलिस ने इस समस्या के समाधान के लिए अतिरिक्त कदम उठाए हैं। इस बार, किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत मदद के लिए कई हेल्पलाइन नंबर शुरू किए गए हैं। ये नंबर मुख्य रूप से पूजा के दिनों में ही चालू रहेंगे। कोलकाता पुलिस ने बताया है कि उनका मुख्य हेल्पलाइन नंबर 9163737373 होगा। इसके अलावा, लालबाजार कंट्रोल रूम से भी सीधे संपर्क किया जा सकता है। ये नंबर हैं - 100, 033-2250-5090, 033-2214-3230। इसके अलावा, अगर कोई लापता हो जाता है, तो लालबाजार के 'मिसिंग पर्सन स्क्वॉड' से संपर्क किया जा सकता है। इनके नंबर हैं - 033-2250-5153, 033-2214-1835। इसके अलावा, दक्षिण 24 परगना के जिला बाल संरक्षण अधिकारी के हेल्पलाइन नंबर 1098 पर भी सहायता प्राप्त की जा सकती है। पुलिस ने अनुरोध किया है कि जो भी लापता हो, खासकर कोई बच्चा या बुजुर्ग, तुरंत इस नंबर पर कॉल करें। यह हेल्पलाइन नंबर 27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक, यानी पंचमी से नवमी तक प्रभावी रहेगा।

## जम्मू कश्मीर: तीन सप्ताह के बाद बुधवार से शुरू हुई वैष्णो देवी यात्रा फिर स्थगित

**जम्मू :** भूस्खलन और लगातार भारी वर्षा के कारण 22 दिनों तक स्थगित रहने के बाद, जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा बुधवार को फिर से शुरू हो गई, जिससे श्रद्धालुओं के चेहरे खिल उठे। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि यह राहत ज्यादा देर तक नहीं रही, क्योंकि दिन में 2500 तीर्थयात्रियों को अनुमति देने के बाद आज शाम को खराब मौसम के कारण तीर्थयात्रा को एक बार फिर स्थगित कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि विनाशकारी भूस्खलन के कारण 22 दिनों तक यात्रा स्थगित रही थी। इस भूस्खलन में 34 लोगों की मौत हो गई थी और 20 घायल हो गए थे। माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) ने आज सुबह से अनुकूल मौसम होने की स्थिति में यात्रा को फिर से शुरू करने की घोषणा की, जिससे कटरा शहर में डेरा डाले हुए कई श्रद्धालुओं के चेहरे खिल उठे।

## रुपया 24 पैसे मजबूत होकर 87.85 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 24 पैसे मजबूत होकर 87.85 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता को लेकर उम्मीद बंधने के साथ रुपये में तेजी आई है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि बुधवार को लगातार चौथे सत्र में भारतीय रुपया मजबूत हुआ और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की उम्मीद के बीच अमेरिकी मुद्रा में व्यापक कमजोरी के साथ ढाई सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

# ट्रंप ने अफगानिस्तान, भारत, चीन, पाकिस्तान को प्रमुख मादक पदार्थ उत्पादक देशों में शामिल किया

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन, अफगानिस्तान, भारत और पाकिस्तान को उन 23 प्रमुख देशों में शामिल बताया है, जहां मादक पदार्थों का अवैध रूप से उत्पादन और तस्करी की जाती है। ट्रंप ने कहा कि अवैध नशीली दवाओं और इनके निर्माण में इस्तेमाल रसायनों के उत्पादन एवं तस्करी के जरिये ये देश अमेरिका और उसके नागरिकों की सुरक्षा के समक्ष खतरा पैदा कर रहे हैं। कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में सोमवार को पेश 'प्रेसिडेंशियल डिटरमिनेशन' में ट्रंप ने कहा कि उन्होंने 23 देशों की पहचान मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन और तस्करी में शामिल प्रमुख देशों के रूप में की है। उन्होंने कहा कि इन देशों में अफगानिस्तान, बहामास, बेलीज, बोलीविया, म्यांमा, चीन, कोलंबिया, कोस्टा रिका, डोमिनिकन गणराज्य, इक्वाडोर, अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला, हैती, होंडुरास, भारत, जमैका, लाओस, मैक्सिको, निकारागुआ, पाकिस्तान, पनामा, पेरू और वेनेजुएला शामिल हैं। 'प्रेसिडेंशियल डिटरमिनेशन' व्हाइट हाउस की ओर से जारी एक तरह का दिशा-निर्देश है, जो अमेरिका की संघीय सरकार की कार्यपालिका शाखा की आधिकारिक नीति या रुख के तहत निर्धारित निर्णयों को रेखांकित करता है।

## दिशा पाटनी के बरेली स्थित घर पर गोलीबारी करने वाले दो शूटर मुठभेड़ में ढेर

**नयी दिल्ली :** बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी के बरेली स्थित घर के बाहर गोलीबारी में कथित रूप से शामिल रोहित गोदारा-गोल्डी बरार गिरोह के दो बदमाशों को पुलिस ने बुधवार को गाजियाबाद में ट्रोनिका सिटी के पास एक मुठभेड़ में मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मुठभेड़ दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और हरियाणा एसटीएफ के एक संयुक्त अभियान के तहत हुई। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान हरियाणा के रोहतक निवासी रविंदर और सोनीपत निवासी अरुण के रूप में हुई है। हरियाणा एसटीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मुठभेड़ के दौरान दोनों बदमाशों की गोली लगने से मौत की पुष्टि की और बताया कि विशेष प्रकोष्ठ का एक जवान भी घायल हुआ है। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के एक अधिकारी ने बताया, बरेली गोलीबारी मामले में दोनों बदमाशों की स्पष्ट भूमिका थी, जिसने हाई-प्रोफाइल हस्तियों के आसपास सुरक्षा चिंताओं को जन्म दिया। इस घटना के जबरन वसूली से जुड़े होने का संदेह था। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि गिरोह के अन्य फरार सदस्यों का पता लगाने के लिए मामले की जांच जारी है।

## ईवीएम पर रंगीन फोटो व बड़े अक्षरों में नाम, बिहार चुनाव से लागू

**नई दिल्ली :** ईवीएम बैलेट पेपर पर अब उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें लगेंगी और उम्मीदवार का चेहरा तस्वीर के तीन-चौथाई हिस्से पर होगा। साथ ही उम्मीदवारों का नाम भी बड़े अक्षरों में छपा होगा, ताकि मतदाता अच्छी तरह से पढ़ और देख सकेंगे। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 49बी के तहत मौजूदा दिशानिर्देशों में संशोधन किया है। इसका उद्देश्य ईवीएम बैलेट पेपर की स्पष्टता और पठनीयता बढ़ाना है। ईसीआई की ओर से बुधवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि उम्मीदवारों/नोटा के क्रमांक भारतीय अंकों के अंतरराष्ट्रीय रूप में छपे होंगे। नाम की स्पष्टता के लिए फॉन्ट का आकार 30 होगा और बोल्ड में लिखा जाएगा। चुनाव आयोग के मुताबिक, इसकी शुरुआत बिहार विधानसभा चुनाव से होगी और आगामी चुनावों में उन्नत ईवीएम बैलेट पेपर का उपयोग किया जाएगा। चुनाव आयोग ने कहा कि यह पहल चुनाव प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और बेहतर बनाने तथा मतदाताओं की सुविधा बढ़ाने के लिए की गई है, जो पिछले 6 महीनों में आयोग द्वारा की गई 28 पहलों के अनुरूप है। नए दिशानिर्देशों के अनुसार, ईवीएम बैलेट पेपर 70 जीएसएम कागज पर प्रिंट किए जाएंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि विधानसभा चुनावों के लिए, निर्दिष्ट आरजीबी मान वाले गुलाबी रंग के कागज का उपयोग किया जाएगा।

## सबरीमला मंदिर : सोने की परत वाली चादरों के वजन में कमी पर सतर्कता जांच के आदेश

**कोच्चि:** केरल उच्च न्यायालय ने सबरीमला मंदिर के गर्भगृह के सामने द्वारपालकों की मूर्तियों पर चढ़ाई गई सोने की परत वाली तांबे की चादरों के वजन में कमी को गंभीर मानते हुए सतर्कता जांच का आदेश दिया है। अदालत ने बताया कि 2019 में इन चादरों का वजन 42.8 किग्रा दर्ज था, जबकि कंपनी को भेजे जाने पर 38.258 किग्रा पाया गया। यानी 4.541 किग्रा की कमी साफ तौर पर सामने आई है। न्यायालय ने कहा कि यह कमी चिंताजनक है और गंभीर प्रशासनिक चूक का संकेत देती है। पीठ ने मुख्य सतर्कता एवं सुरक्षा अधिकारी (पुलिस अधीक्षक) को तीन हफ्ते में विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

# वित्त मंत्रालय ने जारी की सीजीएसटी की नई दरों की अधिसूचना, 22 सितंबर से लागू होने जा रहा है नया जीएसटी सिस्टम

**नई दिल्ली :** वित्त मंत्रालय ने उत्पादों के लिए केंद्रीय माल एवं सेवा कर की दरें अधिसूचित कर दी हैं। जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से प्रभावी होंगी। इस अधिसूचना के बाद राज्यों को भी अपने स्तर पर राज्य जीएसटी की दरें अधिसूचित करनी होंगी। जीएसटी व्यवस्था के तहत प्राप्त राजस्व को केंद्र और राज्यों के बीच समान रूप से साझा किया जाता है। बताते चलें कि जीएसटी परिषद ने 3 सितंबर को हुई एक अहम मीटिंग में 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत वाले टैक्स स्लैब को जीएसटी सिस्टम से हटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। अभी जीएसटी सिस्टम में कुल 4 स्लैब- 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत हैं। लेकिन, 22 सितंबर से नया सिस्टम लागू होने के बाद जीएसटी के सिर्फ 2 स्लैब- 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत ही रहेंगे।


### विलासिता वाली वस्तुओं पर लगेगा 40 प्रतिशत जीएसटी

जीएसटी काउंसिल की मंजूरी के बाद 22 सितंबर से नई जीएसटी व्यवस्था के तहत ज्यादातर वस्तुओं और सेवाओं पर 5 और 18 प्रतिशत की दर से ही जीएसटी लगेगा। हालांकि, विलासिता वाली वस्तुओं पर 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। जबकि, तंबाकू और इससे बनने वाले अन्य उत्पादों पर 28 प्रतिशत जीएसटी के साथ उपकर यानी सेस जारी रहेगा। मौजूदा जीएसटी सिस्टम के तहत 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत के 4 स्लैब हैं। इसके साथ विलासिता एवं अहितकर उत्पादों पर अलग से उपकर भी लगता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि ज्यादातर वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती के साथ अब व्यापार और उद्योग जगत पर ये दायित्व है कि वे इन संशोधनों का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाएं और समयबद्ध तरीके से अनुपालन सुनिश्चित करें।


Suffering from hip or Knee pain?
Ask Dr. Santosh


ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी आपको सामान्य स्थिति में वापस ला सकती है, जब सटीकता के साथ की जाये -डॉ संतोष कुमार

प्रश्न: घुटने के लिगामेंट पुनर्निर्माण की आवश्यकता किसे है?
डॉ. कुमार: आम तौर पर घुटने के लिगामेंट पुनर्निर्माण जैसे कि एसीएल पुनर्निर्माण आर्थोस्कोपिक प्रक्रिया द्वारा किया जाता है जो युवा सक्रिय लोगों के लिए उपयोग किया जाता है। वृद्ध लोगों के लिए जिसे गठिया पहले से ही हो चुका होता है, तो उनके लिए आर्थोस्कोपिक प्रक्रिया की कोई भूमिका नहीं होती है।
प्रश्न: विस्कोसप्लिमेंटेशन कितना उपयोगी है?
डॉ. कुमार: विस्कोसप्लिमेंटेशन का अर्थ है अत्यधिक क्रॉस लिंक्ड उच्च आणविक भार हायलूरोनिक एसिड का इंजेक्शन जो घुटने का प्राकृतिक स्नेहक है। मेरी राय में, इसकी भूमिका बहुत अधिक नहीं है लेकिन निश्चित रूप से यह एवस्कुलर नेक्रोसिस आदि को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता है।
प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की आवश्यकता किसे है?
डॉ. कुमार: जब कूल्हे या घुटने के प्रतिस्थापन गठिया अपने दर्द, प्रतिबंधित गतिविधियों, अस्थिरता या विकृति के माध्यम से दैनिक जीवन, सामाजिक गतिविधियों, पेशेवर या व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करना शुरू कर देता है, तो व्यक्ति को जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की आवश्यकता होती है।
प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट की सही उम्र क्या है?
डॉ. कुमार: जब भी दैनिक जीवन की गतिविधियों में बाधा उत्पन्न होती है, चाहे उम्र कुछ भी हो, तो जॉइंट रिप्लेसमेंट पर विचार करना चाहिए। जॉइंट रिप्लेसमेंट में देरी करने से सर्जरी अधिक मुश्किल हो जाती है और रिकवरी में देरी होती है, लेकिन इसे जरूरत से पहले भी नहीं किया जाना चाहिए।



Joint Replacement Surgeon Dr Santosh Kumar With world's latest Navigation System Orthopilot

प्रश्न: गठिया के प्रकार क्या हैं?
डॉ कुमार: अधिकांश गठिया उम्र से संबंधित होते हैं, घिसने के कारण होते हैं, लेकिन विभिन्न विशिष्ट गठिया पूर्ण घुटने को मोड़ने में अधिक समय लगता है, जो कम उम्र में प्रभावित कर सकते हैं जैसे किशोर गठिया, एंकिलॉजिंग स्पॉन्डिलाइटिस, युवा गठिया वाले लोग ज्यादातर हिप गठिया से पीड़ित होते हैं।
प्रश्न: प्रतिस्थापन प्रत्यारोपण की उम्र क्या है?
डॉ. कुमार: बेशक, इसे फिर से किया जा सकता है। प्रतिस्थापन प्रत्यारोपण ज्यादातर सीमेंटेड होते हैं और इनके औसतन 20 से 30 साल तक चलने की उम्मीद की जाती है।
प्रश्न: क्या जॉइंट प्रतिस्थापन सर्जरी दूसरी बार की जा सकती है?
डॉ. कुमार: बेशक हां, इसे फिर से किया जा सकता है और इसे रिवीजन जॉइंट रिप्लेसमेंट कहा जाता है जो पहले या प्राथमिक जॉइंट रिप्लेसमेंट जितना ही सफल होता है।
प्रश्न: सर्जरी के परिणाम को प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक क्या है?
डॉ कुमार: सबसे महत्वपूर्ण सर्जिकल तकनीक, विशेषज्ञता सर्जन व टीम का अनुभव है।
प्रश्न: क्या घुटने के प्रतिस्थापन के बाद हम पालथी मार कर बैठ सकते हैं?
डॉ कुमार: हां, हमारे पास उच्च फ्लेक्सन घुटने के प्रत्यारोपण और बेहतर सर्जिकल तकनीक हैं जो व्यक्ति को बेड, सोफा आदि चीजों पर पालथी मार कर बैठने में सक्षम बनाती हैं लेकिन अगर सर्जरी से पहले घुटना काफी अकड़ा रहा होगा, तो घुटने के पूरे मोड़ को ठीक करने में अधिक समय लगेगा।
प्रश्न: घुटने के प्रतिस्थापन के बाद किन गतिविधियों को करने की अनुमति है?
डॉ कुमार: अधिकांश गतिविधियां जैसे अप्रतिबंधित पैदल चलना, सीढ़ियां चढ़ना, साइकिल चलाना, ड्राइविंग, तैराकी आदि की अनुमति होगी। वहीं रस्सी कूदना, स्काटिंग जैसी उच्च प्रभाव वाली गतिविधियां प्रतिबंधित हैं।
इसे जल्द ही ठीक करने की जरूरत होती है लेकिन कई मामलों में जब उम्र अधिक हो या जब ऑस्टियोपोरोसिस की आशंका हो, तो हमें जॉइंट को बदलने की जरूरत पड़ सकती है जो कि पूर्ण या आंशिक हो सकता है। एक्स्ट्रास्कैपुलर फ्रैक्चर को हमें कील या प्लेट से ठीक करने की जरूरत होती है।
प्रश्न: हिप रिप्लेसमेंट के लिए सबसे अच्छा इम्प्लांट कौन सा है?
डॉ. कुमार: सबसे अच्छा इम्प्लांट नाम की कोई चीज नहीं होती है। परिणाम अच्छे होते हैं और सर्जिकल की सटीकता पर लॉंजिविटी निर्भर करती है। बेहतर गतिशीलता और स्थिरता के लिए हमारे पास बड़े सिर वाले हिप इम्प्लांट हैं। हमारे पास हड्डी के विकास के लिए छिद्रयुक्त लेपित इम्प्लांट हैं जिन्हें अनसीमेंटेड फिक्सेशन के रूप में जाना जाता है। गतिविधियां मुख्य रूप से दो हैं।
प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट की सफलता दर क्या है
डॉ. कुमार: अच्छी तरह से जॉइंट रिप्लेसमेंट के बाद सर्जन और टीम के हाथों में निर्भर करती है जो इसे दैनिक रूप से करते हैं। चूंकि यह परिशुद्धता आधारित सर्जरी है, इसलिए अच्छी परिशुद्धता अच्छे परिणाम देती है।




प्रश्न: फ्रैक्चर नेक फीमर का उपचार क्या है?
डॉ. कुमार: फ्रैक्चर नेक फीमर दो प्रकार का होता है, इंट्राकैप्सुलर और एक्स्ट्रास्कैपुलर। इंट्राकैप्सुलर फ्रैक्चर एक आपात स्थिति है और

Dr. Santosh Kumar Hip & Knee Foundation
Chamber : Plot No 332, Laketown, Block A, Kolkata-700 089
Belle Vue Clinic- Kolkata ● www.mykneemylife.org ● www.facebook.com / Dr.santoshkumar.orthousurgeon
● WhatsApp : 09831911584 ● Email : santdr@gmail.com
● FREE online Consultation Link : bit.ly/consultdrsantosh
Call for Appointment : 9831911584 / 9831266632 ● Experience of Treating 35000+Patients in 18+Years

## वक्फ कानून के कुछ प्रावधानों पर रोक

वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश का केंद्र सरकार और विपक्ष दोनों ने ही स्वागत किया है। एक संवेदनशील संतुलन बनाते हुए न्यायालय ने अधिनियम के कुछ प्रमुख प्रावधानों पर रोक लगा दी है। जिसमें एक वह खंड भी शामिल है, जो यह निर्धारित करता है कि पिछले पांच वर्षों से इस्लाम का पालन करने वाले लोग ही किसी संपत्ति को वक्फ के रूप में समर्पित कर सकते हैं। हालांकि, न्यायालय ने पूरे कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, यह कहते हुए कि 'अनुमान हमेशा किसी कानून की संवैधानिकता के पक्ष में होता है।' बहरहाल, सत्तारूढ़ भाजपा इस बात से राहत महसूस कर रही है कि अब इस अधिनियम को असंवैधानिक घोषित किए जाने का खतरा नहीं है। जबकि कांग्रेस का दावा है कि इस कानून के पीछे विभाजनकारी एजेंडा उजागर हुआ है। दरअसल, सरकार ने अप्रैल में लागू किए इस कानून को देशभर में वक्फ संपत्तियों के प्रशासन के लिये एक 'धर्मनिरपेक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह' व्यवस्था स्थापित करने के उद्देश्य से लागू करने की बात कही थी। निस्संदेह, वक्फ बोर्डों पर वर्षों से लग रहे भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन, अतिक्रमण, संपत्ति की अवैध बिक्री और हस्तांतरण आदि के आक्षेपों को देखते हुए, प्रशासन में सुधार के लिये नियंत्रण और संतुलन स्थापित करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, विपक्ष और कुछ मुस्लिम संगठनों को यह आशंका रही है कि तथाकथित सुधारों का दुरुपयोग वक्फ मामलों में हस्तक्षेप करने और यहां तक कि संपत्तियों को जब्त करने के लिये किया जा सकता है। उनकी दृष्टि में एक विवादास्पद प्रावधान केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने से संबंधित रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसे सदस्यों की संख्या को सीमित करने का प्रयास किया है। कहा गया कि कानून में पर्याप्त सुरक्षा उपाय होने चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों का उल्लंघन न हो सके।

दरअसल, विगत में विपक्ष आशंका जताता रहा है कि यह अधिनियम ध्रुवीकरण को बढ़ावा दे सकता है और सांप्रदायिक सद्भाव के लिये खतरा बन सकता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि न्यायालय का अंतिम आदेश कानून से जुड़ी ऐसी तमाम आशंकाओं का समाधान कर सकेगा। देश के मौजूदा परिदृश्य में सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिये वक्फ की समृद्ध क्षमता का दोहन करने पर राजनीतिक और धार्मिक सहमति बनाने की आवश्यकता है। निस्संदेह, शीर्ष अदालत का फैसला पूरी तरह से तार्किक आधार रखता है, जिसे संतुलन के हस्तक्षेप की संज्ञा दी जा रही है। जिससे मुस्लिम पक्ष की कतिपय आशंकाओं को दूर करने का ही प्रयास हुआ है। निस्संदेह, शीर्ष अदालत द्वारा किए गए संशोधन में संविधान की मूल भावना का ध्यान रखा गया है। इसके अतिरिक्त कोर्ट ने उन प्रावधानों पर भी रोक लगायी है, जो जिलाधिकारी या सरकारी अधिकारी को यह तय करने की शक्ति देते थे कि कोई वक्फ संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं। दरअसल, शीर्ष अदालत का मानना था कि जिलाधिकारी कार्यपालिका का अंग ही होता है। अगर उसे यह शक्ति दी जाती है तो यह शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत के खिलाफ होगा। जिसके मूल में यह सोच रही है कि लोकतंत्र के तीन आधारभूत स्तंभों विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच शक्ति का संतुलन कायम रह सके। जाहिर है कि एक स्तंभ को अधिक शक्तियां मिलने से उसके निरंकुश व्यवहार करने की आशंका बनी रह सकती है। इसके अलावा वक्फ करने के न्यूनतम पांच बरस तक इस्लाम के अनुयायी होने वाले प्रावधान के सत्यापन हेतु राज्य सरकारों से नियम बनाने की जरूरत भी बतायी और तब तक इस प्रावधान पर रोक की बात कही। इस दिशा में राज्य सरकारों को विषय की संवेदनशीलता के मद्देनजर कदम उठाने की जरूरत है। बहरहाल, इस मुद्दे पर विपक्ष व कुछ मुस्लिम संगठनों के विरोध का जो आधार रहा है, उन मुद्दों को संवेदनशील ढंग से संबोधित करने का प्रयास शीर्ष अदालत ने किया है। दरअसल, अदालत ने विधायिका की सीमाओं में हस्तक्षेप किए बिना न्यायिक तार्किकता को प्राथमिकता दी है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 18 सितम्बर, गुरुवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आश्विन कृष्णपक्ष द्वादशी, 23:27 तक, नक्षत्र : पुष्य, 06:30 तक, योग : शिव, 21:32 तक, सूर्योदय: 5:24, सूर्यास्त: 17:39, चन्द्रोदय : 01:58, चन्द्रास्त: 15:34, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कन्या, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 13:01 से 14:31

## राशिफल

**मेष :** कार्यस्थल में अगर कुछ मुश्किलों का सामना कर रहे हैं, तो आपको अपने साथियों और परिवार के सदस्यों का सहयोग प्राप्त हो सकता है। इससे मुश्किल काम भी आसानी से पूरे हो सकते हैं।

**वृष :** कामकाज के सिलसिले में आपका दिन अच्छा रहने वाला है। ऑफिस में आने वाली रुकावटें और समस्याएं सहयोगियों की सहायता से दूर होती जाएंगी। लापरवाही से नुकसान हो सकता है।

**मिथुन :** अगर आपकी कोई कीमती चीज खो गई है तो अब उसके वापस मिलने की संभावना बनी हुई है। आर्थिक मामलों में भी आपको लाभ प्राप्त होगा। दिन खुशियों भरा रहेगा।

**कर्क :** यह दिन आपके लिए कुछ अवसरों और रुकावटों से भरा रह सकता है। अगर नया काम शुरू कर रहे हैं, तो उसमें कुछ बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह :** अगर आप लंबे समय से किसी जमीन-जायदाद के मामले में फंसे हुए थे तो अब उनका समाधान मिल सकता है। नौकरी करने वालों की कमाई बढ़ेगी। दिन सामान्य से बेहतर रहेगा।

**कन्या :** पूरे दिन ऊर्जावान महसूस करेंगे और अपने कार्यों को पूरा करने के मूड में रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके सहयोगी भी रिलैक्स मूड में होंगे और पहले ज्यादा काम करने का मन बना सकते हैं।

**तुला :** समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और आप किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल भी हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में विरोधी परास्त होंगे और सफलता के मार्ग पर आगे बढ़ते जाएंगे।

**वृश्चिक :** सामाजिक कार्यों में भाग ले सकते हैं, जिसके जरिए आपके कुछ उद्देश्य भी पूरे हो सकते हैं। ऑफिस का माहौल कामकाज के मामले में अच्छा बना रहेगा।

**धनु :** यह दिन आपके लिए मिश्रित फलदायक रहने वाला है। ऑफिस के माहौल में आपके लिए काम करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। व्यापार के मामले में मिले-जुले परिणाम प्राप्त होंगे।

**मकर :** कार्यक्षेत्र में मेहनत भरा दिन रहेगा। आपको अपने प्रोजेक्ट में सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत और प्रयास करने होंगे। इससे बेहतर परिणाम जरूर मिलेंगे।

**कुम्भ :** दिन की शुरुआत में आप किसी बात को लेकर थोड़े बेचैन रह सकते हैं। ऐसे में कोई भी फैसला जल्दबाजी में लेने से बचें, अन्यथा नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**मीन :** व्यापार के मामले में आप दोस्तों के सपोर्ट से किसी बड़े प्रोजेक्ट को फाइनल कर सकते हैं। जिससे मन प्रसन्न रहेगा। लेकिन लेन-देन के समय किसी भी प्रकार का तनाव न लें।

# हिमाचल प्रदेश से नरेन्द्र मोदी का अटूट रिश्ता



प्रेम कुमार धूमल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीवन यात्रा – एक समर्पित कार्यकर्ता से लेकर देश के सर्वोच्च नेतृत्व तक – भारत के विभिन्न अंचलों से उनके गहरे जुड़ाव की कहानी है। इन जुड़ावों में से एक विशेष व्यक्तिगत, राजनीतिक और आध्यात्मिक संबंध हिमाचल प्रदेश से रहा है। देवभूमि, वीरभूमि और अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य की धरती। देश की बागडोर संभालने से बहुत पहले ही, नरेन्द्र मोदी ने हिमाचल की पवित्र वादियों पर अपनी छाप छोड़ दी थी।

मोदी का हिमाचल से औपचारिक जुड़ाव वर्ष 1994 में हुआ, जब उन्हें भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया। नियुक्ति से पहले भी उनकी हिमाचल यात्राएँ आध्यात्मिक साधना और स्थानीय संस्कृति से गहरे संपर्क का माध्यम रही थीं। वे शिमला के जाखू और संकटमोचन मंदिरों में अक्सर जाया करते थे और मार्ग में बंदरों को खिलाने के लिए चना और गुड़ अपने साथ रखते थे – यह उनके जीवों एवं प्रकृति के प्रति करुणा भाव का परिचायक था।

1998 का विधान सभा चुनाव नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं हिमाचल से उनके जमीनी जुड़ाव का परिचायक रहा। उस दौर में न सोशल मीडिया था और न आधुनिक प्रचार साधन, फिर भी उन्होंने कहीं यात्राएँ निकालीं और जनसंपर्क के अभिनव तरीके खोज निकाले एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह जगाया। साथ ही स्थानीय संस्कृति को सम्मान देते हुए अनोखे स्वागत द्वार बनवाए। चंबा में उनकी ही पहल पर बना 'गद्दी शॉल गेट' न सिर्फ स्थानीय गौरव का प्रतीक बना, बल्कि भाजपा का संदेश सीधे जनता के दिल तक पहुँचाने का प्रभावी माध्यम सिद्ध हुआ।

हिमाचल से नरेन्द्र मोदी का जुड़ाव केवल संगठन और राजनीति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यहाँ की प्रकृति और लोगों से उनका गहरा आत्मीय संबंध भी समय-समय पर सामने आया है। नरेन्द्र मोदी अकसर हिमाचल प्रदेश में बिजली महादेव के दर्शन करने को जाते थे, जो वहाँ के स्थानीय देवता हैं। मार्ग में वह ग्रामीणों से सहजता से बातचीत करते और उनके अनुभवों व परिस्थितियों को समझने में रुचि दिखाते थे। मंदिर पहुँचने के बाद मोदी न केवल दर्शन करते, बल्कि आसपास के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद भी लिया करते थे।

उन्होंने हिमाचल भाजपा संगठन को मजबूती और नई ऊर्जा देने में अहम भूमिका निभाई। कार्यकर्ताओं को राजनीति में अधिक अनुशासित, संगठित और गंभीर बनाने का श्रेय भी उन्हें जाता है। पुराने कार्यकर्ता याद करते हैं कि प्रभारी के रूप में उन्होंने सबसे पहले प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक, जो पहले आधे दिन की औपचारिक प्रक्रिया हुआ करती थी, उसे दो दिन की आवासीय पद्धति में बदल दिया। यही कदम संगठन को सशक्त करने की मजबूत नींव बना। उन्होंने हिमाचल के भाजपा संगठन को मजबूत बनाने और उसमें नई ऊर्जा का संचार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कार्यकर्ताओं को राजनीति में अधिक व्यवस्थित और गंभीर दृष्टिकोण अपनाने के लिए तैयार किया। एक वरिष्ठ कार्यकर्ता स्मरण करते हैं कि प्रभारी के रूप में आते ही उन्होंने प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक, जो पहले केवल आधे दिन की औपचारिकता होती थी, उसे दो दिन का आवासीय कार्यक्रम बनाकर संगठन को मजबूत करने की ठोस नींव रखी।

उन्होंने हिमाचल संगठन में कार्यकर्ताओं से सहयोग लेकर कार्य करने की परंपरा की शुरुआत की, जिसका जीवंत उदाहरण शिमला का कार्यालय 'दीपकमल' है। इसका निर्माण और उद्घाटन उनके प्रभार काल में हुआ, जिसमें उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनकी माता जी उनको खर्च करने के लिये जो पैसे देती थी, प्रदेश कार्यालय निर्माण के लिये उन्होंने वो पैसे पार्टी को दे दिये जिसके कारण अन्य कार्यकर्ता भी योगदान देने के लिये प्रेरित हुये। उन्होंने न केवल कार्यालय के निर्माण में मार्गदर्शन और सहयोग दिया, बल्कि हिमाचल के कार्यकर्ताओं को इसे कंप्यूटर के उपयोग के साथ आधुनिक स्वरूप देने के लिए भी प्रेरित और प्रशिक्षित किया।

जब 1998 में हिमाचल विधानसभा समय से पहले भंग हुई, तब मोदी की राजनीतिक सूझबूझ ने सबको चकित कर दिया। उन्होंने भाजपा और हिमाचल विकास कांग्रेस (एच-वीसी) के बीच गठबंधन कराया, निर्दलीय विधायक का समर्थन सुनिश्चित किया और यहाँ तक कि कांग्रेस नेता ठाकुर गुलाब सिंह को स्पीकर पद के चुनाव में उतरने के लिए तैयार कर लिया। इसके परिणामस्वरूप कांग्रेस की संख्या घटी और प्रेम कुमार धूमल के नेतृत्व में भाजपा-एचवीसी सरकार का गठन संभव हो सका। यह उनके अद्वितीय रणनीतिक कौशल का प्रमाण था।

हिमाचल से उनका संबंध केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहा। यहाँ से मिली सीख को उन्होंने आगे भी लागू किया। सोलन की मशरूम खेती को उन्होंने बाद में गुजरात में प्रोत्साहन दिया। विश्वविद्यालयों में रक्षा और सामरिक अध्ययन शुरू करने का सुझाव दिया, ताकि हिमाचल की सैनिक परंपरा को शैक्षिक आधार मिले। नरेन्द्र मोदी ने पैराग्लाइडिंग करना भी हिमाचल प्रदेश से ही सीखा। राजनीति से परे, मोदी सदैव हिमाचल को 'देवभूमि' मानते रहे। वे पहाड़ी मंदिरों में पेड़ों के नीचे बैठकर लंबे समय तक ध्यान साधना करते थे। प्रकृति और ईश्वर के प्रति उनकी गहरी आस्था उनके जीवन और कार्यशैली दोनों में झलकती थी। वे हिमाचली भोजन के विशेष शौक़ीन हैं – मंडी की सेपू बड़ी, चंबा का मधरा और कांगड़ा की धाम उनकी पसंदीदा व्यंजनों में गिने जाते हैं। स्थानीय संस्कृति के प्रति यह आत्मीयता उन्हें हिमाचलवासियों के और करीब लाती है।

उनकी स्मरण शक्ति भी इस जुड़ाव को और विशेष बनाती है-वर्षों पुराने कार्यकर्ताओं और पत्रकारों को वे आज भी नाम लेकर पहचानते हैं। 2017 में शिमला के एक कार्यक्रम में उन्होंने मंच से कई पुराने साथियों को नाम लेकर संबोधित किया और कार्यक्रम के बाद इंडियन कॉफी हाउस पहुँचकर वहाँ की कॉफी का आनंद लिया, जिसका जिक्र उन्होंने अपने संबोधन में भी किया था। 2019 के लोकसभा चुनाव अभियान के दौरान सोलन में उन्होंने मंच से पुराने दिनों को याद करते हुए मनोहर जी के चनों का भी उल्लेख किया। ऐसे प्रसंग यह दर्शाते हैं कि हिमाचल से नरेन्द्र मोदी का रिश्ता केवल कर्तव्य तक सीमित नहीं, बल्कि उनकी स्मृतियों, रुचियों और जीवन के अनुभवों का हिस्सा है-और इस रिश्ते के और भी पहलू समय-समय पर सामने आते रहते हैं।

आज प्रधानमंत्री के रूप में वे हिमाचल को विशेष प्राथमिकता देते हैं-चाहे वह रो-हतांग टनल का निर्माण हो या पर्यटन एवं आधारभूत ढाँचे का सुदृढ़ीकरण। हिमाचल ने नरेन्द्र मोदी को अपनेपन, विश्वास और सीख दी, और बदले में मोदी ने हिमाचल को नई ऊर्जा, विकास और गौरव की पहचान दी। यही रिश्ता इस अनोखे अध्याय को पूर्णता भी देता है और भविष्य के लिए संभावनाओं का द्वार भी खोलता है।

# यूपी/बिहार/झारखंड

## विश्वकर्मा पूजा पर बिहार सरकार ने 16.4 लाख श्रमिकों के खातों में 802 करोड़ रुपये अंतरित किए

**पटना :** बिहार सरकार ने बुधवार को विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर राज्य के 16.4 लाख पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बैंक खातों में करीब 802 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की। राज्य सरकार ने इस अवसर पर 'मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना' के वेब पोर्टल की शुरूआत की। संयोग से आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन भी है। मोदी बुधवार को 75 साल के हो गये। बिहार में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने आधिकारिक आवास 1, अणे मार्ग में आयोजित एक समारोह में करीब 802.46 करोड़ रुपये की राशि को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 16.4 लाख श्रमिकों के खातों में भेजा।

## बलिया में दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में पुलिसकर्मी की मौत

**बलिया (उप्र) :** बलिया के रसड़ा कोतवाली क्षेत्र में दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। रसड़ा क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक आलोक गुप्ता ने बताया कि उनके कार्यालय में कार्यरत आरक्षी राहुल कुमार यादव (28) मंगलवार रात करीब साढ़े 10 बजे कहीं जा रहे थे तभी रसड़ा रेलवे फाटक के पास उनकी मोटरसाइकिल की टक्कर सामने से आ रही अन्य मोटरसाइकिल से हो गई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में राहुल गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें तुरंत स्थानीय सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आजमगढ़ जनपद के मूल निवासी राहुल कुमार यादव वर्ष 2018 में उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी पद पर नियुक्त हुए थे।

## प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिन पर आदित्यनाथ ने लखनऊ से की सेवा पखवाड़ा 2025 की शुरुआत

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दुनिया के सबसे दूरदर्शी और लोकप्रिय नेताओं में से एक बताते हुए बुधवार को कहा कि उनके नेतृत्व में भारत एक ऐसे राष्ट्र में तब्दील हो गया है जो अन्य देशों को प्रेरित करता है। आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर लखनऊ से सेवा पखवाड़ा 2025 की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने मोदी की प्रशंसा करते हुए उन्हें 25 करोड़ प्रदेशवासियों की ओर से जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने प्रेस से बात करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक चलेगा जिसमें समाज को जोड़ने वाले विविध रचनात्मक कार्य शामिल होंगे। आदित्यनाथ ने कहा, यह हम




सबका सौभाग्य है कि सेवा पखवाड़े की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी केवल भारत के ही नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे दूरदर्शी और लोकप्रिय नेता हैं। आज पूरी दुनिया प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन कर रही है। जो भारत कभी पिछलग्गू माना जाता था, लेकिन आज अपने आत्मविश्वास से दुनिया को प्रेरित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने मोदी के नेतृत्व में हासिल उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलताएं हासिल की हैं।

## सरकारी मदद के अभाव में झारखंड के ग्रामीणों ने स्वयं ही सड़क की मरम्मत की

**खूंटी :** झारखंड के खूंटी जिले के चकोमदा में गड्ढों को भरने और एक कच्ची सड़क को वाहन के चलने योग्य बनाने के लिए कथित तौर पर कोई सरकारी मदद नहीं मिलता देख लगभग 40 ग्रामीणों ने इसके लिए श्रमदान किया। एक स्थानीय पंचायत पदाधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बिंदा पंचायत के मुखिया डिक्सन पूर्ति ने कहा कि ग्रामीण वर्षों से पक्की सड़क के निर्माण की मांग कर रहे हैं और उन्होंने चकोमदा, बुंडू ममैल, बल्गी और अन्य निकटवर्ती गांवों को खूंटी-चाईबासा मुख्य सड़क से जोड़ने वाली पांच किलोमीटर लंबी सड़क के लिए स्थानीय विधायकों और जिला प्रशासन से संपर्क किया था। पूर्ति ने दावा किया, ''हालांकि, जब जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो ग्रामीणों ने श्रमदान किया, ताकि कम से कम बड़े गड्ढों को भरकर सड़क को वाहनों के चलने योग्य बनाया जा सके और स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति एवं स्कूल जाने वाले छात्रों को होने वाली दिक्कत से बचाया जा सके।'' चकोमदा गांव के मुखिया अनसलेन सोय ने बताया कि गांव वाले आमतौर पर हर साल मानसून आने से पहले इस तरह के सामुदायिक प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा, ''इस बार बारिश उम्मीद से पहले आ गई। पानी और कीचड़ से भरे गड्ढों ने आवागमन को मुश्किल बना दिया।'' सोय ने कहा, ''हालांकि, लगभग 40 ग्रामीणों ने पत्थर आदि डालकर गड्ढों को भरना शुरू कर दिया है।'' पूर्ति ने बताया कि खूंटी विधायक राम सूर्य मुंडा ने गांव को जोड़ने वाली सड़क के निर्माण के लिए राज्य ग्रामीण विकास विभाग को एक पत्र लिखा है।



वाराणसी में मां गंगा का दुग्धाभिषेक कर मोदी के दीर्घायु होने की कामना

## बिहार के मुजफ्फरपुर में 100 करोड़ रुपये की लागत रेडियोथेरेपी केंद्र विकसित किया गया

**पटना :** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में फार्मा कंपनी एल्केम लैबोरेटरीज द्वारा एक रेडियोथेरेपी केंद्र विकसित किया गया है जिसकी लागत करीब 100 करोड़ रुपये है। यह केंद्र उस कैंसर अस्पताल से जुड़ा है, जिसका प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में उद्घाटन किया था। 'सम्प्रदा सिंह मेमोरियल रेडियोथेरेपी सेंटर' नामक यह केंद्र फार्मा कंपनी अल्केम लेबोरेटरीज़ द्वारा स्थापित किया गया है। इसका नाम कंपनी के दिवंगत संस्थापक सम्प्रदा सिंह के नाम पर रखा गया है, जो बिहार के रहने वाले थे। बयान के अनुसार, यह केंद्र हर वर्ष 3,500 से 4,000 कैंसर मरीजों का उपचार करने में सक्षम है। यह होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (एचबीसीएचआरसी) का हिस्सा है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले माह किया था। अल्केम लेबोरेटरीज़ की कार्यकारी निदेशक मधुरिमा सिंह ने कहा, अल्केम की जड़ें बिहार में हैं और यह हमारे लिए बेहद महत्व रखता है कि हम इस क्षेत्र को कुछ वापस दे सकें। हर वर्ष कैंसर के मामलों में वृद्धि हो रही है, ऐसे में घर के पास विश्वस्तरीय सुविधाओं की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है।

## केंद्रीय मंत्री पुरी ने प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिन पर जागृति यात्रा को हरी झंडी दिखाई

**पटना :** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और उनकी पत्नी लक्ष्मी पुरी ने बुधवार को पटना साहिब स्थित तख्त श्री हरिमंदिर जी में मत्था टेका। उन्होंने श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज की 350वीं शहीदी शताब्दी के उपलक्ष्य में पटना साहिब स्थित गुरुद्वारा गुरु का बाग से 'जागृति यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यात्रा का उद्देश्य गुरु तेग बहादुर जी के सर्वोच्च बलिदान और शाश्वत शिक्षाओं के बारे में जागरूकता फैलाना है। पुरी ने पटना साहिब स्थित तख्त श्री हरिमंदिर जी की अपनी यात्रा की तस्वीरें साझा करते हुए 'एक्स' पर कहा, लक्ष्मी और मुझे बुधवार को पटना साहिब स्थित तख्त श्री हरिमंदिर जी में आशीर्वाद लेने और मत्था टेकने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

## बलिया में सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक को मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने मारी गोली, मौत

**बलिया (उत्तर प्रदेश) :** बलिया जिले में मोटरसाइकिल सवार तीन बदमाशों ने सरकारी विद्यालय से अपने घर लौट रहे प्रधानाध्यापक को कथित तौर पर गोली मार दी जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस घटना में एक सहायक शिक्षिका भी घायल हो गई। उसके अनुसार, जिले के उभांव थाना क्षेत्र के बिल्थरारोड कस्बे के यादव नगर निवासी देवेंद्र यादव (57) मंगलवार को देवरिया जिले के सरकारी कंपोजिट विद्यालय में आयोजित एक संकुल बैठक में शामिल होने के बाद उसी स्कूल की सहायक अध्यापिका कंचन सिंह के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। तभी साहुनपुर गांव के समीप मोटरसाइकिल सवार तीन अपराधियों ने उनकी सोने की चेन छीन ली। पुलिस ने बताया कि विरोध करने पर अपराधियों ने देवेंद्र यादव को गोली मार दी।

## वर्ग पहेली नं. 3211

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| | ■ | | ■ | 7 | | 8 | | ■ | |
| 9 | 10 | | ■ | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | ■ | 13 | ■ | 14 | ■ | 15 | | ■ |
| ■ | 16 | 17 | | | | 18 | ■ | 19 | 20 |
| 21 | ■ | | ■ | ■ | 22 | | ■ | 23 | |
| 24 | | | ■ | 25 | ■ | 26 | 27 | ■ | |
| | ■ | 28 | 29 | | 30 | ■ | 31 | 32 | |
| 33 | | ■ | | ■ | 34 | | | | ■ |

*बायें से दायें:-* 2) अगणित, 5) ज्ञात, 7) यज्ञकर्ता, 9) तराजू का पल्ला, 11) सहारा *(बूढ़े का)*, 12) डोरा, 15) अहंकार, 16) ओहदे-दार, 19) ईश्वर, 22) सत्य, 23) क़ीमत, 24) वार, 26) सूँघने की इंद्रिय 28) कहा-सुनी; झगड़ा, 31) लुब्ध होना, 33) ताज़ा, 34) मामूली.

*ऊपर से नीचे:-* 1) स्थानचिन्ह; संदर्भ, 2) पियक्कड़, 3) पीहर, 4) धूल, 5) इज़्ज़त, 6) एक भाषा, 8) परिमाण; संख्या, 10) बागडोर, 11) लाभकारक, 13) विशेष, 14) निश्चिंत, 17) घृणा, 18) बनावट, 20) छिड़कना, 21) गौणकोटीय, 25) बुकनी 27) शरीर का मध्यभाग, 29) क्या पता कहाँ, 30) शोरबा *(तरकारी का)*, 32) युद्ध.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| औ | टा | ना | ■ | भो | र | ■ | बे | रु | ख़ी |
| र | ■ | ना | ग | ■ | त | बी | अ | त | ■ |
| त | ह | ■ | त | रा | ना | ■ | क | बा | ब |
| ■ | रा | धि | का | ■ | र | सा | ल | ■ | रा |
| का | म | ■ | ल | त | ■ | ख़ा | ■ | स | ब |
| ■ | ख़ो | ल | ■ | र | ■ | ■ | पि | त | र |
| भा | री | ■ | म | ह | क | मा | ■ | ल | ■ |
| र | ■ | न | र्म | दा | ■ | त | र | ज | ना |
| त | मा | शा | ■ | र | ह | म | ■ | ■ | श |

## सुडोकू-पहेली-3168

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | | | | | 2 | |
| | | | | | | | | 6 |
| 1 | | | | | 6 | | 3 | 5 |
| | | | | | | 5 | | 7 |
| | | | 9 | 7 | 5 | | | |
| | 8 | | 3 | | | | | |
| | 7 | | | 6 | | | 8 | |
| 3 | | | | | 4 | 6 | | |
| | | 5 | | | | | | 9 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3167 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 3 | 6 | 7 | 4 | 8 | 2 | 9 |
| 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 9 | 1 | 6 | 3 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 8 | 3 | 5 | 4 | 7 |
| 5 | 8 | 9 | 4 | 3 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 1 | 4 | 2 | 6 | 5 | 3 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 2 | 8 | 9 | 7 | 4 | 5 | 1 |
| 9 | 4 | 7 | 3 | 1 | 2 | 6 | 8 | 5 |
| 8 | 2 | 1 | 9 | 5 | 6 | 7 | 3 | 4 |
| 6 | 3 | 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 1 | 2 |

# 'अगर पुलिस ही पैसा मांगेंगे तो आम लोग किस पर भरोसा करेंगे?'

❑ **महिला पुलिस अधिकारी पर रिश्वतखोरी का आरोप, हाई कोर्ट ने उठाए सख्त सवाल**

**कोलकाता/हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले के तारकेश्वर थाने की एक महिला पुलिस अधिकारी पर रिश्वत मांगने का गंभीर आरोप सामने आया है। इस मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट में दाखिल रिपोर्ट ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। राज्य सरकार ने हाई कोर्ट में जांच रिपोर्ट जमा की है। रिपोर्ट में स्वीकार किया गया है कि संबंधित महिला अधिकारी ने वाकई रिश्वत की मांग की थी। हालांकि, सरकारी वकील का कहना है कि अधिकारी ने रिश्वत



ली नहीं थी। इस कारण उन्हें सिर्फ चेतावनी दी गई है और विभागीय कार्रवाई शुरू की गई है। मंगलवार को हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान रिपोर्ट देखने के बाद न्यायमूर्ति ने सवाल उठाया कि सिर्फ विभागीय कार्रवाई क्यों? बर्खास्तगी क्यों नहीं? जब कोई पुलिस अधिकारी पैसे मांगता है, तो जनता पुलिस पर भरोसा कैसे करेगी? यह सरकार की क्या नीति है कि पुलिस पैसे मांगे और नौकरी बरकरार रहे? अदालत ने इस मामले में पुलिस को 19 सितंबर को नई रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। शिकायतकर्ता बिल्टू हाजरा नामक एक इंजीनियर हैं। बुधवार को उन्होंने बताया कि उनका अपने पड़ोसी के साथ विवाद हुआ था। उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। उल्टे पड़ोसी ने उनके खिलाफ महिला संबंधी मामला दर्ज कराया। इसके बाद, जांच अधिकारी ने कथित तौर पर फोन पर भारी रकम रिश्वत के रूप में मांगी। बिल्टू हाजरा ने वह बातचीत रिकॉर्ड कर ली और फिर हाई कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया। पहले जस्टिस तीर्थंकर घोष की सिंगल बेंच ने मामले में एक आदेश दिया था, लेकिन उससे असंतुष्ट होकर उन्होंने डिवीजन बेंच में मामला दायर किया।

# बैरकपुर बीएलओ प्रशिक्षण में मतदाता-डेटा मिलान की गड़बड़ी, प्रशिक्षण बाधित

**कोलकाता, समाज्ञा**

चुनाव आयोग द्वारा बुधवार को बैरकपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत भाटपाड़ा नगरपालिका में आयोजित ब्लॉक-लेवल ऑफिसर प्रशिक्षण के दौरान मतदाता सूचियों के मिलान में गंभीर विसंगतियां सामने आई है। 2025 की मतदाता सूची को 2002 के रिकॉर्ड से मिलाते समय तकनीकी व दस्ता-वेजी असंगतियों के कारण प्रशिक्षण प्रभावित हुआ और सत्यापन प्रक्रिया में भी बाधा पहुंची। प्रशिक्षण में भाग ले रहे अधिकारियों ने बताया कि 2025 और 2002 की दी गई सूचियां आपस में मेल नहीं खा रही थीं। दरअसल, दोनों सूचियां अलग-अलग हिस्सों की थीं। 2025 की सूची किसी एक अंश से संबंधित थी, जबकि 2002 की सूची किसी अन्य अंश की थी। प्रारंभ में यह गड़बड़ी समझ नहीं आई, लेकिन कुछ घंटे बाद स्पष्ट हो गया कि दोनों रिकॉर्ड एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। इसके अलावा, कुछ अधिकारियों को अलग-अलग वर्जन की कागजी प्रतियां और प्रिंटआउट दिए गए, जिससे भ्रम और अतिरिक्त कार्यभार बढ़ गया। इस दिन, प्रशिक्षण के दौरान चुनाव कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि तकनीकी टीम को डेटा समेकन और त्रुटि जांच के निर्देश दिए गए है। हम फील्ड स्तर पर सत्यापन बढ़ाएंगे और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त प्रशिक्षण सत्र आयोजित करेंगे, ताकि अंतिम मतदाता सूची शुद्ध और भरोसेमंद बनी रहे।

# बंगाल में उद्योगों और ममता सरकार के बीच तकरार, हाई कोर्ट पहुंची ग्रासिम-अल्ट्राटेक व डालमिया

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में एक बार फिर उद्योगों और ममता बनर्जी सरकार के बीच टकराव गहरा गया है। राज्य सरकार ने हाल ही में एक ऐसा कानून पारित किया है जो उद्योगों को मिलने वाले सभी प्रकार के प्रोत्साहन और छूट को समाप्त करता है। इस फैसले के खिलाफ कई कंपनियों ने कलकत्ता हाई कोर्ट में अपील की है। अल्ट्राटेक, ग्रासिम और डालमिया जैसी बड़ी कंपनियों ने ममता सरकार के फैसले को चुनौती दी है। कंपनियों का कहना है कि यह कानून पूरी तरह असंवैधानिक है। उनका आरोप है कि सरकार ने न केवल प्रोत्साहन योजनाओं को खत्म किया है, बल्कि इसे 32 साल पहले से रेट्रोस्पेक्टिव तरीके से लागू कर रही है। यानी 1993 से अब तक कंपनियों को मिली छूट और प्रोत्साहन राशि वापस करनी होगी।

बता दें कि राज्य सरकार ने 2 अप्रैल को इस कानून को नोटिफाई किया था। यह एक्ट कंपनियों को मिलने वाले सभी प्रकार के प्रोत्साहन, सब्सिडी, टैक्स में छूट, बिजली या भूमि अधिग्रहण पर रियायत आदि को समाप्त करता है। साथ ही, 1993 से अब तक मिले लाभ को भी वापस लौटाने का प्रावधान है। अल्ट्राटेक सीमेंट, इलेक्ट्रोस्टील कास्टिंग, ग्रासिम इंडस्ट्रीज, नुवोको विस्तास और डालमिया सीमेंट सहित कई कंपनियों ने इस कानून को चुनौती देते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट में अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं। हाई कोर्ट इन सभी याचिकाओं पर 7 नवंबर को सुनवाई करेगा।

# भत्ते में नहीं होगी वृद्धि, मेयर ने किया स्पष्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम के स्वास्थ्य कर्मियों के एक वर्ग ने मेयर फिरहाद हकीम का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया था। उनका कहना था कि पूजा के दौरान उनका काम दोगुना हो जाता है। हालांकि, दैनिक भत्ता 500 रुपये से घटाकर 100 रुपये कर दिया गया है। मेयर ने गत मंगलवार को इस मामले पर चर्चा करने का आश्वासन दिया था। हालांकि, बुधवार को, मेयर ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों की मांगों का सम्मान नहीं किया जा रहा है। दूसरे शब्दों में, मेयर ने पूजा के दौरान काम करने के लिए मांगे गए बढ़े हुए भत्ते को अस्वीकार कर दिया है। उधर, यह खबर मिलते ही स्वास्थ्य कर्मी भड़क गए। नगर निगम सूत्रों के अनुसार, मेयर ने बैठक में बताया कि उनका वेतन राष्ट्रीय



स्वास्थ्य मिशन के एसओपी के अनुसार है। साथ ही, अतिरिक्त काम के लिए बढ़ा हुआ भत्ता दिया जाता है। लेकिन जो राशि कम की गई है वह विशिष्ट नियमों के अनुसार की गई है। इसलिए, बढ़ा हुआ भत्ता वापस लाना संभव नहीं है। हालांकि, स्वास्थ्य कर्मियों के गुस्से के बावजूद, वे पूजा के दौरान आपातकालीन सेवाएं बंद नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी मांगों को हासिल करने के लिए विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

## चुनाव आयोग ने डीएम को राज्य के प्रवासी श्रमिकों की सूची तैयार करने के दिए आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य चुनाव कार्यालय (सीईओ) की ओर से राज्य के प्रवासी श्रमिकों के लिए विशेष योजना है। जिलाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के विशेष निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी प्रवासी श्रमिक का नाम मतदाता सूची से न छूटे। सीईओ कार्यालय ने उन्हें विभिन्न जिलों में कितने प्रवासी श्रमिक हैं, इसकी सूची तैयार करने को कहा है। बूथों पर बैठक कर जिलाधिकारियों से जानकारी मांगी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया है कि अगर किसी का नाम किसी दूसरे राज्य की मतदाता सूची में है, लेकिन वे वहां से अपना नाम हटवाकर इस राज्य में नाम जुड़वाना चाहते हैं, तो जिलाधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने होंगे। आयोग के सूत्रों के अनुसार, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) लागू होने के बाद भी, यदि आवश्यक हुआ तो क्यूआर कोड का उपयोग करके उनके नाम सूची में जोड़े जाएंगे।

## पूजा की भीड़ में खोने पर करें लालबाजार से संपर्क, हेल्पलाइन नंबर जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** हर साल पूजा के दिनों में किसी न किसी मंडप से कोई न कोई लापता हो जाता है। अपनों को ढूंढ़ने के लिए रिश्तेदारों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। इस बार, पुलिस ने इस समस्या के समाधान के लिए अतिरिक्त कदम उठाए हैं। इस बार, किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत मदद के लिए कई हेल्पलाइन नंबर शुरू किए गए हैं। ये नंबर मुख्य रूप से पूजा के दिनों में ही चालू रहेंगे। कोलकाता पुलिस ने बताया है कि उनका मुख्य हेल्पलाइन नंबर 9163737373 होगा। इसके अलावा, लालबाजार कंट्रोल रूम से भी सीधे संपर्क किया जा सकता है। ये नंबर हैं - 100, 033-2250-5090, 033-2214-3230। इसके अलावा, अगर कोई लापता हो जाता है, तो लालबाजार के 'मिसिंग पर्सन स्क्वॉड' से संपर्क किया जा सकता है। इनके नंबर हैं - 033-2250-5153, 033-2214-1835। इसके अलावा, दक्षिण 24 परगना के जिला बाल संरक्षण अधिकारी के हेल्पलाइन नंबर 1098 पर भी सहायता प्राप्त की जा सकती है। पुलिस ने अनुरोध किया है कि जो भी लापता हो, खासकर कोई बच्चा या बुजुर्ग, तुरंत इस नंबर पर कॉल करें। यह हेल्पलाइन नंबर 27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक, यानी पंचमी से नवमी तक प्रभावी रहेगा।

# कोलकाता में फर्जी अंतर्राष्ट्रीय कॉल सेंटर रैकेट का भंडाफोड़, 10 गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने एक फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर रैकेट का भंडाफोड़ किया और इस मामले में मुख्य आरोपित सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपितों के पास से 10 लाख रुपये से अधिक नकद, कई मोबाइल फोन और दो कारें बरामद की गई हैं। पुलिस ने इस रैकेट और इसकी कार्यप्रणाली की जांच शुरू कर दी है। मुख्य आरोपित जावेद खान को गिरफ़्तार किया गया है। यह गिरफ़्तारी शहर के विभिन्न इलाकों में स्थित गैंग के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान की गई, जो शिकायतों के आधार पर की गई थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपितों ने कोलकाता के कई स्थानों पर फर्जी कॉल सेंटर स्थापित किए थे, जहां से वे अमेरिकी नागरिकों को कॉल कर खुद को एक अंतरराष्ट्रीय फिनटेक कंपनी का प्रतिनिधि बताते थे। वे लोगों को तकनीकी सहायता या धन हस्तांतरण के झूठे वादों से फंसा लेते थे। पुलिस अधिकारी ने कहा कि कई विदेशी नागरिक इस गैंग के झांसे में आ गए। शिकायत मिलने के बाद हमने जांच शुरू की और मंगलवार की देर रात शहर के विभिन्न स्थानों पर छापे मारे। दो फ्लैटों से 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें मुख्य आरोपित जावेद खान भी शामिल है। पुलिस को आरोपितों के ठिकानों से बड़ी मात्रा



में सोना, 10 मोबाइल फोन, 8 लैपटॉप, एक राउटर और विभिन्न कंपनियों की 10 घड़ियां भी मिली हैं। इसके अलावा, 10 लाख रुपये से अधिक नकद भी बरामद किया गया है। इसके साथ ही पुलिस ने गैंग के वित्तीय लेन-देन से जुड़ी तीन किताबें और दो कारें - एक स्कोडा स्लाविया और एक महिंद्रा एक्सयूवी - भी जब्त की हैं, जो कथित रूप से आरोपियों की हैं। जांचकर्ता यह भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि इस कॉल सेंटर रैकेट से और कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हम यह जांच कर रहे हैं कि क्या इस रैकेट के पीछे कोई बड़ा गैंग है। गिरफ्तार आरोपियों की रिमांड मिलने के बाद और भी जानकारियां सामने आएंगी।

# संकरी गलियों और वहां की कोलाहल जीवन को उकेरेगी मानिकतला चलताबागान लोहापट्टी दुर्गा पूजा समिति

**अरुण गुप्ता**

❑ **स्थान : मानिकतला**
❑ **अध्यक्ष : श्रींजय बोस, महासचिव : श्रमिक कुमार साहा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत वर्ष में हर एक त्योहार को बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया जाता है। भारत में हर एक पूजा की अपनी एक महत्ता होती है। इसी क्रम में, दुर्गा पूजा पश्चिम बंगाल का सबसे बड़ा व विख्यात त्योहारों में से एक माना जाता है। दुर्गा पूजा, शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का पर्व है, जिसे पूरे राज्य में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। महानगर समेत राज्य भर में पूजा को लेकर समितियों में प्रतिस्पर्धा लगी होती है। आगामी कुछ दिनों में पूजा का शुभारंभ होने जा रहा है और पूजा को लेकर लोगों में एक अलग सा उत्साह देखने को मिलता है। हर एक पूजा समिति विभिन्न विषयों व मुद्दों पर पंडाल सज्जा व लाइटिंग व अन्य सभी चीजों पर लोगों को आकर्षित करने के लिए विशेष जोर देते है।

❑ **परिचय**

मानिकतला चलताबागान लोहापट्टी दुर्गा पूजा समिति उत्तर कोलकाता के बेहतरीन पूजा पंडालों में शुमार है। यह समिति प्रत्येक वर्ष बड़े पैमाने में पूजा आयोजित करती है, जहां प्रत्येक वर्ष कुछ नया और कुछ अलग देखने को मिलता है। यहां भारी संख्या में आगंतुकों की भीड़ देखी जाती है। इस भारी भीड़ को संभालने के लिए स्वयंसेवक एवं पुलिस कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

❑ **पूजा का विवरण**

मानिकतला चलताबागान लोहापट्टी दुर्गा पूजा समिति का यह 83वां वर्ष पूजा है। पंडाल और आकर्षक मूर्ति की स्थापना की गई। इस बार, पूजा का बजट 35 लाख



रुपये बताया गया है। पूजा का उद्घाटन द्वितीया के दिन किया जाएगा। इसी दिन, आगंतुकों के लिए पूजा पंडाल का द्वार खोल दिया जाएगा।

❑ **पंडाल सज्जा व मूर्ति डिजाइन**

मानिकतला चलताबागान लोहापट्टी दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का डिजाइन अदिति चक्रवर्ती और मूर्ति का डिजाइन चिंता ने किया है।

❑ **पूजा थीम व विशेष प्रस्तुति**

अस्तित्व के गलीपथ में एक अंतः स्वर श्यामबाज़ार से शोभाबाज़ार तक इस क्षेत्र की संकरी गलियां केवल भौगोलिक परिभाषा तक सीमित नहीं हैं। ये शहर की नसें और शिराएं हैं, जहां शोरगुल के बीच छिपा रहता है जीवन का एक भीतरी संगीत। यहां की हर ईंट, हर धूल से ढका झा-लरदार कोना स्मृतियों का वाहक है। पुराने झरोखों की दरारों में कबूतरों के घोंसले, पंखे की थकी हुई घरघराहट, दोपहर की नमी में कपड़े सुखाने की रस्सियों पर बैठी मैना-सब मिलकर समय का एक धुंधला स्थिर-चित्र बना देते हैं। इसी दृश्य में बरामदों पर खड़ी काकियों की आवाज़ गूंज उठती है- अरे, चावल फिर से गल गया। - एक ऐसा घरेलू मोन, जहां समय अचानक ठहर जाता है और हमें बहुत पुराना कर देता है। इस शहर को पढ़ने के लिए चाहिए धैर्य, चाहिए संवेदना, चाहिए वह दृष्टि जो केवल गगनचुंबी इमारतों के गुम्बद तक नहीं रुकती, बल्कि अंधेरे में रखी पुरानी आलमारी की तहों में, कबूतरों के घोंसले में छिपे इतिहास के टुकड़े तक जाती है। उत्तर कोलकाता, केवल एक स्थान नहीं है-यह एक सामूहिक स्मृति है, एक अनलिखा विरासत का ग्रंथ, जो आज भी हर खामोश पहर में लिखा जा रहा है। और जिसमें छुपा है हमारे अस्तित्व का गहरा मूल।

❑ **सुरक्षा और प्रबंधन**

पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए है। स्थानीय प्रशासन और स्वयंसेवकों की बड़ी टीम भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्था बनाए रखने में प्रस्तुत रहेगी।

**Name Change**

I, Puspa Devi Agarwal, wife of Subodh Kumar Agarwal, residing at Space Town Housing Complex, Block-10, Flat-21, VIP Road, Kolkata, do hereby solemnly affirm and declare that Puspa Devi Agarwal and Pushpa Devi Agarwal is the same and one identical person via affidavit before the Notary Public at Kolkata dated 16th September 2025.

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा प्रणाली के लिए संक्षिप्त निविदा सूचना सं. 02एचडब्ल्यूएचसीओएन॥ ऑफ 2025-26 (निविदा सं. 02एचडब्ल्यूएचसीओएन॥ ऑफ 2025-26), (दो पैकेट प्रणाली में खुली निविदा), दिनांक** 16.09.2025, उप मुख्य अभियंता/निर्माण/II/पूर्व रेलवे/हावड़ा, 371, तेलकल घाट, हावड़ा-711101 के द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए पर्याप्त अनुभव रखने वाले वित्तीय एवं अपेक्षित साधन सम्पन्न ख्यातिप्राप्त ठेकेदारों से ई-निविदा प्रणाली के लिए खुली निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम**: "तारकेश्वर-बिष्णुपुर नई बीजी लाइन परियोजना के संबंध में गोघाट-कामारपुकुर के बीच भाबादिघी में वायाडक्ट नं. 193 (10 x 24.40 मीटर कम्पोजिट गर्डर) का निर्माण"। **अनुमानित मूल्य**: रु. 51,06,49,963.63, **निविदा कागजात का मूल्य**: शून्य। **बयाना राशि** : रु. 27,03,300/-, **समापन अवधि**: 09 (नौ) माह। **खुलने की तिथि**: दिनांक 16.10.2025, निविदा सूचना, कागजात एवं समय-समय पर जारी संशोधनी के साथ अपेक्षित पात्रता मानदंड इत्यादि का विवरण वेबसाइट **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई भी मैनुअल प्रस्ताव यदि प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं सरसरी तौर पर रद्द कर दिया जाएगा।

CON-39/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त निविदा सूचना सं. : ईएल-एएसएन-सीओएन-जीईएनएल-172-2025-एनआईटी, दिनांक** 16.09.2025, उप मुख्य बिजली इंजीनियर (निर्माण), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पश्चिम बर्द्धमान, पिन-713301 द्वारा पर्याप्त अनुभवी एवं यथा वित्तीय सम्पन्न विद्युत ठेकेदारों, पार्टनरशिप फर्मों आदि से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. : ईएल-एएसएन-सीओएन-जीईएनएल-172-2025, कार्य का नाम**: पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल में न्यू अंडाल डीएफसीसी चैनेज 189.992 (अंडाल-किमी 189.65) से प्रधानखुंटा डीएफसीसी चैनेज 261.135 (प्रधानखुंटा-किमी-260.2) तक मल्टी ट्रैकिंग डीएफसीसीआईएल कार्य के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य । **निविदा मूल्य :** रु.8,70,98,620.40, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि :** रु.5,85,500/- **समापन अवधि :** 30 (तीस) माह। **अंतिम तिथि और समय**: दिनांक 09.10.2025 को 15.00 बजे। इस निविदा के लिए ऊपर वर्णित निविदा की अंतिम तिथि और समय पर या उससे पहले ऊपर उल्लिखित "निविदा कागजात की लागत" एवं "बयाना राशि" के ऑनलाइन भुगतान के बाद **www.ireps.gov.in** से निविदा कागजात डाउनलोड किया जा सकता है एवं बोली जमा की जा सकती है। इस निविदा के लिए हर पहलू से संपूर्ण निविदा एवं ऊपर वर्णित सभी कागजात **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किए जाने चाहिए। निविदा के लिए बोली उक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। निविदा कागजात, निविदा सूचना का विवरण, समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण (यदि कोई है) एवं अन्य बुनियादी जानकारी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। यह निविदा सूचना उप मुख्य बिजली इंजीनियर/निर्माण, पश्चिम बर्द्धमान, आसनसोल-713301 के सूचना पट में भी देखी जा सकती है।

CON-38/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**आसनसोल मंडल के तहत नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

**शुद्धिपत्र**

आसनसोल मंडल के तहत बर्द्धमान-आसनसोल अनुभाग के दुर्गापुर में **दिनांक 06.10.2025 से 01.11.2025 तक 27 दिनों** के लिए प्रारम्भिक कार्य, **दिनांक 02.11.2025 से 09.11.2025 तक 08 दिनों** के लिए प्री-प्री नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य, **दिनांक 10.11.2025 से 19.11.2025 तक 10 दिनों** के लिए प्री नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य तथा **दिनांक 20.11.2025 से 23.11.2025 तक 04 दिनों** के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था के संबंध में पूर्व प्रकाशित ऊपर शीर्षांकित विज्ञापन के संदर्भ में, यह उल्लेख किया जाता है कि ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था में निम्नानुसार कुछ संशोधन किए गए हैं:

● **निरस्त ट्रेनें:** निम्नलिखित ट्रेनें निरस्त रहने की पूर्व प्रकाशित तिथियों के स्थान पर अब संबंधित ट्रेनों के समक्ष उल्लेखित तिथियों को निरस्त रहेंगी: (1) **12177** हावड़ा-मथुरा चम्बल एक्सप्रेस: यात्रा आरम्भ होने की तारीख 21.11.2025, (2) **13043** हावड़ा-रक्सौल एक्सप्रेस : यात्रा आरम्भ होने की तारीख 21.11.2025, (3) **15236** दरभंगा-हावड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस : यात्रा आरम्भ होने की तारीख 21.11.2025, (4) **12354** लाल कुआँ-हावड़ा साप्ताहिक सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस : यात्रा आरम्भ होने की तारीख 01.11.2025 एवं 15.11.2025, (5) **63511** बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू: यात्रा आरम्भ होने की तारीख 03.11.2025 एवं 14.11.2025.

चूंकि कोलकाता-पटना-कोलकाता गरीब रथ एक्सप्रेस के मार्ग को आरा तक विस्तारित किया गया है एवं ट्रेन नम्बर में भी बदलाव किया गया है, इसलिए कोलकाता-पटना-कोलकाता गरीब रथ एक्सप्रेस के पूर्व प्रकाशित निरसन को अब निम्नानुसार पढ़ें: **निरस्त रहने वाली ट्रेनें: 12359** कोलकाता-आरा : यात्रा आरम्भ होने की तारीख 20.11.2025 एवं **13127** कोलकाता-आरा: यात्रा आरम्भ होने की तारीख 22.11.2025 एवं **12360** आरा-कोलकाता: यात्रा आरम्भ होने की तारीख 21.11.2025 एवं **13128** आरा-कोलकाता: यात्रा आरम्भ होने की तारीख 23.11.2025. ● **मार्ग परिवर्तन:** नीचे उल्लेखित ट्रेनें पूर्व प्रकाशित मार्ग परिवर्तन के स्थान पर अब निम्नानुसार परिवर्तित मार्ग पर चलेगी: **13046 देवघर-हावड़ा मयूराक्षी एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 03.11.2025, 21.11.2025, 22.11.2025, 23.11.2025 एवं 24.11.2025) खाना-आसनसोल-जसीडीह के स्थान पर परिवर्तित मार्ग **खाना-रामपुरहाट-दुमका-जसीडीह** होकर चलेगी।

● **पुनर्निर्धारण:** नीचे उल्लेखित ट्रेनें पूर्व प्रकाशित पुनर्निर्धारण के स्थान पर अब निम्नानुसार पुनर्निर्धारित की जाएंगी: (1) **22304 गया-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 02.11.2025) **2 घंटे 30 मिनट** के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी, **22304 गया-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 03.11.2025, 04.11.2025, 14.11.2025, 23.11.2025) **1 घंटा 20 मिनट** के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी एवं **22304 गया-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 16.11.2025) **2 घंटे 15 मिनट** के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। (2) **22387 हावड़ा-धनबाद ब्लैक डॉयमण्ड एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 03.11.2025, 04.11.2025 एवं 14.11.2025) **1 घंटा 15 मिनट** के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। यात्रियों से स्टेशन की सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली का अनुसरण करने का अनुरोध किया जाता है। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल**

**पूर्व रेलवे**

**आद्रा मंडल के तहत विज्ञापन और पार्किंग के लिए ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए आद्रा मंडल के कई स्टेशनों के लिए विज्ञापन और पार्किंग अनुबंध हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है: ● **कैटेगरी: विज्ञापन, ऑक्शन कैटलॉग संख्या: एडीवीटी74, लॉट संख्या/कैटेगरी:** एडीवीटी-आद्रा-वीएसयू-ओएच-17-25-2 (विज्ञापन - आउट ऑफ होम), एडीवीटी-आद्रा-सीएनआई-ओएच-5-22-1 (विज्ञापन - आउट ऑफ होम), एडीवीटी-आद्रा-बीकेएससी-ओएसडी-129-25-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर पर (डिजिटल)), एडीवीटी-आद्रा-जेपीएच-ओएसएन-130-25-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर पर (नॉन-डिजिटल)), एडीवीटी-आद्रा-जीबीए-ओएसएन-122-25-2 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर पर (नॉन-डिजिटल)), एडीवीटी-आद्रा-सीजेएन-ओएसएन-131-25-2 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर पर (नॉन-डिजिटल)), **नीलामी शुरू (सभी लॉट) :** 25.09.2025 को 12.00 बजे। **नीलामी समाप्ति की तिथि/समय :** 25.09.2025 को 13.20 बजे। ● **कैटेगरी : पार्किंग, ऑक्शन कैटलॉग संख्या: पार्क 84, लॉट संख्या/कैटेगरी:** पार्किंग-आद्रा-एसएलबी-एमएक्स-60-25-1 (पार्किंग - मिक्स्ड), **नीलामी शुरू (सभी लॉट) :** 03.10.2025 को 12.00 बजे। **नीलामी समाप्ति की तिथि/समय:** 03.10.2025 को 12.30 बजे। **ऑक्शन कैटलॉग संख्या: पार्क 85, लॉट संख्या/कैटेगरी :** पार्किंग-आद्रा-आरकेआई-टीडब्ल्यू-66-25-1 (पार्किंग - टू व्हीलर), **नीलामी शुरू (सभी लॉट) :** 06.10.2025 को 12.00 बजे। **नीलामी समाप्ति की तिथि/समय:** 06.10.2025 को 12.30 बजे। **टिप्पणी**: प्रत्याशित बोलीदाताओं से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस वेबसाइट **(www.ireps.gov.in)** पर ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल देखें। किसी प्रकार की पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-637) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा**

**दक्षिण पूर्व रेलवे**
मुस्कान के साथ सेवा

**बिधाननगर रोड-कल्याणी-सियालदह अनुभाग में दो अतिरिक्त ईएमयू सेवाएं**

यात्रियों की सुविधा के लिए, बिधाननगर रोड-कल्याणी-सियालदह अनुभाग में **दिनांक 22.09.2025 (सोमवार) से** नीचे उल्लेखित दो अतिरिक्त ईएमयू सेवाएं निम्नलिखित अनुसूची के अनुसार चलाई जाएंगी:-

| स्टेशन | 31343 अप बिधाननगर रोड-कल्याणी ईएमयू लोकल | | 31340 डाउन कल्याणी-सियालदह ईएमयू लोकल | |
|---|---|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| सियालदह | - | - | 22.19 | - |
| बिधाननगर रोड | - | 19.27½ | ठहरेगी | 22.01 |
| दमदम जंक्शन | 19.31 | 19.32 | 21.56 | 21.57 |
| बेलघरिया | ठहरेगी | 19.37 | ठहरेगी | 21.51 |
| अगरपाड़ा | ठहरेगी | 19.40 | ठहरेगी | 21.48 |
| सोदपुर | ठहरेगी | 19.43 | ठहरेगी | 21.45 |
| खड़दह | ठहरेगी | 19.47 | ठहरेगी | 21.41 |
| टिटागढ़ | ठहरेगी | 19.50 | ठहरेगी | 21.38 |
| बैरकपुर | 19.53 | 19.54 | 21.34 | 21.35 |
| पलता | ठहरेगी | 19.57 | ठहरेगी | 21.31 |
| ईछापुर | ठहरेगी | 20.00 | ठहरेगी | 21.28 |
| श्यामनगर | ठहरेगी | 20.04 | ठहरेगी | 21.24 |
| जगद्दल | ठहरेगी | 20.07½ | ठहरेगी | 21.20½ |
| काँकिनाड़ा | ठहरेगी | 20.10 | ठहरेगी | 21.18 |
| नैहाटी | 20.20 | 20.21 | 21.13 | 21.14 |
| हालिसहर | ठहरेगी | 20.25 | ठहरेगी | 21.02½ |
| कांचरापाड़ा | ठहरेगी | 20.28½ | ठहरेगी | 20.59 |
| कल्याणी | 20.36 | - | - | 20.55 |

**टिप्पणी:** ● ऊपर उल्लेखित ईएमयू ट्रेनें सोमवार से शनिवार तक चलेंगी। ● **63103** सियालदह-लालगोला पैसेंजर 19.20 बजे के स्थान पर पुनर्निर्धारित समय **19.15** बजे रवाना होगी। **मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**महालया के दिन सर्कुलर रेलवे की ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

**'महालया'** के अवसर पर **दिनांक 21.09.2025 (रविवार)** की सुबह से ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं के गंगा नदी में पवित्र स्नान करने की संभावना है। सावधानी के तौर पर, पुलिस उपायुक्त, पोर्ट डिवीजन, कोलकाता ने **दिनांक 21.09.2025 (रविवार) को 04.00 बजे से 18.00 बजे के बीच** सर्कुलर रेलवे सेवाओं को स्थगित करने का अनुरोध किया है। अतः, सर्कुलर रेलवे की निम्नलिखित ट्रेन सेवाएँ **दिनांक 21.09.2025 (रविवार)** को निम्नानुसार संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू/मार्ग परिवर्तित करेंगी/निरस्त रहेंगी: ● **कोलकाता में संक्षिप्त यात्रा समाप्त: (1)** 30322 हासनाबाद-बी.बी.डी. बाग लोकल टाला होकर (टाला में 07.41 बजे) **(2)** 30128 कल्याणी सीमांत - माझेरहाट लोकल टाला होकर (टाला में 09.48 बजे) **(3)** 30324 हासनाबाद-माझेरहाट लोकल टाला होकर (टाला में 10.45 बजे) **(4)** 30346 बनगांव जं.-माझेरहाट लोकल टाला होकर (टाला में 11.51 बजे) **(5)** 30312 बारासात - माझेरहाट लोकल टाला होकर (टाला में 16.34 बजे) **(6)** 30122 नैहाटी - बालीगंज जं. लोकल टाला होकर (टाला में 16.14 बजे) **(7)** 30314 दत्तपुकुर - माझेरहाट लोकल टाला होकर (टाला में 18.58 बजे) ● **कोलकाता से संक्षिप्त यात्रा शुरू: (1)** 30145 बी.बी.डी. बाग - कृष्णनगर सिटी जं. लोकल टाला होकर (टाला में 08.30 बजे) **(2)** 30121 माझेरहाट - नैहाटी लोकल टाला होकर (टाला में 11.41 बजे) **(3)** 30333 माझेरहाट - हाबरा लोकल टाला होकर (टाला में 12.32 बजे) **(4)** 30311 माझेरहाट - बारासात लोकल टाला होकर (टाला में 13.36 बजे) **(5)** 30331 माझेरहाट - हाबरा लोकल टाला होकर (टाला में 18.25 बजे) **(6)** 30111 बालीगंज जं.-बैरकपुर लोकल टाला होकर (टाला में 19.35 बजे) **(7)** 30313 माझेरहाट-बारासात लोकल टाला होकर (टाला में 20.47 बजे) ● **बारासात में संक्षिप्त यात्रा समाप्त:** 30344 बनगांव जं. - माझेरहाट लोकल (बारासात में 08.35 बजे) ● **सियालदह (उत्तर) में मार्ग परिवर्तन एवं संक्षिप्त यात्रा समाप्त:** 30154 नैहाटी - माझेरहाट लोकल [सियालदह में 18.55 बजे (लगभग)]। ● **सियालदह (उत्तर) से शुरू:** 30123 माझेरहाट - नैहाटी लोकल (सियालदह से 20.20 बजे) ● **माझेरहाट के लिए कांकुड़गाछी रोड - बालीगंज जं. होकर मार्ग परिवर्तन: (1)** 30142 गेदे - माझेरहाट लोकल [माझेरहाट में 08.45 बजे (लगभग)] **(2)** 30332 हाबरा-माझेरहाट लोकल [माझेरहाट में 16.05 बजे (लगभग)] ● **माझेरहाट से निर्धारित रूट होकर चलेगी:** 30357 माझेरहाट - मध्यमग्राम लोकल (माझेरहाट से 09.00 बजे) ● **माझेरहाट से परिवर्तित रूट होकर चलेगी:** 30353 माझेरहाट - दत्तपुकुर लोकल (माझेरहाट से 16.20 बजे) ● **माझेरहाट के लिए निर्धारित रूट होकर चलेंगी: (1)** 30152 नैहाटी-माझेरहाट लोकल बालीगंज जं. होकर (माझेरहाट में 18.05 बजे) **(2)** 30358 मध्यमग्राम-माझेरहाट लोकल बालीगंज जं.- कांकुड़गाछी रोड होकर (माझेरहाट में 11.47 बजे) ● **बालीगंज जं. होते हुए परिवर्तित रूट होकर चलेगी:** 30135 माझेरहाट - रानाघाट लोकल (माझेरहाट से 18.13 बजे) ● **बालीगंज जं. में संक्षिप्त यात्रा समाप्त: (1)** 30511 चंपाहाटी - माझेरहाट लोकल बालीगंज जं. होकर (बालीगंज जं. में 08.46 बजे) **(2)** 30711 लक्ष्मीकांतपुर - माझेरहाट लोकल बालीगंज जं. होकर (बालीगंज जं. में 16.01 बजे) ● **बालीगंज जं. से संक्षिप्त यात्रा शुरू और बालीगंज जं.- कांकुड़गाछी रोड होकर चलेंगी: (1)** 30321 माझेरहाट-हासनाबाद लोकल (बालीगंज जं. से 09.55 बजे) **(2)** 30317 माझेरहाट-दत्तपुकुर लोकल (बालीगंज जं. से 17.00 बजे) ● **बालीगंज जं. में मार्ग परिवर्तन एवं संक्षिप्त यात्रा समाप्त (1)** 30342 बनगांव जं.-माझेरहाट लोकल (बालीगंज जं. में 08.50 बजे) **(2)** 30112 बैरकपुर-माझेरहाट लोकल (बालीगंज जं. में 18.10 बजे) ● **बालीगंज जं. से संक्षिप्त यात्रा शुरू: (1)** 30712 माझेरहाट-लक्ष्मीकांतपुर लोकल (बालीगंज जं. से 10.12 बजे) **(2)** 30552 माझेरहाट-घुटियारी शरीफ लोकल (बालीगंज जं. से 19.58 बजे) ● **हासनाबाद के लिए निर्धारित रूट होकर चलेगी:** 30361 माझेरहाट-हासनाबाद लोकल कांकुड़गाछी रोड होकर (माझेरहाट से 12.38 बजे) ● **ट्रेन सेवाओं का निरस्तीकरण: (1)** 30412 सियालदह-बी.बी.डी. बाग लोकल (सियालदह से 09.04 बजे) **(2)** 30416 सियालदह-बी.बी.डी. बाग लोकल (सियालदह से 17.14 बजे) **(3)** 31223 सियालदह-बैरकपुर लोकल (सियालदह से 08.38 बजे) **(4)** 30113 बी.बी.डी. बाग-बैरकपुर लोकल (बी.बी.डी. बाग से 10.38 बजे) **(5)** 30411 बी.बी.डी. बाग-सियालदह लोकल (बी.बी.डी. बाग से 10.52 बजे) **(6)** 30451 बी.बी.डी. बाग-बारुईपुर लोकल (बी.बी.डी. बाग से 18.22 बजे) **(7)** 30351 माझेरहाट-बारासात लोकल (माझेरहाट से 10.20 बजे) **(8)** 30116 बैरकपुर-बी.बी.डी. बाग लोकल (बैरकपुर से 09.34 बजे) **(9)** 31242 बैरकपुर-सियालदह लोकल (बैरकपुर से 12.10 बजे)। **टिप्पणी:** एक सियालदह-बारुईपुर स्पेशल सियालदह से 19.10 बजे चलेगी और बालीगंज जं. से 30451 बी.बी. डी. बाग-बारुईपुर लोकल के मार्ग का अनुसरण करेगी।

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## 'बंगाल में महिलाएं सुरक्षित नहीं',

# शुभेंदु अधिकारी ने पांशकुड़ा की घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन का किया आह्वान

**पूर्व मेदिनीपुर :** राज्य में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सियासी संग्राम छिड़ गया है। राज्य विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि राज्य में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। आरजी कर मेडिकल कॉलेज से लेकर पांशकुड़ा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल तक, महिलाओं के साथ अत्याचार की घटनाएं इसका सबूत देती हैं। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन के अवसर पर नंदीग्राम के विधायक शुभेंदु अधिकारी ने ग्रामीण स्वास्थ्य सेविकाओं को सेवा प्रदान किया। नंदीग्राम के रेयापाड़ा ऑडिटोरियम में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि बंगाल में महिलाओं का कोई सम्मान नहीं है। मेडिकल कॉलेज हो या शैक्षणिक संस्थान या स्वास्थ्य केंद्र, हर जगह महिलाओं पर जिस तरह अत्याचार हो रहा है, उससे उन्हें बचाने के लिए बंगाल के सभी लोगों को एकजुट होकर विरोध करना होगा। शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को विरोध मार्च निकालने का आह्वान किया और कहा कि अब समय आ गया है जब राज्य की जनता को महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए सड़क पर उतरना होगा।



## पत्नी की आय के बावजूद पति को देना होगा भरण-पोषण: कोलकाता हाईकोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि केवल पत्नी की आय होने के आधार पर पति उसे भरण-पोषण देने से इंकार नहीं कर सकता। अदालत ने एक बेरोजगार पति को अपनी पत्नी को हर महीने 4,000 रुपये भरण-पोषण देने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति अजय कुमार मुखर्जी ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि पति का बेरोजगार रहना उसका स्वेच्छा से लिया गया निर्णय है और इसे वह अपनी कानूनी, सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी से बचने का आधार नहीं बना सकता। अदालत ने परिवार न्यायालय की आलोचना भी की, जिसने पति को गरीब और बेसहारा बताते हुए पत्नी को अपनी आय में गुजारा करने की सलाह दी थी। हाईकोर्ट ने कहा कि पत्नी का 12,000 रुपये मासिक वेतन केवल जीविका के लिए पर्याप्त है, लेकिन यह पति की जिम्मेदारी समाप्त करने का कारण नहीं बन सकता। अदालत ने यह भी पाया कि पति को नौकरी से उसकी अनुशासनहीनता के कारण निकाला गया था और वह शारीरिक रूप से सक्षम है। कोर्ट ने आदेश दिया कि पति हर माह की 10 तारीख तक 4,000 रुपये का भुगतान करेगा और बकाया राशि को 12 किश्तों में 31 अक्तूबर 2026 तक चुका देगा। हालांकि, यह अंतरिम आदेश है और अंतिम निर्णय तलाक मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद दिया जाएगा। यह मामला अगस्त 2012 में विशेष विवाह अधिनियम के तहत शादी करने वाले दंपत्ति से जुड़ा है। शादी के बाद दोनों अपने-अपने माता-पिता के घर में ही रहे। पत्नी का आरोप है कि जब उसने ससुराल में रहने का आग्रह किया तो पति और उसके परिवार ने दबाव बनाकर आपसी तलाक की मांग की।।



### गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप बना भारत का पहला 'ग्रीनप्रो सर्टिफाइड' सिक्योरिटी ब्रांड

**कोलकाता :** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के सिक्योरिटी सॉल्यूशन्स बिज़नेस ने आज घोषणा की है कि वह फिजिकल सिक्योरिटी इंडस्ट्री में लॉकरों के लिए प्रतिष्ठित ग्रीनप्रो सर्टिफिकेशन प्राप्त करने वाली पहली कंपनी बन गई है। यह उपलब्धि ब्रांड की उस गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत वह पर्यावरण-जागरूक ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं के अनुरूप पर्यावरण-अनुकूल और उच्च सुरक्षा वाले समाधान प्रदान करता है। पुष्कर गोखले, सिक्योरिटी सॉल्यूशन्स बिज़नेस हेड, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप, ने कहा, गोदरेज में, सस्टेनेबिलिटी केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक मुख्य व्यावसायिक प्राथमिकता है। हमारा 36% राजस्व पहले से ही गुड एंड ग्रीन प्रोडक्ट्स से आ रहे हैं और हमारा लक्ष्य 2030 तक इसे बढ़ाकर 50% तक ले जाना है।

## स्काई गोल्ड और सेनको गोल्ड की साझेदारी से लॉन्च हुई 9 कैरेट गोल्ड ज्वेलरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्काई गोल्ड एंड डायमंड्स ने देश की प्रतिष्ठित और पूर्व भारत की सबसे बड़ी ज्वेलरी रिटेल कंपनी सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के साथ साझेदारी की है। इस सहयोग के तहत दोनों कंपनियां मिलकर 9 कैरेट गोल्ड ज्वेलरी कलेक्शन लॉन्च कर रही हैं। यह कदम भारत में किफायती और स्टाइलिश आभूषणों की बढ़ती मांग को देखते हुए उठाया गया है। इस सहयोग से हल्के वजन के, आधुनिक और किफायती डिजाइन पेश किए जाएंगे, जो खासतौर पर युवाओं और पहली बार सोना खरीदने वालों को आकर्षित करेंगे। स्काई गोल्ड एंड डायमंड्स के डायरेक्टर एवं चीफ ग्रोथ ऑफिसर दर्शन चौहान ने कहा- 9 कैरेट ज्वेलरी आज की जेनरेशन जेड के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है। यह न केवल फास्ट फैशन ट्रेंड्स से मेल खाती है, बल्कि हमें नए ग्राहकों तक पहुंचने का अवसर भी देती है। सेनको के साथ यह सहयोग हमारी इनोवेशन यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है और हमारे ग्लोबल ट्रस्टेड ब्रांड बनने की दिशा में बड़ा कदम है। वहीं, सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ सुवंकर सेन ने कहा- सोने के ऊंचे दामों के बीच 9 कैरेट ज्वेलरी ग्राहकों को किफायती और आधुनिक विकल्प प्रदान करेगी। यह सहयोग हमें युवा पीढ़ी और बढ़ते किफायती ज्वेलरी बाजार तक पहुंच बनाने में सक्षम करेगा। हमारा लक्ष्य ग्राहकों को स्टाइल, विश्वास और नवाचार से जोड़ना है। यह साझेदारी दोनों कंपनियों को अपनी डिजाइन विशेषज्ञता, क्राफ्ट्समैनशिप और बाजार की ताकत का लाभ उठाने का अवसर देगी, जिससे मूल्य-सचेत और स्टाइल-प्रेमी ग्राहकों की नई श्रेणी तक पहुंचा जा सकेगा।

## दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का शुभारंभ

**कोलकाता,समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे में बुधवार को 'स्वच्छता ही सेवा' 2025 अभियान की शुरुआत मुख्यालय गार्डन रीच से हुई। इस अवसर पर महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता प्रतिज्ञा दिलाई। प्रतिज्ञा के दौरान सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता के प्रति समर्पित रहने, स्वच्छता के लिए समय देने और भारत को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अतिरिक्त महाप्रबंधक, प्रधान विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी एवं मुख्यालय के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक चलने वाले इस अभियान के दौरान विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम और आयोजन किए जाएंगे। इनमें 'सफाई मित्र सुरक्षा शिविर', वॉकाथन, मैराथन, साइक्लोथन, एसबीएम स्पोर्ट्स लीग, वृक्षारोपण अभियान, 'रिड्यूस-रीयूज-रिसायकल' गतिविधियां, 'वेस्ट टू आर्ट' प्रतियोगिता, पर्यावरण-अनुकूल एवं शून्य कचरा उत्सव, पुनर्नवीनीकृत उत्पादों की बिक्री, वेबिनार, घर-घर जागरूकता अभियान, श्रमदान, चित्रकला प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक आदि शामिल हैं। 'स्वच्छता ही सेवा 2025' का आयोजन दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय के साथ-साथ इसके सभी चारों मंडलों में भी किया जाएगा।



## गणेश कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड का आईपीओ 22 से 24 सितंबर तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा

**कोलकाता, समाज्ञा :** गणेश कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) 22 सितंबर को खुलेगा और 24 सितंबर 2025 को बंद होगा। कंपनी ने आईपीओ के लिए प्रति इक्विटी शेयर (फेस वैल्यू 10) का प्राइस बैंड 306 से 322 तय किया है। निवेशक न्यूनतम 46 शेयरों और उसके गुणकों में बोली लगा सकेंगे। यह ऑफर 130 करोड़ के फ्रेश इश्यू और 86,58,333 शेयरों के ऑफर फॉर सेल का संयोजन है। फ्रेश इश्यू से प्राप्त राशि का उपयोग कंपनी बकाया कर्ज चुकाने, पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में नया उत्पादन संयंत्र लगाने और सामान्य कॉर्पोरेट कार्यों में करेगी। कोलकाता मुख्यालय वाली यह एफएमसीजी कंपनी पूर्वी भारत में गेहूं आधारित उत्पादों जैसे आटा, मैदा, सूजी और दलिया में अग्रणी है। वित्त वर्ष 2025 में कंपनी का राजस्व 8,504.62 मिलियन रहा, जबकि शुद्ध लाभ 35.4 करोड़ दर्ज किया गया। कंपनी 42 उत्पादों के साथ 232 एसकेयू उपलब्ध कराती है और अपने गणेश ब्रांड के तहत बाजार में मजबूत उपस्थिति रखती है।



मंदिर का स्वरूप लिए बनकर सजने संवरने को तैयार बिनायक एनक्लेव पूजा कमिटी का पारंपरिक दुर्गा पूजा पंडाल

## पूर्व रेलवे में 'स्वच्छता ही सेवा-2025' अभियान का शुभारंभ

### 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छोत्सव

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे में बुधवार से 'स्वच्छता ही सेवा-2025' अभियान की शुरुआत हुई। इस अवसर पर पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने फेयरली प्लेस मुख्यालय में अधिकारियों, कर्मचारियों और विभिन्न संगठनों व यूनियनों के प्रतिनिधियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसी प्रकार सभी मंडलों और वर्कशॉप्स में संबंधित मंडल रेल प्रबंधकों व मुख्य कारखाना प्रबंधकों की अगुवाई में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह वार्षिक अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक देशभर में चलाया जा रहा है। इस वर्ष अभियान का विषय 'स्वच्छोत्सव' रखा गया है, जिसका समापन 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में होगा। पखवाड़ा भर चलने वाले इस अभियान के दौरान क्लीन टारगेट यूनिट्स का कायाकल्प, सार्वजनिक स्थलों की सफाई, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, क्लीन ग्रीन उत्सव, स्वच्छ सुजल गांव, वेस्ट टू आर्ट, क्लीन स्ट्रीट, फूड हाइजीन जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



## साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल ने इस्तीफा देने की जताई इच्छा

**कोलकाता, समाज्ञा**

नैना चटर्जी ने एक पत्र लिखकर साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल के पद से इस्तीफा देने की मंशा जताई है। नैना ने मंगलवार की रात कॉलेज की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक देब को पत्र लिखा। बता दें कि कुछ महीने पहले, एक छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म और प्रवेश अनियमितताओं को लेकर कॉलेज में नैना चटर्जी को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। नैना ने कहा कि घटनाओं के कारण वह मानसिक रूप से तबाह हो गई थी। नैना चटर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि कॉलेज को सुचारू रूप से चलाने के दौरान उन्हें कई बाधाओं का सामना करना पड़ा। अध्यक्ष ने उप-प्राचार्य से कहा कि उनके इस्तीफे पर अंतिम निर्णय प्रबंधन समिति की बैठक बुलाकर लिया जाएगा। चूंकि, इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया था, नैना चटर्जी ने कहा कि वह फिलहाल कॉलेज के उप-प्राचार्य की जिम्मेदारियों को संभालेंगी।



### बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप किया माइग्रेट

**मुंबई/कोलकाता**

भारत के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने आज अपनी आधिकारिक वेबसाइट को नए 'बैंक.इन' डोमेन पर माइग्रेट करने की घोषणा की जो डिजिटल वित्तीय इको-सिस्टम में विश्वास और सुरक्षा बढ़ाने के भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों का अनुपालन करता है। संजय विनायक मुदालियर, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने कहा, साइबर सुरक्षा और ग्राहकों का विश्वास हमारी डिजिटल बैंकिंग सेवाओं का मुख्य उद्देश्य रहा है।

### एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड ने शुरू की आकर्षक टू-व्हीलर वित्त योजनाएं

**कोलकाता :** देश की अग्रणी नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों में से एक एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड ने त्योहारों के मौके पर टू-व्हीलर ग्राहकों के लिए खास लोन ऑफर्स की घोषणा की है। इनमें शामिल हैं - नो कॉस्ट ईएमआई, प्रॉम्प्ट पेमेंट रीबेट और ईएमआई लाइट फेस्टिव (2025 में खरीदें, 2026 में चुकाएँ)। इन योजनाओं का उद्देश्य त्योहारों के दौरान बाइक और स्कूटर खरीद की खरीदारी के उत्साह को प्रोत्साहन देना है। जिनेश शाह, चीफ़ एग्ज़िक्यूटिव - अर्बन सिक्योर्ड एसेट्स एंड थर्ड-पार्टी प्रोडक्ट्स, एलएंडटीफाइनेंस लिमिटेड ने कहा, शहरी भारत में 75 लाख से अधिक ग्राहकों को सेवा देने के हमारे अनुभव ने हमें बाज़ार की ज़रूरतों की गहरी समझ दी है। इसी आधार पर हमने टू-व्हीलर लोन की ऐसी योजनाएँ तैयार की हैं, जो ग्राहकों को वास्तविक फ़ायदा पहुँचाएँगी।

## मनीषिका ने कैंसर रोगी की चिकित्सा में सहयोग दिया



**कोलकाता :** श्रद्धेय पुष्कर लाल केडिया द्वारा संस्थापित मनीषिका ने चिकित्सा क्षेत्र में परोपकार की भावना से श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल में डॉ. अंकित खंडेलवाल द्वारा ओरल कैंसर रोगी सुकुमार विश्वास के ऑपरेशन एवम् चिकित्सा में सहयोग कर पहल की है। मोहन केडिया ने बताया मनीषिका परोपकार, भारतीय धर्म - संस्कृति से जुड़े साहित्य, सामाजिक सेवा कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। श्रद्धेय किशन चिड़ीमार की पौत्री, समाजसेवी अशोक चिड़ीमार की पुत्री प्रियंका चिड़ीमार एवम् परिवार के सदस्यों ने कैंसर रोगी को जीवनदान देने में आर्थिक सहयोग प्रदान किया। डॉ. अंकित खंडेलवाल ने कहा वर्तमान समय में मुँह में ओरल कैंसर के रोगियों की संख्या में वृद्धि हो रही है। ओरल कैंसर से कई वर्षों से जूझ रहे सुकुमार विश्वास की चेन्नई सहित बंगाल में केमोथेरेपी एवम् आवश्यक चिकित्सा में उनके परिवार की आर्थिक स्थिति वर्तमान समय में चिकित्सा जारी रखने के अनुकूल नहीं है। सम्पर्क करने पर प्रियंका चिड़ीमार परिवार एवम् मनीषिका ने मदद का हाथ बढ़ा कर पहल की। मनीषिका के सचिव अमित केडिया, मोहन केडिया, स्वाति गुप्ता, विनय पाण्डेय एवम् मनीषिका परिवार के समस्त सदस्य सेवा कार्यों में सक्रिय हैं।

## देशभक्ति और मानव सेवा का अनूठा उदाहरण: अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद का रक्तदान महाअभियान सफल





**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद द्वारा आयोजित रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0 महाअभियान बुधवार को पूरे उत्साह और भव्यता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विश्व में एक दिन में सर्वाधिक रक्तदान एकत्रित करने वाली इस संस्था ने देशभक्ति और मानव सेवा की भावना से प्रेरित हजारों युवाओं के सक्रिय सहयोग से इस ऐतिहासिक अभियान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल राज्य के कोच अमिताभ दस्सानी ने बताया कि राज्य में लगभग 200 शिविर आयोजित किए गए, जिनमें 5000 से अधिक यूनिट रक्तदान हुआ। श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह, कोल इंडिया मुख्यालय, कोलकाता, बागडोगरा हवाई अड्डा और मेट्रो रेल भवन सहित कई प्रतिष्ठित स्थानों पर शिविर लगाए गए। अभियान को सफल बनाने में एनडीआरएफ, आरपीएफ, बीएसएफ सहित अनेक संगठनों का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

पूर्व बंगाल के संयोजक सुनील दुगड़ ने जानकारी दी कि इस बार बड़ी संख्या में युवाओं ने पहली बार रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं का यह उत्साह समाज में नई ऊर्जा का संचार कर रहा है और यह मुहिम देश को रक्त की कमी की समस्या से दूर करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। राष्ट्रीय मीडिया कोऑर्डिनेटर अनंत बागरेचा ने रक्तदान अमृत महोत्सव की सफलता पर सभी को बधाई दी और आश्वासन दिया कि अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् भविष्य में भी मानव सेवा के कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त रूप से आगे बढ़ाती रहेगी। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के संयोजक रोहित दुगड़ के साथ प्रमुख एमबीडीडी संयोजक राजीव बोथरा, नवीन सिंघी, नमन जम्मड़, संदीप डागा, सुमित कोठारी सहित अन्य सदस्यगण भी उपस्थित रहे।

### प्रोफेसर चंद्रकला पाण्डेय का निधन



**कोलकाता :** वरिष्ठ शिक्षाविद्, कवयित्री और पूर्व राज्यसभा सांसद प्रोफेसर चंद्रकला पाण्डेय (चंद्रा जी) का बुधवार को आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज में ब्रेन स्ट्रोक से निधन हो गया। वे 78 वर्ष की थीं। चंद्रा जी 1993 से 2005 तक राज्यसभा सांसद रहीं और लंबे समय तक कलकत्ता विश्वविद्यालय में पढ़ाती रहीं। सीपीआईएम की निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में सक्रिय रहते हुए उन्होंने 'आराम कहां है' और 'उत्सव नहीं हैं मेरे शब्द' जैसे काव्य संग्रह प्रकाशित किए। वे लोकप्रिय शिक्षिका, कवयित्री और कुशल अनुवादक रहीं। उनके निधन पर शिक्षाविदों, विद्यार्थियों और सांस्कृतिक जगत में गहरा शोक व्यक्त किया गया है।

## 280 नागरिकों का नेत्र एवम् स्वास्थ्य परीक्षण




**कोलकाता :** सनातन संस्कृति सेवा ट्रस्ट एवम् कोलकाता कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की ओर से पूर्णिमा चक्रवर्ती, दिनेश पाण्डेय, अशोक कुमार अवस्थी योगेश कुमार अवस्थी के मार्गदर्शन में 280 नागरिकों का नेत्र एवम् स्वास्थ्य परीक्षण किया। पार्षद विजय ओझा, मंजू शुक्ला, यशवंत सिंह, आकाश मिश्रा, भोला प्रसाद सोनकर ने सेवा कार्य की सराहना की। योगेश अवस्थी ने बताया चयन किये गये नागरिकों को चश्मा वितरण एवम् 22 नागरिकों की आंख में मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया जाएगा। संयोजक आञ्जनेय शर्मा, प्रकाश राय, नरेन्द्र अवस्थी, अजय मिश्रा, प्रभात जैन, दीपक कछावा, विश्वजीत साहा, सोमनाथ मित्रा, आशीष तिवारी , अशोक गुप्ता, दीपक एवम् कार्यकर्ता सक्रिय रहे।

### हैरिसन्स मलयालम ने उत्तर अमेरिकी चाय प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल

**कोलकाता :** आरपीजी समूह की कंपनी हैरिसन्स मलयालम लिमिटेड ने प्रतिष्ठित उत्तर अमेरिकी चाय प्रतियोगिता 2025 में गोल्ड मेडल जीता है। एचएमएल की वायनाड, केरल स्थित अर्रपेटा एस्टेट की चाय को चार्ल्सटन, यूएसए में 14वें वार्षिक उत्तर अमेरिकी चाय सम्मेलन में 2025 गोल्ड मेडल टी एंड सस्टेनेबिलिटी अवार्ड्स में विजेता घोषित किया गया। एचएमएल के सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक, चेरियन एम. जॉर्ज ने कहा, यह पुरस्कार हमारी टीम की विश्व स्तरीय गुणवत्ता वाली चाय को स्थायी तरीके से बनाने की विशेषज्ञता के लिए एक पहचान है। यह पुरस्कार पर्यावरण की सुरक्षा के लिए इको-फ्रेंडली खेती के तरीकों को अपनाते हुए, विशिष्ट स्वाद और गुणवत्ता वाली चाय बनाने के लिए कंपनी के समर्पण को उजागर करता है।

## सशस्त्र बलों ने संयुक्त कमांडर्स सम्मेलन में तय किया भविष्य का रोडमैप



संयुक्त कमांडर सम्मेलन के समापन सत्र को बुधवार को संबोधित करते सीडीएस जनरल अनिल चौहान। - सेना



संयुक्त कमांडर सम्मेलन के दौरान सीडीएस व तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह। - सेना

**कोलकाता :** सेना की पूर्वी कमान मुख्यालय विजय दुर्ग (फोर्ट विलियम) में आयोजित तीन दिवसीय 16वां संयुक्त कमांडर्स सम्मेलन बुधवार को संपन्न हुआ। इसमें सशस्त्र बलों के भविष्य का रोडमैप तैयार किया गया और तीनों सेनाओं के बीच संयुक्तता पर जोर दिया गया। सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था।

सम्मेलन का विषय था- सुधारों का वर्ष: भविष्य के लिए परिवर्तन। इसमें देशभर से सेना, नौसेना और वायुसेना के शीर्ष कमांडरों ने हिस्सा लिया। चर्चाओं में भविष्य के युद्ध की बदलती प्रकृति, बहु-क्षेत्रीय ऑपरेशनों, स्पेस, साइबर और विशेष अभियानों पर विशेष विमर्श हुआ।

सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने दो वर्षों के सुधारों की समीक्षा की और कहा कि सेनाओं को फुर्तीला, आत्मनिर्भर और भविष्य के लिए तैयार बनाना होगा। उन्होंने सुधारों को निरंतर प्रक्रिया के रूप में संस्थागत करने पर बल दिया।

सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने क्षमता विकास, आधुनिक उपकरणों की खरीद, वित्तीय पारदर्शिता और सूचना युद्ध जैसी चुनौतियों पर चर्चा की। इस अवसर पर संयुक्त सैन्य अंतरिक्ष सिद्धांत भी जारी किया गया, जिसे राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में ऐतिहासिक कदम माना गया।

अधिकारियों ने बताया कि यह सम्मेलन सेनाओं को अधिक तकनीकी रूप से उन्नत, परिचालन रूप से चुस्त-दुरुस्त और राष्ट्रीय सुरक्षा प्राथमिकताओं के अनुरूप तैयार करेगा। इससे संदेश गया कि भारत की सेनाएं आज और भविष्य दोनों की चुनौतियों से निपटने के लिए तत्पर हैं।


### सियालदह और गांधीधाम के बीच चलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे द्वारा दुर्गापूजा, दीपावली और छठ पर्व के दौरान यात्रियों की होने वाली भीड़ को देखते हुए सियालदह- गांधीधाम के बीच पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस विशेष ट्रेन से यात्रियों के लिए 9,000 से अधिक अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध होंगी। रेलवे के अनुसार, 09437 गांधीधाम-सियालदह पूजा स्पेशल हर बुधवार को 17 सितंबर से 8 अक्टूबर 2025 तक (कुल 4 ट्रिप) शाम 18:25 बजे गांधीधाम से खुलेगी और तीसरे दिन 16:30 बजे सियालदह पहुंचेगी। वहीं, 09438 सियालदह-गांधीधाम पूजा स्पेशल हर शनिवार को 20 सितंबर से 11 अक्टूबर 2025 तक (कुल 4 ट्रिप) सुबह 05:15 बजे सियालदह से खुलेगी और तीसरे दिन 02:00 बजे गांधीधाम पहुंचेगी। यह ट्रेन पूर्व रेलवे क्षेत्र में वर्दवान, दुर्गापुर और आसनसोल स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी। इसमें स्लीपर क्लास और वातानुकूलित श्रेणियों की व्यवस्था रहेगी।

# राज बाड़ी की एक अनोखी दुर्गापूजा जहां 9 नहीं 13 दिन पहले होती है घट स्थापना और चंडीपाठ

❑ **सर्वमंगला के रूप में पूजित होती है मां दुर्गा**

❑ **पहले यहां होती थी भैंसे की बलि अब होती है कुम्हड़े की बलि**



**हुगली :** जिले के ऐतिहासिक शहर सेवड़ाफुली के निर्मल चंद्र घोष इलाके में स्थित राजबाड़ी में मां सर्वमंगला की पूजा पूरे विधि विधान के साथ होती है। शारदीय नवरात्री में यहां विशेष पूजा का आयोजन होता है। जहां नवरात्री की पूजा नौ दिनों तक होती है यहां 13 दिनों तक होती है। 13 दिन पहले घट स्थापना के साथ चंडी पाठ शुरू होते हैं। सेवड़ाफुली राजबाड़ी की ऐतिहासिक दुर्गा पूजा इस वर्ष अपने 292वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। राजबाड़ी के वंशज सोमनाथ घोष ने बताया कि 1734 ईस्वी (1141 बंगाब्द) में राजा मनोहर चंद्र राय के पुत्र हरीश चंद्र राय को मिले स्वप्नादेश के बाद इस पूजा की शुरुआत हुई थी।

विशेषता यह है कि इस मंदिर में मां दुर्गा की अष्टधातु की मूर्ति की ही पूजा होती है। यहां लक्ष्मी, गणेश, सरस्वती और कार्तिक की कोई प्रतिमा स्थापित नहीं की जाती। पूजा महालया से 13 दिन पूर्व घट स्थापना और चंडी पाठ के साथ प्रारंभ होती है, जो दशमी तक चलता है। उसके बाद घट विसर्जन किया जाता है।

पुराने समय में यहां भैंस की बलि दी जाती थी, जिसके लिए मंदिर प्रांगण में विशेष खांचा भी बना हुआ है। आज भी पूजा के दौरान सभी रिश्तेदार और परिवारजन एकत्र होकर सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना और भोजन करते हैं। मां को यहां सर्वमंगला के रूप में पूजा जाता है।

राजबाड़ी परिसर में पूरे वर्ष पूजा का आयोजन होता है, लेकिन शारदीय नवरात्रि के 13 दिनों तक विशेष उत्सव रहता है। बैद्यवाटी नगरपालिका के चेयरमैन पिंटू महतो ने बताया कि राजा मनोहर चंद्र राय धार्मिक प्रवृत्ति के थे। उन्होंने सेवड़ाफुली में ही नहीं, बल्कि आसपास कई मंदिरों का निर्माण कराया। श्रीरामपुर का प्रसिद्ध रामसीता मंदिर और सेवड़ाफुली का मां निस्तारिणी मंदिर भी उन्हीं की देन है। निस्तारिणी मंदिर में आज भी बड़े धूमधाम से काली पूजा होती है, जहां दूर-दराज से हजारों भक्त अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचते हैं।

## उत्तर प्रदेश के तीर्थयात्रियों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत, 19 घायल

**हुगली :** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर से गंगासागर की ओर जा रही तीर्थयात्रियों से भरी बस बुधवार तड़के एक खड़े ट्रक के पीछे जा टकराई। इस हादसे में एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कम से कम 19 लोग घायल हुए। घटना जो सूचना मिलते ही हुगली ग्रामीण पुलिस के आला अधिकारी समेत भारी पुलिस बल मौके पर पंहुचा और युद्धस्तर पर रहत व बचाव कार्य चलाते हुए सभी घायलों को तुरंत बर्दवान मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां 45 वर्षीय रामदेव मिश्रा नामक यात्री को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले का निवासी था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई है कि लंबे सफर और लगातार बस चलाने





के कारण चालक को झपकी आ गई, जिसके चलते बस बेकाबू होकर ट्रक से जा भिड़ी। हादसे की खबर मिलते ही गुड़ाप थाना पुलिस स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बचाव कर अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार, तीर्थयात्रियों से भरी दो बसें 9 सितंबर को उत्तर प्रदेश से रवाना हुई थीं। गंगासागर यात्रा के बाद यात्रियों का राम मंदिर दर्शन कर गांव लौटने का कार्यक्रम था। हादसे में शामिल दूसरी बस सुरक्षित है।

हादसे के बाद यात्रियों को गुड़ाप थाना क्षेत्र के सामुदायिक भवन में ठहराया गया और उनके लिए भोजन-पानी की व्यवस्था की गई। साथ ही, गुड़ाप ऑडिटोरियम में मौजूद डॉक्टरों की टीम ने प्राथमिक उपचार भी किया।

धनियाखली की विधायक असीमा पात्रा भी घटनास्थल पर पहुंचीं और राज्य सरकार से बातचीत कर तीर्थयात्रियों को उत्तर प्रदेश वापस भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित की।

इस बीच, दुर्घटनाग्रस्त बस के चालक को पुलिस ने बुधवार दोपहर दुर्गापुर एक्सप्रेसवे के किनारे एक ढाबे से गिरफ्तार कर लिया। उसे गुरुवार को चूंचूड़ा अदालत में पेश किया जाएगा। हुगली ग्रामीण जिले के पुलिस अधीक्षक कमनाशिष सेन ने गुड़ाप थाने को सभी घायलों की हर संभव मदद करने के निर्देश दिए हैं।

## एसएससी ने शिक्षक भर्ती परीक्षा की प्रारंभिक मॉडल उत्तर कुंजी जारी की

**कोलकाता, समाज्ञा**

स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) ने कक्षा नौवीं-दसवीं के शिक्षक पदों के लिए सात सितंबर को आयोजित भर्ती परीक्षा की प्रारंभिक मॉडल उत्तर कुंजी मंगलवार की रात को जारी कर दी है। आयोग के अध्यक्ष सिद्धार्थ मजूमदार ने बताया कि परी-क्षार्थी मॉडल उत्तरों पर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं, जिन्हें विशेषज्ञों द्वारा जांचा जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन दुर्गा पूजा की छुट्टियों के बाद किया जाएगा। आयोग ने अपने नोटिस में कहा कि सभी संबंधित लोगों को सूचित किया जाता है कि सात सितंबर को आयोजित परीक्षा के ग्यारह विषयों की प्रारंभिक मॉडल उत्तर कुंजी अब परीक्षार्थियों के अवलोकन के लिये जारी की जा रही है। नोटिस के अनुसार, कक्षा 11वीं-12वीं शिक्षक भर्ती परीक्षा की मॉडल उत्तर कुंजी 20 सितंबर को जारी की जाएगी। इन कक्षाओं के लिए परीक्षा 14 सितंबर को आयोजित की गई थी। आयोग ने कहा कि परी-क्षार्थी 20 से 25 सितंबर के बीच प्रति प्रश्न 100 रुपये का शुल्क देकर सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं। यदि सुझाव सही पाए जाते हैं तो शुल्क वापस कर दिया जाएगा। मजूमदार ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आद-शानुसार आयोग 31 दिसंबर तक भर्ती प्रक्रिया पूरी कर लेगा। उन्होंने बताया कि कक्षा नौवीं-दसवीं के शिक्षक पदों के लिए आयोजित परीक्षा में 2.91 लाख परीक्षार्थियों ने भाग लिया था।

## इंग्लिशबाजार थाना के आईसी संजय घोष क्लोज, बापन दास को सौंपी गई जिम्मेदारी

**मालदह :** जिले के इंग्लिशबाजार थाना के प्रभारी संजय घोष को क्लोज कर दिया गया है। उनकी जगह बापन दास को नए आईसी की जिम्मेदारी दी गई है। बुधवार को उन्होंने पदभार संभाल लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार को मालदह रेंज के आईजीपी और पुलिस अधीक्षक को भेजे गए ईमेल संदेश में राज्य पुलिस के एडीजी ने संजय घोष को क्लोज करने का निर्देश दिया था। साथ ही, उन्हें तुरंत लालबाजार में रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है। इंग्लिशबाजार थाना क्षेत्र बीते कुछ महीनों से विवादों में घिरा रहा है। इसी साल जनवरी में तृणमूल नेता बाबला सरकार की हत्या ने इलाके को हिला दिया था। इसके बाद, नगरपालिका के चेयरमैन और तृणमूल के उपाध्यक्ष कृष्णेंदु नारायण चौधरी को फोन पर लाखों रुपये की मांग और हत्या की धमकी देने का मामला सामने आया था। जुलाई में लक्ष्मीपुर में एक और तृणमूल नेता की हत्या हुई। हाल ही में, आरजी कर मेडिकल कॉलेज की एक डॉक्टर छात्रा की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत ने मामले को और तूल दिया। छात्रा के परिवार ने मालदह मेडिकल कॉलेज के एक छात्र पर गंभीर आरोप लगाए। जब परिवार शिकायत दर्ज कराने इंग्लिशबाजार थाना पहुंचा, तो पुलिस पर मामले को दर्ज करने में टालमटोल करने का आरोप लगा। इस घटना ने पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े कर दिए। इन घटनाओं के बीच मंगलवार को आईसी संजय घोष को क्लोज करने का आदेश जारी हुआ। माना जा रहा है कि लगातार गंभीर घटनाओं और पुलिस की भूमिका को लेकर उठे सवालों की वजह से यह कार्रवाई की गई है।

# रामपुरहाट में लापता नाबालिग छात्रा का बस्ते में बंद मिला शव, शिक्षक गिरफ्तार

**बीरभूम :** ज़िले के रामपुरहाट के कालिडांगा गांव में लगभग एक महीने से लापता एक नाबालिग छात्रा का शव मंगलवार की देर रात बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार, गत 28 अगस्त को स्कूल जाते समय छात्रा अचानक लापता हो गई थी। परिजनों ने कई जगह तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके परिवार ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। मंगलवार की देर रात छात्रा का शव एक बस्ते में बंद अवस्था में गांव के सुनसान इलाके से बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि शव के कई टुकड़े किए गए थे। इस घटना में एक शिक्षक को



गिरफ्तार किया गया है जो मृत छात्रा को पढ़ाता था। सूत्रों के अनुसार, छात्रा ने अपनी मां को पहले ही बताया था कि वह शिक्षक उसके साथ गलत तरीके से छेड़छाड़ करता है। बेटी के लापता होने के बाद जब मां थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचीं, तब उन्होंने मौखिक रूप से यह बात पुलिस को बताई थी। उसी समय से पुलिस की नज़र आरोपित शिक्षक पर गई। बुधवार को पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, शुरुआती पूछताछ के बाद शिक्षक को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान उसने छात्रा के अपहरण और हत्या की बात कबूल कर ली। साथ ही, शव कहां फेंका गया है, इसकी जानकारी भी दी। उसी आधार पर पुलिस ने मंगलवार देर रात शव बरामद किया। फिलहाल, आरोपित पुलिस की गिरफ्त में है। लेकिन पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि क्या हत्या से पहले नाबालिका के साथ यौन शोषण (बलात्कार) भी किया गया था।

## विश्वकर्मा पूजा पर अवकाश को लेकर कलकत्ता विश्वविद्यालय में छिड़ा विवाद

**कोलकाता, समाज्ञा**

बंगाल सरकार द्वारा विश्वकर्मा पूजा पर राजकीय अवकाश घोषित किए जाने के बाद भी कलकत्ता विश्वविद्यालय ने इसे लागू नहीं किया है। विश्वविद्यालय की कार्यवाहक कुलपति शांता दत्ता ने बुधवार को स्पष्ट रूप से कहा है कि संस्था इस फैसले को मानने के लिए बाध्य नहीं है। विश्वकर्मा पूजा पहले कभी विश्वविद्यालय के अवकाश सूची में शामिल नहीं रही है। इस वर्ष की शैक्षणिक कैलेंडर में भी इसका जिक्र नहीं है। विश्वविद्यालय के पास अपने अवकाश तय करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि यह केवल मेरा निर्णय नहीं है, विश्वविद्यालय के अन्य हितधारक और रजिस्ट्रार का भी यह फैसला है। हमें शैक्षणिक दिनों को बचाना होगा ताकि पढ़ाई का सुचारु संचालन हो सके। भले ही, कुछ संबद्ध कॉलेजों ने छुट्टी का निर्णय लिया हो, लेकिन विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर और कई अन्य कॉलेज खुले रहे।

इस फैसले को लेकर तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद ने कुलपति पर गंभीर आरोप लगाए। संगठन के राज्य अध्यक्ष तृणांकुर भट्टाचार्य ने कहा कि कार्यवाहक कुलपति शांता दत्ता शिक्षा विभाग से टकराव का रास्ता अपना रही हैं। भट्टाचार्य ने कहा कि दत्ता की कुलपति पद पर नियुक्ति की अवधि पहले ही समाप्त हो चुकी है, फिर भी वह पद पर बनी हुई हैं। विश्वकर्मा पूजा को लंबे समय से राज्य के स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में अवकाश के रूप में मान्यता दी जाती रही है, लेकिन दत्ता का यह कदम छात्रों की भावन-ाओं को आहत करने वाला है।

## कोलकाता मेट्रो रेलवे में चलाया गया 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान



**कोलकाता,समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो रेलवे में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत मेट्रो स्टेशनों, ट्रेनों और अन्य रेलवे प्रतिष्ठानों में गहन सफाई और सैनिटाइजेशन ड्राइव आयोजित की जा रही हैं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को विभिन्न मेट्रो स्टेशनों पर 'स्वच्छता प्रतिज्ञा' भी ली गई। मेट्रो रेल भवन में वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी स्वच्छता प्रतिज्ञा में शामिल हुए। मेट्रो रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए काम करने का संकल्पित हैं। इसके साथ ही यात्रियों को जागरूक करने के लिए विशेष संदेशों की व्यवस्था की गई है, जिसमें उनसे पर्यावरण को स्वच्छ रखने और अभियान में सहयोग देने का आग्रह किया गया है।

## आर्मेनियम घाट युवक समिति के विश्वकर्मा पूजा मंडप का उद्घाटन संपन्न





**कोलकाता, समाज्ञा :** आर्मेनियम घाट स्ट्रैंड रोड संगम स्थल पर आर्मेनियम घाट युवक समिति द्वारा आयोजित विश्वकर्मा पूजा के मंडप का उद्घाटन हुआ। मंत्री अरूप राय, विधायक अशोक देव द्वारा दीप प्रज्वलित कर मंडप का उद्घाटन किया गया। इस दौरान, जरूरतमंद महिलाओं में साड़ी वितरण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक संजय बक्शी, पूर्व विधायक स्मिता बक्शी, कृष्णा प्रताप सिंह, पार्षद विजय उपाध्याय, पार्षदग रेहाना खातून, विधायक विवेक गुप्ता, सुब्रतो बनर्जी, पार्षद कामाख्या नारायण सिंह, जय नाथ झा, पार्षद सत्येंद्र सिंह, मौसमी दे, राधा रानी दत्ता, संस्था के अध्यक्ष दारा सिंह, रतन बनीक, उमा शंकर प्रसाद हीरो, कपिल शर्मा, श्याम साव, दीपक झा, राम साव, संतोष सिंह, ललन महतो, राजा दास, सेतु भारद्वाज, शंकर साहनी, मनीष मंडल व अन्य उपस्थित रहे।

# काकद्वीप में तृणमूल पंचायत सदस्य पर स्कूल प्रिंसिपल से मारपीट का आरोप, गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप में एक राज्य संचालित स्कूल के कार्यवाहक प्रिंसिपल से तृणमूल कांग्रेस के एक पंचायत सदस्य द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। यह घटना मंगलवार को बिरेंद्र विद्यानिकेतन स्कूल परिसर में हुई और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर बुधवार को तेजी से वायरल हो गया है। बाद में, पुलिस ने आरोपी पंचायत सदस्य को गिरफ्तार कर लिया है। वीडियो फुटेज में पंचायत सदस्य और स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष त्रिदीब बारुई को प्रिंसिपल मिलनकांति पाल को धक्का देते



और अपमानित करते देखा जा सकता है। प्रिंसिपल ने आरोप लगाया कि त्रिदीब छात्रों से शैक्षिक भ्रमण के लिए ली गई राशि को लेकर जबरन उन पर झूठे आरोप लगाते हुए एक कागज पर हस्ताक्षर करने का दबाव डाल रहे थे। जब उन्होंने दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से इनकार किया तो पंचायत सदस्य ने उनके गले पर वार किया और दफ्तर से बाहर धकेल दिया। मिलनकांति पाल ने बताया कि झगड़े में उनके हाथ और गर्दन पर चोट आई है। फिलहाल, उनका इलाज काकद्वीप सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में चल रहा है। वहीं, त्रिदीब बारुई ने आरोपों से इनकार किया। उनका कहना है कि प्रिंसिपल छात्रों से बिना अनुमति पैसे ले रहे थे। जब उन्होंने रसीद दिखाकर हस्ताक्षर कराने की कोशिश की तो प्रिंसिपल ने कागज फाड़कर फेंक दिया और धक्का देने लगे। उन्होंने कहा कि उसी दौरान उन्होंने सिर्फ आत्मरक्षा में प्रतिक्रिया दी।

## मेट्रो रेलवे ने दुर्गा पूजा के लिए टूरिस्ट स्मार्ट कार्ड की सुविधा की शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता मेट्रो रेलवे ने इस बार दुर्गा पूजा के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए टूरिस्ट स्मार्ट कार्ड की सुविधा शुरू की है। पिछले साल मेट्रो ने पूजा के दिनों में प्रतिदिन 9 लाख से अधिक यात्रियों को सेवा दी थी। इस वर्ष मेट्रो नेटवर्क के विस्तार के कारण प्रतिदिन 11 से 12 लाख यात्रियों का आंकड़ा पार करने की संभावना है। टूरिस्ट स्मार्ट कार्ड धारकों के लिए 3 और 5 दिनों की असीमित यात्रा सुविधा क्रमशः 250 रुपये और 550 रुपये में उपलब्ध होगी। ये कार्ड अब सभी मेट्रो स्टेशनों के बुकिंग काउंटरों पर उपलब्ध हैं। भीड़ से बचने के लिए यात्रियों को टिकट बुकिंग के लिए आमार



कोलकाता मेट्रो ऐप का उपयोग करने की सलाह दी गई है। इसके माध्यम से स्मार्ट कार्ड और मोबाइल क्यूआर टिकट पर 5% की छूट भी मिल रही है। हाल के 11 दिनों में कुल 24,170 स्मार्ट कार्ड बेचे गए हैं और इस माह अब तक 4.56 लाख से अधिक यात्रियों ने मोबाइल क्यूआर टिकट बुक किए गए हैं।

## संत से कथा सुनने से बढ़ता है प्रभु-प्रेम :आचार्य श्रीकांत शास्त्री 'बाल व्यास'

**कोलकाता :** जो किसी संत से कथा सुनते हैं,उनके हृदय में भगवान के प्रति प्रेम बढ़ता है,असंत से सुनने से वासना जागृत होती है। रावण ने शूपर्णखा से रामकथा सुनी तो उसके हृदय में सीता के प्रति वासना जगी ,इसलिए वह भगवती सीता का अपहरण किया।अपना उद्धार करना चाहते है तो रामजी का चरित्र जीवन में अपनाए और राम नाम स्मरण करते रहें।जो जीवन में सही निर्णय लेता है उसका परिवार,समाज और राष्ट्र समृद्ध और शक्तिशाली होता है।भगवान राम और कृष्ण दोनों एक है।रामचरित्र सुनने के बाद राजा परीक्षित ने शुकदेव मुनि से निवेदन किया ,आप मुझे भगवान श्रीकृष्ण चरित्र सुनाइए,जिन्होंने गर्भ में मेरी रक्षा की थी ।ये बातें राजस्थान गौ कल्याण ट्रस्ट के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा पर प्रवचन करते हुए आचार्य श्रीकांत शर्मा ' बाल



व्यास' ने गणपति राजेश सभागार में कहीं। इस पर धूमधाम से नंदोत्सव मनाया गया,पूरा सभागार नंद के घर आनंद भयो,जय कन्हैया लाल की,से गूंज उठा।प्रवचन के दौरान आचार्य शास्त्री ने कहा कि मां-बाप की सेवा करो ,उन्हें सताओ मत।बचपन में कहते थे ये मेरे मां-बाप है पर आज जब वे बूढ़े हो गए तो आज दुर्भाग्य है,कहने लगे ये तेरे मां-बाप है ।जो मां-बाप की सेवा करता है,उसके सभी मनोरथ पूर्ण होता है।मालूम हो कि यह श्रीमद्भागवत कथा सुरभि सदन गौशाला के निर्माण, विकास और संचालन हेतु आयोजित की गई है। इस अवसर पर महावीर प्रसाद रावत ने कहा कि गाय की सेवा और सुरक्षा करना हम सभी का दायित्व है। कथा को सफल बनाने में चम्प-ालाल सरावगी, राजेन्द्र प्रसाद बुबना, प्रेमचंद ढांढनिया,बालकिसन नेवटिया, राहुल दीवान, प्रकाश केडिया, रामस्वरूप गोयनका, विनय मस्करा, अजय पोद्दार, सिद्धार्थ दीवान, रमेश अग्रवाल सहित अन्य सदस्य सक्रिय है। इस अवसर सुशील गोयनका,सजन कुमार बंसल, घनश्याम शोभासरिया, सांवरमल अग्रवाल, गोपी किशन केडिया, रामकिशन गोयल, पवन गोयल, रमाकांत बेरीवाल, शकुंतला दीवान,शशि गोयल, अनीता बुबना,रेखा केडिया, सावित्री रावत, अनूप चूड़ीवाला, रामकथावाचक पुरुषोत्तम तिवारी , लक्ष्मी अग्रवाल, राम स्वरूप अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन संजय मस्करा ने किया।

## तारा देवी हरख चंद कांकरिया कालेज में हिंदी दिवस मनाया गया



**कोलकाता,समाज्ञा :** तारा देवी हरख चंद कांकरिया कालेज में 16 सितंबर को हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभाग के सत्र छह, तीन और एक के विद्यार्थियों ने काव्य पाठ, वक्तव्य और गीतों की प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों में अरितरो, गौरव, जय, कुसुम, श्रेया, सहाना, सादिया, रचना, सारिका इत्यादि शामिल थे। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. मौसमी सेन गुप्ता ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए हिंदी को एकता का प्रतीक बताया। विभाग की शिक्षिका प्रो. नेहा चतुर्वेदी ने हिंदी भाषा के महत्व और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. बृजेश सिंह ने हिंदी को व्यवहारिक रूप में मजबूत बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन प्रो. दिव्या ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए किया। इस अवसर पर कॉलेज के अन्य विभागों के शिक्षक और सहायक कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर कोलकाता राजभवन में नवयुग एट 75 समारोह का भव्य आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता के ऐतिहासिक राजभवन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर नवयुग एट 75 का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सम्मान, सेवा और संस्कृति के सुंदर समन्वय को दर्शाता हुआ राजभवन की परंपराओं के अनुरूप आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर समाज और राष्ट्र के प्रति उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए विभिन्न क्षेत्रों के 75 विशिष्ट व्यक्तियों को गवर्नर अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया। साथ ही, मानवीय मूल्यों और जरूरतमंदों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए 30 कैंसर रोगियों को आर्थिक सहायता भी प्रदान की



गई। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस द्वारा इस दिन विशेष रूप से रचित कविता का पाठ किया गया। इसके अतिरिक्त, ईस्टर्न जोनल कल्चरल सेंटर (ईजेडसीसी) द्वारा आयोजित नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से प्रधानमंत्री को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। इस प्रकार, कोलकाता राजभवन में आयोजित नवयुग एट 75 समारोह प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर एक आदर्श श्रद्धांजलि के रूप में उभरा।

## 78वें वर्ष में लालाबागान सार्वजनीन दुर्गोत्सव समिति का थीम मनन

**कोलकाता :** दुर्गोत्सव की भव्य परंपरा को आगे बढ़ाते हुए लालाबागान सार्वजनीन दुर्गोत्सव समिति इस वर्ष अपने 78वें पर्व पर विशेष थीम मनन प्रस्तुत कर रही है। आकर्षक पंडाल और प्रतिमा का रूपांकन प्रसिद्ध कलाकार परिमल पाल और बाबुसोणा साहा के हाथों से किया गया है।



इस बार की प्रतिमा को रूप प्रदान किया है प्रतिमा कलाकार परिमल पाल ने, जबकि पंडाल सज्जा की जिम्मेदारी संभाली है बाबुसोणा साहा ने। पूरे आयोजन को और अधिक भव्यता प्रदान करने के लिए ऋजु इलेक्ट्रिक (कोलकाता) की विशेष लाइटिंग की व्यवस्था की गई है।

समिति का मानना है कि मनन थीम के जरिए लोगों को आत्मचिंतन और सांस्कृतिक सौंदर्यबोध का संदेश मिलेगा। श्रद्धालुओं और दर्शकों के लिए यह दुर्गोत्सव एक अनोखा अनुभव साबित होगा।


## कोल इंडिया ने रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0 के तहत रक्तदान शिविर आयोजित किया

**कोलकाता :** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत 'रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0' के अंतर्गत अपने कॉरपोरेट मुख्यालय में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम एबीटीवाईपी के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें सीआईएल के कर्मचारियों और सीआईएलओडब्ल्यूएस के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वैच्छिक रक्तदान के माध्यम से जीवन बचाने के अभियान को समर्थन दिया। कार्यक्रम ने न केवल रक्तदान पर बल दिया बल्कि सीआईएल की नैतिक सुशासन और पारदर्शिता के प्रति प्रतिबद्धता को भी उजागर किया। इस अवसर पर फंक्शनल डायरेक्टर्स - डॉ. विनय रंजन (निदेशक, मानव संसाधन), श्री मुकेश चौधरी (निदेशक, विपणन), श्री असीश कुमार (निदेशक, व्यवसाय



विकास) और श्री ब्रजेश कुमार त्रिपाठी (मुख्य सतर्कता अधिकारी) - कर्मचारियों के साथ मिलकर सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी के संदेश को दोहराया। वरिष्ठ अधिकारियों ने इस अवसर पर कर्मचारियों के उत्साह और भागीदारी की सराहना करते हुए इसे एक प्रेरणादायी प्रयास बताया। यह आयोजन कोल इंडिया के स्वर्ण जयंती वर्ष के कार्यक्रमों का हिस्सा है, जो संगठन की 50 वर्षों की सेवा को रेखांकित करता है। कोल इंडिया व्यावसायिक उत्कृष्टता के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व को भी प्राथमिकता देता है, ताकि उसके प्रयास समाज और समुदायों पर सकारात्मक और स्थायी प्रभाव छोड़ें।

# सौ रोगों की एक दवा है पानी



कर्मवीर अनुरागी

पानी हमारे भोजन का सबसे महत्त्वपूर्ण पोषक तत्व है। एक वयस्क आदमी के शरीर में लगभग 70 प्रतिशत अर्थात् लगभग 38 से 40 लिटर तक पानी होता है जो मांसपेशियों और खून में मिलता है और शरीर के विभिन्न द्रवों का हिस्सा होता है।

### पानी महत्त्वपूर्ण होता है क्योंकि यहः-

- शरीर की सभी महत्त्वपूर्ण प्रक्रियाओं को विनियमित करता है। यह भोजन के घुलने और पाचन में इस्तेमाल होता है।
- बेकार तत्वों को हटाता है।
- पोषक तत्वों को लाता ले जाता है।
- आंतों की सामान्य आदतों के रख रखाव में सहायक होता है, कब्ज रोकता है।
- नए ऊतकों के निर्माण में सहायक होता है। शरीर के जोड़ों को चिकनाहट प्रदान करता है और ऊतकों के लिए सुरक्षात्मक कुशन की व्यवस्था करता है।
- शरीर के सामान्य तापमान को बनाए रखता है पसीने के कारण जल के कम हो जाने से शरीर का तापमान कम रहता है और आंतरिक ऊष्मा (जल की कमी) बढ़ने से रोकता है।
- एंजाइम्स की उचित कार्यप्रणाली में योगदान देता है।
- ब्लड इलेक्ट्रोलेट्स को उपयुक्त रूप से गाढ़ा बनाए रखने में योगदान देता है। जल की अत्यधिक कमी से इलेक्ट्रोलाइट्स में असंतुलन हो सकता है।

### हमें एक दिन में कितना पानी पीना चाहिए?

पानी सभी खाद्य पदार्थों में होता है मगर द्रव खाद्य पदार्थों, ताजे फलों और सब्जियों में यह मुख्य रूप से होता है अपने खाने की वस्तुओं में स्थित प्राकृतिक जल के अतिरिक्त हमें प्रतिदिन कम से कम 10 गिलास पानी पीना चाहिए। खाने के बिना हम कई सप्ताह जीवित रह सकते हैं लेकिन पानी के बिना हम केवल 3 दिन जीवित रह सकेंगे।

शरीर में पानी की 5 प्रतिशत कमी होने पर कमजोरी आती है जबकि 15 से 20 प्रतिशत की कमी जानलेवा होती है। हमारे शरीर का पानी पसीने (त्वचा), फेफड़े (सांस), शारीरिक क्रियाकलाप और मलमूत्रा द्वारा कम होता है। ग्रीष्म की गर्मी में हमें ज्यादा द्रव खाद्य पदार्थ लेने चाहिए। भोजन में रेशों की बढ़ी हुई मात्रा से द्रव की मात्रा बढ़ती है जिससे कब्ज नहीं होती।

कॉफी, चाय अल्कोहल में होने वाले कैफीन से पानी की कमी होती है। इनसे शरीर के द्रव कम हो जाते हैं। हवाई जहाज की यात्रा में भी पानी की कमी हो जाती है। थकान से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में जल पिएं। कार्बोहाइड्रेट्स, वसा और प्रोटीन की अतिरिक्त मात्रा शरीर में वसा के रूप में एकत्रा हो जाती है जबकि पानी की अतिरिक्त मात्रा आसानी से हजम हो जाती है, इसीलिए सामान्य स्थितियों में शरीर में पानी की कुल मात्रा उल्लेखनीय रूप से स्थिर रहती है।

हमारे शरीर के जल में सोडियम, पोटेशियम, कैल्शियम, क्लोराइड, फॉस्फेट, बॉयोकार्बोनेट और सल्फेट जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स, जो अकार्बनिक तत्व होते हैं, ये शरीर के विभिन्न द्रवों में बंटे हुए होते हैं। हमारे शरीर में जल और इन इलेक्ट्रोलाइट्स का स्तर बनाए रखने में गुर्दों (किडनी) की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

शरीर के जल और इलेक्ट्रोलाइट्स के असंतुलन से गुर्दों की खराबी, हार्मोन संबंधी असंतुलन, हृदय संबंधी समस्या, यकृत (लिवर) की बीमारी जैसे अनेक शारीरिक और मनोवैज्ञानिक व्यवधान उत्पन्न हो जाते हैं। इससे शरीर में पानी की कमी या अधिकता हो जाती है तथा इनका तत्काल पर्याप्त इलाज करवाना चाहिए।

### प्रतिदिन पीने वाले पानी की मात्रा बढ़ाई जा सकती हैः-

- पानी में नींबू, कागजी नींबू या संतरा मिलाएं।
- अपने काम की जगह पर एक गिलास रखें और हर दो घंटे पर पानी पीते रहे।
- कार में अथवा लंबी यात्रा करते समय पानी की बोतल साथ रखें।

### पानी की मात्रा बढ़ाने के अन्य तरीकें-

लस्सी, फलों का रस, सूप, सभी पेय आदि लें पर इनको लेते समय ली जा रही कैलोरीज का भी ध्यान रखना चाहिए। अच्छे स्वास्थ्य के लिए अपने रोज के खाने में पानी को महत्त्वपूर्ण स्थान दें।

### वजन कम करने के कार्यक्रम में हमारे शरीर से वसा का वजन कम होता है या पानी का?


हमारा शरीर दो घटकों से बना है-वसा (फैट) वजन और लीन वजन।

ली गई गई अतिरिक्त वसा, जो शारीरिक वसा में तब्दील हो जाती है, वसा वजन कहलाती है। शरीर में पुरुषों हेतु केवल 10 – 22 प्रतिशत तक और महिलाओं हेतु 25 –31 प्रतिशत वसा वसा होनी चाहिए। शेष को कम कर देना चाहिए। इसकी कोई जरूरत नहीं होती।

वजन घटाने हेतु आपको हमेशा ऐसे कार्यक्रम का चयन करना चाहिए जो प्राकृतिक हो और जिससे शरीर से पानी का वजन कम न होकर वसा का वजन कम हो। ऐसा कार्यक्रम जिसमें आपको ज्यादा पसीना निकले या जल्दी-जल्दी पेशाब करने जाना पड़े या तुरंत वजन कम हो, वह आपके शरीर में जल का वजन कम करता है न कि वसा का।

आप अपना वजन कम करना चाहते हों या न चाहते हों, पानी के विषय में समझौता नहीं करें। अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन 10-12 गिलास पानी अवश्य पिएं। (स्वा. द.)

# क्या आप भी परेशान हैं आधे सिर के दर्द से



सुनीता गाबा

आधे सिर का दर्द या आधा सीसी का दर्द बहुत असहनीय होता है। आधे सिर का दर्द सूर्य निकलने के साथ ही शुरू हो जाता है। दिन में तेज रहने के बाद सूर्य अस्त होते-होते दर्द कुछ कम होने लगता है। इसका मुख्य कारण कब्ज, बासी खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन, अधिक गरमी व तेज हवा आदि हैं।

आधे सिर का दर्द सिर के बाएं या दाएं किसी भी भाग में हो सकता है। ऐसे में अधिक बेचैनी और कभी-कभी उलटी हो जाती है। यदि आप भी परेशान रहते हैं आधे के सिर दर्द से तो आजमायें इन्हें भीः-

- प्रातः काल शौचादि से निवृत्त होकर एक सेब थोड़े से नमक के साथ खायें। इसका सेवन नियमित एक सप्ताह तक करें। सिर दर्द में लाभ मिलेगा।
- सिर में बादाम के तेल की मालिश करने से भी आराम मिलता है।
- पीपल के पत्तों की पानी में चटनी बना कर माथे पर लगाने से भी आराम मिलता है।
- काली मिर्च के दस दाने और मिसरी 10 ग्राम पीस कर चूर्ण तैयार कर लें। प्रातः पानी के साथ लें।
- गाय का ताजा घी या शुद्ध सरसों के तेल को सिर के जिस भाग में दर्द हो, उसी भाग के नथुने में दो चार बूंद डालने से दर्द ठीक हो जाता है। इस क्रिया को सुबह शाम 7 दिन तक नियमित करना चाहिए। आधे सिर के दर्द में आराम भी मिलेगा और नाक से खून गिरना भी बंद हो जायेगा।
- गरमी के दिनों में तरबूज के रस में मिश्री मिलाकर नियमित सुबह पीने से भी आधे सिर दर्द में आराम मिलता है।
- सफेद चंदन को गुलाब जल में घिसकर उस लेप को माथे पर लगाएं।
- नियमित रूप से खाना खाने के बाद दो चम्मच शहद लेने से आधे सिर का दर्द ठीक हो जाता है।
- जिन दिनों अंगूर उपलब्ध हों, नियमपूर्वक खाने से आधे सिर का दर्द दूर होता है।
- माथे पर देसी घी की मालिश करने से सिरदर्द में आराम मिलता है।
- आधे सिर के दर्द में सौंठ या अदरक पानी में घिस कर उसका लेप माथे पर लगाने से लाभ होता है।
- पानी में दालचीनी पीसकर माथे पर लगाने से भी आराम मिलता है।
- बादाम के तेल में केसर मिलाकर दिन में तीन बार सूंघने से भी लाभ होता है।
- तुलसी के पत्तों को छाया में सुखाकर उसका चूर्ण बना लें। उसका सेवन शहद के साथ करने से आराम मिलता है।

### इन से बचेंः-

- सर्दियों में ठंडे पानी में स्नान न करें।
- अधिक समय तक गीले वस्त्रों में न रहें।
- ठंडे पेयों का सेवन न करें।
- अधिक चाय, कॉफी और मद्यपान न करें।
- जब आधा सीसी का दर्द हो तो कुछ भी न पढ़ें, न टी.वी. देखें।
- अम्लीय भोजन का सेवन न करें। न ही तेज मसालों का सेवन करें।
- जो खाद्य पदार्थ कब्ज करते हों या गैस पैदा करते हों, ऐसे खाद्य पदार्थ न खाएं। (स्वा. द.)

# न पिएं डिब्बाबंद जूस

अशोक गुप्त

जूस पीना बहुत स्वास्थ्यप्रद होता है विशेषकर बच्चों, कमजोर लोगों और वृद्धों के लिए। ताजे फलों का रस स्वास्थ्य हेतु बहुत अच्छा होता है पर डिब्बाबंद जूस मात्रा कैलोरीज और स्वाद ही दे पाते हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि पैकेज्ड जूस आपातकालीन परिस्थिति में उत्तम होते हैं। जब शरीर में अधिक थकान हो रही हो, कमजोरी महसूस हो रही हो और ताजे फल आपके पास न हों, न ही ताजे फलों का जूस उपलब्ध हो सकता हो, तब आपको यह जूस इंस्टेंट एनर्जी प्रदान करते हैं पर इन्हें अपने रूटीन में शामिल न करें क्योंकि इनमें आर्टिफिशियल फ्लेवर्स और सिंथेटिक शुगर मिली होती है, इसलिए ये जूस ताजे फलों के जूस से अधिक कैलोरी वाले होते हैं।




**कमी होती है रेशे और गूदे की**

पैकेज्ड जूस में अधिकतर फलों के छिलके उतार कर जूस निकाले जाते हैं जबकि कुछ फलों के छिलकों में कैंसर रोकने वाले मोलीक्यूलस होते हैं जो स्वास्थ्य हेतु बेहतर होते हैं पर पैकेज्ड जूस में नहीं मिल पाते। बहुत से फ्रूट जूस उबाल कर ठंडे कर पैकेज्ड होते हैं ताकि उनमें बैक्टीरिया खत्म हो जाएं लेकिन इस प्रक्रिया में बहुत से विटामिंस और प्राकृतिक एलिमेंट्स खत्म हो जाते हैं जो शरीर के स्वास्थ्य हेतु लाभप्रद होते हैं।

पैकेज्ड जूस में फलों का गूदा बिलकुल नहीं होता क्योंकि इन्हें छानकर अलग कर दिया जाता है ताकि उनका स्राव ठीक बना रहे जबकि गूदे में भी काफी एंटीआक्सीडेंट होते हैं जो शरीर हेतु लाभप्रद होते हैं।

**ब्लड शुगर को बढ़ाते हैं**

विशेषज्ञों के अनुसार कच्ची सब्ज़ियों और फलों को शरीर में पचने के लिए काफी समय की जरूरत होती है जबकि जूस शीघ्रता से पच जाते हैं इसलिए शरीर में ब्लड शुगर भी बढ़ जाता है। ताजे फलों में रेशे होने के कारण धीरे-धीरे शरीर में ब्लड शुगर रेगुलर बना रहता है।

**पेट के लिए हानिकारक हैं**

जो लोग इन जूसों का नियमित सेवन करते हैं, उनमें से कुछ लोगों के पेट खराब रहने लगते हैं जैसे गैस की समस्या होना, पेट में मरोड़ उठना, डायरिया आदि। पैकेज्ड जूस छोटे बच्चों को आसानी से पचते भी नहीं क्योंकि इनमें सर्मिबटॉल जैसे शुगर मौजूद होते हैं जो स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हैं।

**वजन बढ़ाने में करते हैं मदद**

पैकेज्ड फ्रूट जूस में कंसंट्रेट एनर्जी होने के कारण भूख में तो कमी आती नहीं पर कैलोरी की अधिक मात्रा होने के कारण इनके सेवन से वजन बढ़ना प्रारंभ हो जाता है। अगर आप डाइटिंग पर हैं या फिगर कांशियस हैं तो भी इनका सेवन कम से कम करना चाहिए। होल ग्रेन फ्रूट जूस और वेजीटेबल्स जूस में कैलोरी कम होती है। इनसे वजन नहीं बढ़ता।

**मधुमेह रोगी इसे कहें न**

मधुमेह रोगियों के लिए पैकेज्ड जूस हानिकारक हैं क्योंकि इनमें रिफाइंड शुगर होती है जो मधुमेह रोगियों के लिए ठीक नहीं। अगर पैकेट पर शुगर फ्री लिखा हो, तब भी इसका सेवन कम से कम करें। पैक्ड जूस वाल्यूम में कम होते हैं और कैलोरी में अधिक।

ताजे फलों के जूस में भी गाजर, चुकंदर का जूस न लें। इनके सेवन से ब्लड शुगर एक दम बढ़ जाता है। जो ब्लड ग्लूकोज डिस्आडर्स हेतु नुकसानदेह है। मधुमेह रोगियों को किसी पार्टी या किसी के घर पैक्ड जूस ऑफर हो तो उन्हें 'न' कहना सीखना चाहिए जो उनके स्वास्थ्य हेतु लाभप्रद है।

**इनके अतिरिक्त ध्यान दें**

हैल्दी स्नैक्स का विकल्प नहीं हैं पैकेज्ड जूस। कुछ लोग तर्क देते हैं कोक, पेप्सी से पैकेज्ड जूस अधिक लाभप्रद हैं। कभी-कभी तो इनका सेवन ठीक है पर नियमित ऐसा करना उचित नहीं। ध्यान दें कि एक बार कंटेनर खोलने पर इसे उसी दिन ही खत्म कर दें। बेहतर होगा परिवार के सभी सदस्य थोड़ा-थोड़ा लेकर उसे खत्म कर दें। (स्वा. द.)

# हार्ट अटैक के बाद जीवन कैसा हो

पवन कुमार कालिया

आजकल शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति हो जिसने अपने घर में या आस पड़ोस में कोई हार्ट अटैक का रोगी न देखा हो। हार्ट अटैक एक भयानक बीमारी है जो जानलेवा भी साबित हो सकती है।

अक्सर देखा जाता है कि एक बार हार्ट अटैक हो जाने के बाद रोगी बहुत घबरा जाते हैं। वे अपनी दिनचर्या बहुत सीमित कर लेते हैं। हीन भावना से ग्रसित होकर जीवन में रूचि लेना बंद कर देते हैं और कई रोगी तो अपने आप को पृथ्वी पर केवल बोझ ही समझते हैं।

कुछ ऐसे भी रोगी देखे जाते हैं जो बीमारी के प्रति लापरवाही बरतते हैं। इन रोगियों में दूसरी बार हार्ट अटैक होने की संभावना बनी रहती है। ऐसी अवस्था में यह जानना आवश्यक है कि हार्ट अटैक के बाद जीवन कैसा हो।

यदि ऐसा रोगी पहले से किसी कठिन परिश्रम वाले काम में कार्यरत हो तो बेहतर है कि वह अपना व्यवसाय बदल ले। वैसे तीन महीने के बाद रोगी नौकरी पर जा सकता है। ये तीन महीने रोगी को घर पर ही रहना चाहिए। इस समय में रोगी को साधारण दैनिक काम जैसे नहाना, धोना, दाढ़ी बनाना व कपड़े बदलना सामान्य रूप से करते रहना चाहिये।

हार्ट अटैक के होने के एक महीना बाद रोजाना सुबह सैर करनी चाहिए। यह सैर समतल जमीन पर ही करनी चाहिए जहां पर कोई चढ़ाई उतराई या सीढ़ियां आदि न हों। सैर की दूरी धीरे-धीरे इस प्रकार बढ़ाएं कि 2 महीने के बाद आप बिना थके आधा मील चल सकें। ढाई महीने के बाद आप 5-10 छोटी-छोटी सीढ़ियां दिन में एक बार चढ़ सकते हैं।



ऐसे रोगियों को अधिक सर्दी से बचना चाहिए। यदि सर्दी में बाहर निकलना जरूरी हो तो पर्याप्त गर्म कपड़े डालकर बाहर निकलना चाहिए। ज्यादा ठण्डे या गर्म पानी से नहीं नहाना चाहिए। फ्रिज का ज्यादा ठण्डा पानी नहीं पीना चाहिए। देर से पचने वाले पदार्थ नहीं खाने चाहिए। खाना पकाते समय घी की बजाय सरसों के तेल का प्रयोग करना चाहिए।

बाजार की मिठाइयां, तले पदार्थ व चटपटी चीजें बिलकुल बंद कर देनी चाहिए। ऐसे लोगों के लिए शाकाहारी भोजन बेहतर है। अण्डा यदि खाना ही है तो उसका पीला भाग नहीं खाना चाहिए। खाना सदा भूख से कम खाना चाहिए। रात को खाना सोने से लगभग 2 घंटे पहले अवश्य खा लें।

सिगरेट या तम्बाकू का प्रयोग किसी भी रूप में न करें। यदि आप इनका प्रयोग जारी रखते हैं तो आप स्वयं जल्दी ही अगले हार्ट अटैक को बुलावा दे रहे हैं।

डॉक्टर द्वारा दी गई दवाइयां नियमित रूप से लें और उसकी दी गई हिदायतों का पालन करें। इस सब के साथ 6 महीने में एक बार अपनी पूरी शारीरिक जांच करवाना न भूलें। (स्वा. द.)

# कुछ घरेलू उपचारः सब्जी तथा मसालों से

संदीप सिंह 'दीप'

गृहस्थी में सभी कुछ जायज है। गृहस्थी शब्द ही अपने आप में सुख और दुख को समेटे रहता है। एक सम्पन्न गृहस्थ परिवार के सदस्यों में सुख का तो अनुभव होता ही है परन्तु कभी-कभी छोटी-मोटी बीमारी से भी इनका गृहस्थ जीवन दुखी नहीं होता क्योंकि समझदार गृहणियों में यह गुण होता है कि वे अपने घर में रखी वस्तुओं का सही समय पर सही उपयोग करती हैं।

आप भी इस मामले में पीछे क्यों रहें। आइयें, आपको कुछ छोटी मोटी बीमारियों का घरेलू इलाज बतायें ताकि आपको इन बीमारियों के कारण बार-बार डॉक्टर के पास न भागना पड़े और आपके परिवार में बजट का सन्तुलन भी बना रहे।



- आग से जलने पर यदि घाव हो गया हो तो गाय का घी लगा देने से घाव शीघ्र ठीक हो जाता है।
- पतले दस्त में प्याज का रस पीने से आराम मिलता है। यदि प्याज का रस तीखा होने से कारण पी न सकें तो प्याज पीसकर नाभि पर लेप कीजिए।
- आधे सिर में दर्द के लिए एक तोला काली मिर्च चबाकर खाने और ऊपर से ढाई तोले घी पीने से आराम मिलता है।
- अपच में प्याज कुचलकर रस निकालिए और नमक मिलाकर पी जाएं। काफी आराम मिलेगा।
- जायफल को दूध में घिसकर लेप कर देने से सिर का दर्द जल्दी ही दूर हो जाता है।
- सफेद प्याज के रस में बराबर शहद मिलाकर चाटने से दमा रोग में बहुत राहत मिलती है।
- आधा कप प्याज का रस व इतना ही शहद मिलाकर चाटने से खून की कमी दूर होती है।
- टूटी हड्डी में देसी घी में थोड़ा सा लहसुन भुनकर और हल्दी गर्म दूध में मिलाकर पीने से हड्डी जुड़ जाती है।
- यदि आपके चेहरे पर नवोदित मुंहासे अतिक्रमण करने लगे हों तो मुंहासों पर प्याज का रस लगा दें। वे गायब हो जायेंगे।
- मौसमी बुखार में चार पत्ते तुलसी और लगभग छः सात काली मिर्च रोज खाने से आराम मिलता है।
- दो बूंद प्याज का रस कान में डालने से कान का दर्द ठीक होता है।
- पुरानी खांसी बांस के पत्ते का चूर्ण शहद के साथ लेने से ठीक हो जाती है।
- मितली में प्याज के टुकड़े में नमक लगाकर खाने से आराम मिलता है।
- आग से जले हुए स्थान पर घी कुंवर के रस का लेप कर लेने से शीघ्र ही आराम मिलता है।
- बिनौले का तेल मलने से गठिया रोग दूर हो जाता है।
- यदि हिचकियां बार-बार आती हो तो हल्दी के चूर्ण को ताजे पानी के साथ लेने से हिचकियां तुरन्त बन्द हो जाती हैं। (स्वा. द.)

# गर्भकाल में डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर



मेघा

बहुत सारी महिलाओं को गर्भकाल के दौरान डायबिटीज और उच्च रक्तचाप रहने लगता है जो महिला और बच्चे के लिए ठीक नहीं। अगर आप को भी यह परेशानी है तो ध्यान दें:-

- गर्भकाल में होने वाली शुगर को जस्टेशनल डायबिटीज कहते हैं। इसका पता गर्भकाल के 20 हफ्ते बाद दिखना शुरू होता है। अगर महिला पहले से ही डायबिटिक है तो उसे बहुत ध्यान रखना पड़ेगा कि शुगर उस दौरान बढ़े नहीं।
- शुगर रोगी को बच्चा प्लान करने से पहले लेडी डाक्टर से मिल लेना बेहतर है ताकि उसकी देखरेख में सब हो क्योंकि कई बार डाक्टर रोगी को इंसुलिन पर पहले ही ले आते हैं। इंसुलिन मां और बच्चे को खतरा नहीं पहुंचाता।
- जस्टेशनल डायबिटीज से पीड़ित प्रेग्नेंट महिला को डाक्टर आहार पर नियंत्रण कराते हैं. फिर भी शुगर लेवल नियंत्रित न हो तो दवा का सहारा डाक्टर लेते हैं ताकि आने वाला बच्चा डायबिटिक न हो।
- हमेशा ऐसी समस्या वाली महिलाओं को अच्छे हास्पिटल में डिलीवरी करानी चाहिए और विशेषज्ञ के पास समय-समय पर जांच हेतु जाना चाहिए।
- शुगर कंट्रोल न होने पर 20 सप्ताह से पहले गर्भपात हो सकता है। अगर गर्भपात न कराकर पूरे समय में बच्चे को जन्म दिया जाए तो मस्तिष्क में रक्तस्राव, सांस व हृदय संबंधी समस्या जन्म से ही हो सकती है।
- प्रारंभ से जिस डाक्टर से करा रही हैं, डिलीवरी भी उसी से कराएं क्योंकि उसे आपकी गर्भकाल की सभी समस्याओं के बारे में पता होता हैं।
- जिन महिलाओं का ब्लड प्रेशर गर्भाधान के दौरान बढ़ता है, उसे इंडयूस्ड हाइपरटेंशन कहते हैं। जिन महिलाओं को पहले से हाई ब्लड प्रेशर होता है वह क्रोनिक हाइपरटेंशन की मरीज होती हैं। गर्भधारण के 20 सप्ताह बाद ब्लडप्रेशर का हाई होना पता चलता है।
- जो महिलाएं पहले से हाई ब्लडप्रेशर से पीड़ित हैं उन्हें डाक्टर के पास काउंसलिंग के लिए जाना चाहिए क्योंकि तब डाक्टर उन्हें ऐसी दवाएं देते हैं जो उनके लिए सुरक्षित हों और ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रखें। गर्भावस्था में महिलाओं को फोलिक एसिड नियमित लेना चाहिए।
- आमतौर पर दवाओं से रक्तचाप नियंत्राण में रहता है, अगर फिर भी रक्तचाप बढ़ा रहे तो उन्हें पूरा आराम करने की सलाह दी जाती है और महिला को डाक्टर के परामर्श अनुसार आराम करना भी चाहिए। (स्वा. द.)

# मासिक धर्म से जुड़े कुछ तथ्य



नीतू गुप्ता

हर टीनएजर को अपनी नानी दादी से मासिक धर्म के दिनों में कुछ न कुछ परामर्श सुनने को मिलते होंगे । उन हिदायतों में कुछ तो ठीक होती हैं और कुछ प्राचीन धारणाएं हैं जो उन्होंने भी अपनी मां, दादी-नानी से सुनी हैं और आगे पीढ़ी दर पीढ़ी वही जामा पहने चलती आ रही हैं पर इनमें से कुछ तथ्य ऐसे भी हैं जो सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं जैसे लंबे सफर पर निकलना हो या विवाह की तिथि के पास आपकी माहवारी की तिथि हो. ऐसे में लड़कियां कुछ समय पहले से ही गर्म चीजों का सेवन लगातार करने लगती हैं जिससे उन्हें माहवारी उस तारीख से पहले हो जाए और वे मानसिक रूप से फ्री हो जाएं। चिकित्सकों के अनुसार ऐसा एकाध बार करना तो ठीक है पर बार बार करना नुकसान पहुंचाता है क्योंकि हम प्रकृति के नियम के विरूद्ध करते हैं।

### प्राचीन गलत धारणाएंः-

- ✖ माहवारी के समय नहाना या सिर धोना सही नहीं।
- ✖ मांसाहारी लड़कियों को माहवारी शीघ्र शुरू होती है।
- ✖ माहवारी के दिनों में पहनें कपड़ों को अन्य कपड़ों से अलग रखें नहीं तो वे जल्दी फट जाएंगे।
- ✖ ठंडी चीजों दही,लस्सी से बचना चाहिए।
- ✖ शादी शुदा महिलाओं को माहवारी के दिनों में पति से संसर्ग नहीं करना चाहिए।
- ✖ कच्चा अनन्नास खाने से रूका हुआ मासिक आ जाता है।
- ✖ उन दिनों में पौधों में पानी डालने से पौधे सूख जाते हैं।
- ✖ अचार इन दिनों में छूने से खराब हो जाता है।
- ✖ अचार तथा अन्य खट्टी चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए।
- ✖ इन दिनों दूध छूने से दूध खट्टा हो जाता हे।
- ✖ इन दिनों में लड़कियों, महिलाओं को अलग सोना चाहिए।
- ✖ अनाज से भरे बर्तनों को नहीं छूना चाहिए वरना उनमें कीड़े लग जाते हैं।

मां का दायित्व होता है बेटियों को सही साफ सफाई की जानकारी दे और गलत धारणाओं में उन्हें न उलझाएं। थोड़ा आराम जरूरी है पर बिस्तर पर पड़े रहना ठीक नहीं। किसी भी तरह की समस्या होने पर डाक्टर से सलाह लेना उचित है।

यह सच है माहवारी शुरू होने से पहले लगभग एक सप्ताह पहले लड़कियों के मूड स्विंग होते रहते हैं और थोड़ी ज्यादा चिड़चिड़ी हो जाती हैं क्योंकि ऐसे में हारमोंस के स्तर में उतार चढ़ाव होता है। लड़कियों को कैल्शियम युक्त आहार लेना चाहिए। ज्यादा मूड खराब होने पर बिस्किट, वैफर्स पर्स में रखें ताकि बीच बीच में थोड़े थोड़े ले सकें। ऐसा करने से इसमें मौजूद कार्बोहाइड्रेट्स रक्त में शुगर लेवल ठीक बनाए रखते हैं।

इससे ऊर्जा का स्तर बना रहता है पर इसका अर्थ यह नहीं कि आप बिस्किट और वेफर्स के पैकेट पर पैकेट खत्म कर दें। दो बिस्किट, आठ दस दाने वेफर्स के 3-4 घंटे के अंतराल में ले। माहवारी होना एक प्राकृतिक प्रक्रिया है जो हमें कई बीमारियों से भी दूर रखती हे। इसे सामान्य लें। इसे हौव्वा न बनाएं। सामान्य जीवन जिएं, सफाई पर और पौष्टिक आहार पर विशेष ध्यान दें। (स्वा. द.)

कोलकाता, 18 सितंबर, गुरुवार, 2025

## न्यूज इन ब्रीफ

### राजस्थान: सड़क हादसे में दो भाइयों की मौत, सदमे में पिता ने भी दम तोड़ा

**जयपुर :** जयपुर जिले में बुधवार को हुए एक सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत हो गई और यह हृदयविदारक खबर सुनकर उनके बुजुर्ग पिता का भी देहांत हो गया। पुलिस ने बताया कि मामला चोमू के कालाडेरा थाना इलाके का है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, हस्तेडा गांव (चौमू) के रहने वाले दो भाई लालचंद कुमावत (40) और रामेश्वरलाल (45) बाइक से चौमू की तरफ जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और हादसे में दोनों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि यह दर्दनाक खबर सुनकर सदमे में आए उनके पिता दुर्गा लाल कुमावत बेहोश हो गए और शाम को उनकी भी मौत हो गई। बाद में तीनों का एक ही चिता पर एक साथ अंतिम संस्कार किया गया।

### मिजोरम में 20 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की हेरोइन जब्त

**आइजोल :** असम राइफल्स के जवानों ने म्यांमा सीमा के पास पूर्वी मिजोरम के चम्फाई जिले में करीब 20 करोड़ रुपये मूल्य की 2.46 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। असम राइफल्स ने एक बयान में कहा कि गोपनीय सूचना के आधार पर जवानों ने मंगलवार को मेलबुक रोड क्षेत्र में तिआउ नदी के पास अभियान चलाया और उन्हें देखते ही दो संदिग्ध हथियार छोड़कर म्यांमा की सीमा के पार भाग गए। उन्होंने बताया कि हेरोइन को ले जाने के लिए प्रयुक्त वाहन सहित प्रतिबंधित सामग्री को जब्त कर लिया गया है।

### हमारी चिंता मत कीजिए : अदालत ने 'जॉली एलएलबी 3' के खिलाफ याचिका खारिज करते हुए कहा

**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने बुधवार को अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म ''जॉली एलएलबी 3'' के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी, जिसमें न्यायाधीशों और वकीलों का मजाक उड़ाने का आरोप लगाया गया था। उच्च न्यायालय ने कहा कि अदालत इस तरह के मजाक की आदी हो चुकी है। उसने कहा, ''हमारी चिंता न करें।'' वकील चंद्रकांत गायकवाड़ के जरिए 'एसोसिएशन फॉर एंडिंग जस्टिस' द्वारा दायर याचिका में फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने और 'भाई वकील है' गाने को हटाने का अनुरोध किया गया था, जिसके बारे में दावा किया गया कि यह कानूनी पेशे के लिए अपमानजनक है। याचिकाकर्ता के वकील दीपेश सिरोया ने कहा कि फिल्म और गीत में न केवल वकीलों का बल्कि न्यायाधीशों का भी मजाक उड़ाया गया है, क्योंकि एक दृश्य में न्यायाधीशों को ''मामू'' कहा गया है, जो न्यायपालिका के लिए अपमानजनक शब्द है। इस पर मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने कहा कि उन्हें इसकी कोई चिंता नहीं है।

### प्रधानमंत्री मोदी और ईयू अध्यक्ष ने एफटीए को साल के अंत तक अंतिम रूप देने की प्रतिबद्धता दोहराई

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने बुधवार को भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देने के लिए दिसंबर तक वार्ता पूरी करने की प्रतिबद्धता दोहराई। वॉन डेर लेयेन ने प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए बुधवार को उनसे फोन पर बातचीत की, जिसमें एफटीए का मुद्दा भी उठा। बातचीत के दौरान मोदी ने वॉन डेर लेयेन से कहा कि वह भारत के साथ संबंधों के मामले में यूरोपीय संघ की ओर से अपनाए गए नये रणनीतिक एजेंडे की सराहना करते हैं। नये रणनीतिक एजेंडे का मकसद सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में दोनों पक्षों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को गहरा, व्यापक और बेहतर तरीके से समन्वयित करना है। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, (यूरोपीय आयोग की) अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन से बात करके हमेशा खुशी होती है। जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद।

# खंडित मूर्ति पर सीजेआई बोले-:हम कुछ नहीं कर सकते, भगवान से कहिए कि वही कुछ करें

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने खजुराहो के विश्व प्रसिद्ध जावरी मंदिर में भगवान विष्णु की क्षतिग्रस्त मूर्ति के पुनर्निर्माण और पुन:प्रतिष्ठा की मांग वाली याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया। चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के। विनोद चंद्रन की पीठ ने इस याचिका को केवल प्रचार का हथकंडा बताया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ऐतिहासिक और पुरातात्विक धरोहरों में बदलाव नहीं किया जा सकता, बल्कि उनका संरक्षण किया जाना चाहिए।



**याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की कड़ी प्रतिक्रिया**

सीजेआई बीआर गवई ने कहा, 'यह पूरी तरह से पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन है। जाइए और खुद भगवान से कहिए कि वे ही कुछ करें। आप भगवान विष्णु के प्रबल भक्त हैं, तो प्रार्थना कीजिए और ध्यान कीजिए।' उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मूर्ति को बदला जा सकता है या नहीं, यह निर्णय केवल एएसआई (अर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया) का काम है।

**किसने दायर की थी याचिका?**

राकेश दलाल नाम के याचिकाकर्ता का कहना है कि जावरी मंदिर की मूर्ति मुगल आक्रमण के दौरान खंडित हुई थी। आजादी के 77 साल बाद भी इसे पुनर्स्थापित नहीं किया गया है। सरकार की इस निष्क्रियता से श्रद्धालुओं के पूजा-अधिकार का हनन हो रहा है। याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट में भगवान विष्णु की क्षतिग्रस्त मूर्ति की तस्वीर पेश करते हुए कहा कि इसका पुनर्निर्माण जरूरी है। इस पर सीजेआई ने कहा, 'अगर आप शैव मत से परहेज नहीं करते तो वहां शिवलिंग की पूजा कीजिए।'

### सीजेआई बी.आर. गवई के बयान पर सोशल मीडिया में उबाल, महाभियोग की मांग

उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी।आर। गवई के हालिया बयान को लेकर सोशल मीडिया पर एक वर्ग में गुस्सा देखने को मिल रहा है। आरोप है कि सीजेआई ने संवैधानिक पद पर रहते हुए हिंदू आस्था का मज़ाक उड़ाया। इस पर सोशल मीडिया पर कई उपयोगकर्ताओं ने उनकी आलोचना करते हुए उनके खिलाफ महाभियोग लाने की मांग की है। इसी बीच, सुप्रीम कोर्ट के वकील विनीत जिंदल ने सीजेआई को पत्र लिखकर उनसे अपनी टिप्पणी वापस लेने का आग्रह किया है। जिंदल ने इस पत्र की एक प्रति राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भी भेजी है। जिंदल ने पत्र में कहा कि प्रधान न्यायाधीश के कथन से करोड़ों हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई हैं और इस पर उन्हें सार्वजनिक रूप से खेद जताना चाहिए। सोशल मीडिया पर सीजेआई गवई से जुड़े हैशटैग्स लगातार ट्रेंड कर रहे हैं। कई लोग न्यायपालिका की निष्पक्षता पर भी सवाल उठा रहे हैं।

## कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी और उनकी दिवंगत मां का एआई जनित वीडियो हटाए : पटना उच्च न्यायालय

**पटना :** पटना उच्च न्यायालय ने कांग्रेस को उसके सोशल मीडिया खातों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी दिवंगत मां का कृत्रिम मेधा (एआई) जनित वीडियो हटाने का बुधवार को निर्देश दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश पीबी बैजंत्री ने अधिवक्ता विवेकानंद सिंह और अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया। इस याचिका में संबंधित वीडियो को अपमानजनक बताते हुए दलील दी गई थी कि यह जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत राजनीतिक दलों पर लगाए गए प्रतिबंधों का उल्लंघन है। केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएन सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि अदालत ने स्पष्ट किया है कि संबंधित वीडियो मामले की अगली सुनवाई तक हटा लिया जाना चाहिए। याचिका में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग को भी प्रतिवादी बनाया गया है। निर्वाचन आयोग के वकील सिद्धार्थ प्रसाद ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, अदालत ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक, 'एक्स' और गूगल को भी नोटिस जारी किया तथा उन्हें सुनवाई की अगली तारीख तक अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय के अपने आदेश में सुनवाई की अगली तारीख का जिक्र किए जाने की संभावना है, जिसे उसकी वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। कांग्रेस की बिहार इकाई ने पिछले हफ्ते 'एक्स' पर यह वीडियो पोस्ट किया था और लिखा था, साहब के सपनों में आई मां। देखिए रोचक संवाद। वीडियो में प्रधानमंत्री मोदी की दिवंगत मां को अपने बेटे की राजनीति के लिए आलोचना करते दिखाया गया है।

## आरेडिका में श्रद्धा एवं उल्लास से मनाया गया विश्वकर्मा पूजन समारोह



**रायबरेली, समाज्ञा :** आरेडिका में बुधवार को विश्वकर्मा पूजा का विधि-विधान के साथ आयोजन किया गया। जिसमें आरेडिका महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने सभी प्रधान मुख्य विभागाध्यक्षों, वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारी प्रतिनिधि यूनियनों, एसोसिएशनों तथा आरेडिका महिला कल्याण संगठन की सभी सदस्याओं के साथ विश्वकर्मा पूजा कर कारखाने की उन्नति, विकास एवं सुरक्षा की कामना की तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हवन में आहुतियां देकर भगवान विश्वकर्मा से विश्व शान्ति एवं कल्याण के लिए प्रार्थना की।आरेडिका के कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्य स्थल पर साफ-सफाई कर भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर पर माला एवं फूल चढाकर औजारों और मशीनों की पूजा की तथा सभी कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों एवं संविदा कर्मियों के लिए नव निर्मित बोगीशॉप में विशाल भण्डारे की व्यवस्था की गयी।आरेडिका प्रशासन तथा रेलवे सुरक्षा बल द्वारा लोगों के आवागमन के लिए विशेष इंतजाम किये गये। जिससे आगुन्तकों को किसी भी प्रकार की अव्यवस्थाओं का सामना न करना पड़े।

## पंजाब: एनआरआई व्यक्ति से शादी करने आई 71 वर्षीय अमेरिकी महिला की हत्या

**लुधियाना :** पंजाब में 75 वर्षीय ब्रिटेन के अनिवासी भारतीय (एनआरआई) से शादी करने आई भारतीय मूल की 71 वर्षीय अमेरिकी महिला की कथित तौर पर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि महिला की अमेरिका के सिएटल से यहां पहुंचने के कुछ ही देर बाद इस साल जुलाई में हत्या कर दी गयी थी। यह घटना हाल ही में तब सामने आई, जब लुधियाना पुलिस ने महिला के लापता होने के संबंध में दर्ज एक प्राथमिकी में संदिग्धों के नाम दर्ज किए। पुलिस ने बताया कि रुपिंदर कौर पंधेर मूल रूप से लुधियाना की रहने वाली थीं और वह इंग्लैंड के एनआरआई चरणजीत सिंह ग्रेवाल के निमंत्रण पर उनसे विवाह करने भारत आई थी। पुलिस के मुताबिक, ग्रेवाल ने ही कथित तौर पर उसकी हत्या करवाई थी। पुलिस ने बताया कि रुपिंदर की बहन कमल कौर खैरा को 24 जुलाई को उसका मोबाइल फोन बंद मिलने पर शक हुआ। कमल ने 28 जुलाई तक नयर दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास को सूचित कर दिया था, जिसने स्थानीय पुलिस पर मामले की जांच करने का दबाव डाला। कमल के परिवार को पिछले सप्ताह ही रुपिंदर की मौत की खबर मिली। पुलिस ने अमेरिकी नागरिक की हत्या के आरोप में मल्हा पट्टी निवासी सुखजीत सिंह सोनू को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, सोनू ने रुपिंदर की उसके ही घर में हत्या करने और शव को स्टोररूम में जलाने की बात कथित तौर पर कबूल कर ली।

## आतंकवादियों के खिलाफ अभियान किसी के हस्तक्षेप की वजह से नहीं रुका: राजनाथ

**हैदराबाद :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इन दावों को खारिज कर दिया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत-पाक संघर्ष को रोकने के लिए उन्होंने हस्तक्षेप किया था। सिंह ने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की वजह से निलंबित नहीं की गई। रक्षा मंत्री ने यहां 'हैदराबाद मुक्ति दिवस' समारोह में अपने संबोधन में कहा कि यदि भविष्य में कोई आतंकी हमला हुआ, तो ऑपरेशन सिंदूर फिर शुरू होगा। उन्होंने कहा, ''कुछ लोग पूछ रहे हैं कि क्या भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम किसी के हस्तक्षेप की वजह से हुआ? मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि



आतंकवादियों के खिलाफ अभियान किसी के हस्तक्षेप की वजह से नहीं रुका था।'' राजनाथ ने कहा, ''कुछ लोग भारत-पाक संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं। किसी ने ऐसा नहीं किया। मैं स्पष्ट करना चाहूंगा कि पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार ने भी साफ किया था कि भारत ने इस मामले में तीसरे पक्ष की भूमिका खारिज कर दी।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट किया है कि यह द्विपक्षीय मामला है और कोई तीसरा पक्ष इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता।

## आरेडिका महाप्रबंधक ने शपथ से की स्वच्छता अभियान 5.0 की शुरूआत



**रायबरेली, समाज्ञा :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता अभियान 5.0 के अन्तर्गत बुधवार को महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन को प्रभावी बनाने के लिए महाप्रबंधक सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर स्वच्छता शपथ ली। स्वच्छता अभियान का प्रथम चरण 17.09.2025 से 02.10.2025 तक चलेगा। आरेडिका द्वारा स्वच्छता के प्रति ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरुक करने के लिए संबंधित कार्य-क्रम ,नुक्कड़ नाटक स्वच्छता सेल्फी आदि का सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म का उपयोग कर स्वच्छता के प्रति लागों को जागरुक करने के लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके साथ ग्राम चौपालों माध्यम से आस-पास के क्षेत्रों में स्वच्छता अपनाने की पहल की जा रही है। स्वच्छता पखवाडा के अन्तर्गत सिविल विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से आवासीय परिसर, कॉम्पलेक्स, केन्द्रीय विद्यालय, एडमिन, वर्कशॉप के सभी शॉपों में आने वाले 2 अक्टूबर तक स्वच्छता कार्यक्रम चलाए जाएगें। इस अवसर पर आरेडिका के विभागाध्यक्ष तथा अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्य स्थल पर शपथ लेकर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की।

## देहरादून-मसूरी के बीच सड़क संपर्क ठप होने से 2500 पर्यटक मसूरी में फंसे



**देहरादून :** बादल फटने और भारी बारिश के बाद देहरादून और पर्यटक स्थल मसूरी को जोड़ने वाली सड़क के लगातार दूसरे दिन भी बंद रहने के कारण बुधवार को करीब 2,500 पर्यटक मसूरी में फंस गए हैं। देहरादून के विभिन्न हिस्सों में मंगलवार तड़के बारिश संबंधी घटनाओं में 13 लोगों की मौत हो गई थी जबकि मसूरी जाने वाला रास्ता भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। राज्य के अन्य हिस्सों में भी अतिवृष्टि से नुकसान हुआ। अधिकारियों के अनुसार, कोल्हूखेत में एक वैकल्पिक बेली पुल बनाया जा रहा है और इसके बुधवार रात तक हल्के वाहनों के लिए संचालित हो जाने की संभावना है। देहरादून-मसूरी मार्ग कई स्थानों पर टूट गया है जिसके कारण पुलिस को पर्यटकों एवं अन्य लोगों से अपने स्थानों पर ही रुकने की अपील की गयी और कहा गया कि जब तक सड़क संपर्क बहाल नहीं होता, वे अपने होटल, घरों या होमस्टे में ही रूके रहें। मसूरी में एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ''मार्ग पर दो स्थानों पर मलबे को आंशिक रूप से हटा दिया गया है लेकिन कोल्हूखेत में वैकल्पिक पुल की स्थापना में थोड़ा और समय लग सकता है।''

## ट्रक-कार की टक्कर में एक ही परिवार के सात लोगों की मौत



**संगम (आंध्र प्रदेश) :** नेल्लोर जिले में बुधवार को एक बालू से भरे ट्रक और कार की टक्कर में एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह हादसा संगम मंडल के पास उस समय हुआ जब सामने से आ रहा ट्रक कार से टकरा गया। हादसे में सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतक नेल्लोर शहर के रहने वाले थे और आत्मकुर सरकारी अस्पताल अपने रिश्तेदारों से मिलने जा रहे थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, नेल्लोर जिले के संगम मंडल के पास बालू से भरे ट्रक के कार को टक्कर मारने से 15 वर्षीय लड़की समेत एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि ट्रक चालक हादसे के तुरंत बाद मौके से फरार हो गया और उसकी तलाश की जा रही है। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है। इस बीच, वाईएसआरसीपी प्रमुख वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने हादसे पर शोक व्यक्त किया।

## मालेगांव विस्फोट मामला: उच्च न्यायालय ने आरोपियों को बरी किए जाने के खिलाफ अपील पर सुनवाई स्थगित की

**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में पीड़ितों के अपीलकर्ता परिजनों के बारे में अधूरी जानकारी दिए जाने के कारण सात आरोपियों को बरी किए जाने के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई बुधवार को स्थगित कर दी। इस मामले में बरी किए गए सात आरोपियों में पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित शामिल हैं। इससे पहले, मंगलवार को उच्च न्यायालय ने कहा था कि विस्फोट मामले में बरी किए जाने के खिलाफ अपील दायर करने ''का रास्ता सभी के लिए नहीं खुला है''। उसने पूछा कि क्या पीड़ितों के परिवार के सदस्यों से मुकदमे में गवाह के तौर पर पूछताछ की गई थी। बुधवार को, अपीलकर्ताओं के वकील ने विवरण का एक चार्ट पेश किया, लेकिन मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने कहा कि यह अधूरा है। परिवार के सदस्यों के वकील ने पीठ को बताया कि प्रथम अपीलकर्ता, निसार अहमद, जिनके बेटे की विस्फोट में मौत हो गई थी, मुकदमे में गवाह नहीं थे। उन्होंने बताया कि विशेष अदालत ने अहमद को मुकदमे के दौरान हस्तक्षेप करने और अभियोजन पक्ष की सहायता करने की अनुमति दी थी।

## प्रधानमंत्री मोदी को मिले 1,300 से अधिक उपहारों की ई-नीलामी शुरू

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उपहार में मिली 1,300 से अधिक वस्तुओं को बुधवार को शुरू हुई ई-नीलामी में रखा गया है। इन वस्तुओं में देवी भवानी की एक मूर्ति, अयोध्या के राम मंदिर का एक मॉडल और 2024 पैरालंपिक खेलों की खेल संबंधी यादगार चीजें शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि ऑनलाइन नीलामी के सातवें संस्करण की शुरुआत मोदी के जन्मदिन के साथ हो रही है, जो बुधवार को 75 वर्ष के हो गए। ई-नीलामी 2 अक्टूबर तक जारी रहेगी। 'पीएम ममेंटोज' की वेबसाइट के



अनुसार, देवी भवानी की मूर्ति का आधार मूल्य 10,39,500 रुपये, जबकि राम मंदिर के मॉडल का आधार मूल्य 5.5 लाख रुपये है। संस्कृति मंत्रालय के अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि ये दोनों वस्तुएं, पैरालंपिक पदक विजेताओं के तीन जोड़ी जूते के आधार मूल्य के साथ शीर्ष पांच की श्रेणी में हैं। प्रत्येक जोड़ी जूते का आधार मूल्य 7.7 लाख रुपये है। संस्कृति मंत्रालय ने अपराह्न करीब एक बजे 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''प्रधानमंत्री स्मृति चिह्नों की ई-नीलामी का 7वां संस्करण अब लाइव है। इन स्मृति चिह्नों की प्रदर्शनी राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय में सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक खुली रहेगी, जिससे आगंतुकों को इस संग्रह को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिलेगा।''

## महिला सैन्य अधिकारियों की 'मानदंड नियुक्ति' पर भेदभाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट की नाराज़गी

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने महिला सैन्य अधिकारियों को स्थायी कमीशन (पीसी) देने में अपनाए जा रहे भेदभाव पर बुधवार को कड़ी नाराज़गी जताई। कोर्ट ने पूछा कि एक ही प्रशिक्षण और तैनाती वाले पुरुष और महिला अधिकारियों के लिए अलग-अलग मानदंड क्यों हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ 13 शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) महिला अधिकारियों की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इन अधिकारियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी ने दलील दी कि समान तैनाती और कठिन परिस्थितियों में काम करने के बावजूद उनकी वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) को 'गैर-मानदंड रिपोर्ट' बताकर पीसी से वंचित किया गया, जबकि पुरुष अधिकारियों को 'मानदंड नियुक्ति' का लाभ दिया गया। गुरुस्वामी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ताओं में लेफ्टिनेंट कर्नल वनिता पाधी (कांगो संयुक्त राष्ट्र मिशन), लेफ्टिनेंट कर्नल चांदनी मिश्रा (एमईएटी उड़ाने वाली पहली महिला पायलट), लेफ्टिनेंट कर्नल गीता शर्मा (लद्दाख में तैनाती) और मेजर खिम (अखनूर) शामिल हैं।

## कांग्रेस घुसपैठियों को बचाने में लगी है, उनकी मदद से चुनाव जीतना चाहती है: शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी चुनाव जीतने के लिए घुसपैठियों को बचाने के लिए ''घुसपैठिया बचाओ'' यात्रा का आयोजन कर रही है। शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन के मौके पर यहां त्यागराज स्टेडियम में एक कार्यक्रम में दिल्ली सरकार की 17 कल्याणकारी योजनाओं का उद्घाटन किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने बिहार में कांग्रेस द्वारा निकाली गई ''वोटर अधिकार यात्रा'' का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा, ''राहुल बाबा और कांग्रेस पार्टी




'घुसपैठिया बचाओ' रैली निकाल रहे हैं। वे चाहते हैं कि घुसपैठिए हमारी मतदाता सूची में बने रहें क्योंकि उन्हें भारत की जनता पर भरोसा नहीं है। वे घुसपैठियों की मदद से चुनाव जीतना चाहते हैं। भाजपा मतदाता सूची में मौजूद विसंगतियों को दूर करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कवायद का समर्थन करती है।'' उन्होंने जनसमूह से पूछा कि घुसपैठियों का नाम मतदाता सूची से हटाया जाना चाहिए या नहीं। उन्होंने विपक्ष से सवाल किया कि ''घुसपैठिया बचाओ यात्रा'' आयोजित करके वह किसे बचाना चाहता है। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में बिहार में 14 दिन की 1,300 किलोमीटर लंबी 'वोटर अधिकार यात्रा' निकाली थी। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि इस कवायद का उद्देश्य लोगों को उनके मताधिकार से वंचित करना है। शाह ने दिल्ली में नरेला-बवाना अपशिष्ट से ऊर्जा संयंत्र के उद्घाटन की भी घोषणा की, जो 3,000 टन कचरे का प्रसंस्करण करेगा, साथ ही ओखला संयंत्र 2,000 मीट्रिक टन कचरे का प्रसंस्करण करेगा, जिससे बिजली पैदा होगी और इससे हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा।

## प्रधानमंत्री मोदी ने अपने जन्मदिन पर धार में देश के पहले 'पीएम मित्र पार्क' का शिलान्यास किया

**धार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मध्यप्रदेश के धार जिले के ग्राम भैंसोला में देश के पहले 'पीएम मित्र पार्क' का शिलान्यास किया और 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' तथा 'आठवें राष्ट्रीय पोषण माह' अभियान की शुरुआत की। लगभग 2,158 एकड़ के भूभाग में विकसित होने वाला यह 'पीएम मित्र पार्क' विश्व स्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित होगा और इसका सबसे बड़ा लाभ प्रदेश के कपास उत्पादकों को मिलेगा क्योंकि इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और उन्हें उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी 17 सितंबर को 75 वर्ष के हो गए और उनके जन्मदिन पर मध्यप्रदेश का यह उनका दूसरा दौरा है। प्रधानमंत्री ने 17 सितंबर, 2022 को नामीबिया से



लाए गए जंगली चीतों को राज्य के श्योपुर जिले के कुनो राष्ट्रीय उद्यान के एक बाड़े में छोड़ा था। इन चीतों को 'प्रोजेक्ट चीता' के तहत भारत लाया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि 'पीएम मित्र पार्क' में कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट, सौर ऊर्जा संयंत्र, आधुनिक सड़कें आदि जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसमें श्रमिकों और महिला कर्मचारियों के लिए आवास और सामाजिक सुविधाएं भी होंगी जो इसे केवल औद्योगिक क्षेत्र ही नहीं बल्कि आदर्श औद्योगिक नगर का रूप देती हैं। उन्होंने कहा कि 'पीएम मित्र पार्क' में देश की अग्रणी टेक्सटाइल कंपनियों ने भरोसा जताते हुए अब तक 23 हजार 146 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव दिये हैं। अधिकारी ने बताया कि यह निवेश उद्योगों की स्थापना के साथ स्थानीय लोगों के लिए नए रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि वस्त्र क्षेत्र के बड़े संगठनों और उद्योग समूहों ने यहां निवेश करने की इच्छा जताई है। उन्होंने कहा, ''इससे न केवल प्रदेश को औद्योगिक लाभ मिलेगा, बल्कि निर्यात भी बढ़ेगा।

# मंधाना के शतक से भारत की 102 रन से जीत, श्रृंखला 1-1 से बराबर



**मुल्लांपुर:** उपकप्तान स्मृति मंधाना के शानदार शतक की बदौलत भारत ने बुधवार को दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया को 102 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। यह पहली बार है जब ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम 100 या उससे अधिक रनों से वनडे हारी है। पहले बल्लेबाजी करते हुए मंधाना ने 91 गेंदों में 117 रन बनाए, जिसमें 14 चौके और चार छक्के शामिल थे। उन्होंने 77 गेंदों में शतक पूरा कर किसी भारतीय महिला का दूसरा सबसे तेज वनडे शतक जड़ा। मंधाना और प्रतिका रावल (25) ने पहले विकेट के लिए 11.3 ओवर में 70 रन जोड़कर मजबूत शुरुआत दी। बाद में दीप्ति शर्मा (40) और रिचा घोष (29) की पारियों से भारत 292 रन तक पहुंचा। ऑस्ट्रेलिया के लिए डार्सी ब्राउन ने 42 रन देकर तीन और एशले गार्डनर ने 39 रन देकर दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम 40.5 ओवर में 190 रन पर आउट हो गई। क्रांति गौड़ ने 9.5 ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि दीप्ति शर्मा ने अहम मौकों पर दो विकेट लिए। रेणुका ठाकुर ने दूसरे ओवर में जॉर्जिया वोल को आउट कर मैच की लय तय की। एलिसा हीली (9), बेथ मूनी (18), एलिस पैरी (44) और एनाबेल सदरलैंड (45) ने साझेदारी बनाने की कोशिश की लेकिन भारतीय गेंदबाजों और बेहतरीन फील्डिंग के सामने टिक नहीं सकीं। भारत के लिए यह जीत महत्वपूर्ण रही क्योंकि पहले मैच में टीम को आठ विकेट से हार मिली थी। अब निर्णायक तीसरा और आखिरी वनडे 20 सितंबर को नयी दिल्ली में खेला जाएगा।

## लंबे ड्रामे के बाद मैदान पहुंची पाकिस्तानी टीम, आईसीसी ने पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग फिर ठुकराई

**दुबई:** पाकिस्तान को एंडी पाइक्रॉफ्ट को मैच रैफरी के तौर पर हटाने की उसकी मांग आईसीसी द्वारा दूसरी बार खारिज किये जाने के बाद एशिया कप के बहिष्कार की धमकी वापिस लेकर यूएई के खिलाफ 'करो या मरो' का मुकाबला खेलने स्टेडियम पहुंचना पड़ा हालांकि इस पूरे ड्रामे की वजह से मैच में विलंब हो गया। इससे पहले पाकिस्तान क्रिकेट टीम होटल के लिये रवाना नहीं हुई थी चूंकि पाइक्रॉफ्ट ही इस मैच में मैच रैफरी हैं। मैच अब आठ बजे की बजाय नौ बजे शुरू होगा। टीमों को मैच शुरू होने से दो घंटे पहले स्टेडियम पहुंचना होता है जबकि विरोध जताने के लिये पाकिस्तान नहीं पहुंचा। इस मैच में पाइक्रॉफ्ट मैच रैफरी रहेंगे। आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने कांफ्रेंस कॉल पर पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी को इसकी जानकारी दी। आईसीसी ने कहा कि जिम्बाब्वे के इस मैच रैफरी ने नियमों का पालन किया है और वह इस मैच में रैफरी रहेंगे। भारत के खिलाफ रविवार के मैच के बाद भारतीय खिलाड़ियों के हाथ नहीं मिलाने पर हुई शर्मिंदगी के लिये पाकिस्तान ने पाइक्रॉफ्ट को जिम्मेदार ठहराया था। भारतीय टीम ने पहलगाम आतंकवादी हमले के पीडितों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिये हाथ नहीं मिलाया था।

### पीसीबी का दावा, पाइक्रॉफ्ट ने पाकिस्तानी टीम से माफी मांगी

**दुबई:** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को दावा किया कि मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट ने एशिया कप मैच के दौरान भारतीय और पाकिस्तानी खिलाड़ियों के हाथ मिलाने पर रोक लगाने के लिए उसकी राष्ट्रीय टीम से माफी मांगी है। पाकिस्तान ने आईसीसी द्वारा पाइक्रॉफ्ट को हटाने से इनकार करने के विरोध में बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ मैच के लिए रवाना होने में विलंब किया जिसके कारण मैच एक घंटा देर से शुरू हुआ। पाकिस्तान ने दावा किया कि जिम्बाब्वे के रैफरी पाइक्रॉफ्ट ने इसके लिए माफी मांग ली है।

### अंतिम कांस्य पदक के लिए खेलेंगी, ज्योति और राधिका बाहर

**जाग्रेब (क्रोएशिया):** युवा पहलवान अंतिम पंघाल महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग में विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में हारने के बाद अब कांस्य पदक के लिए मुकाबला करेंगी। उन्हें पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता इक्काडोर की लूसिया येपेज गुजमान से 3-5 से शिकस्त मिली। अंतिम ने स्पेन की कार्ला जैम सोनेर को 23 सेकंड में नॉकआउट कर शानदार शुरुआत की थी और फिर चीन की जिन झांग को रोमांचक मुकाबले में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। लेकिन गुजमान के खिलाफ वह जीत नहीं सकीं। इस बीच मनीषा भानवाला (62 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में हारने के बावजूद रेपेशाज के जरिये पदक की दौड़ में बनी हुई हैं। उत्तर कोरिया की ओक जू किम के फाइनल में पहुंचने से उनका रास्ता खुला। हालांकि राधिका (68 किग्रा) और ज्योति बेरीवाल (72 किग्रा) इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।

### बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में भारत का सामना यूएई, श्रीलंका और नेपाल से

**गुवाहाटी:** कुक द्वीपसमूह के हटने के बाद बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप मिश्रित टीम स्पर्धा का फिर से ड्रॉ कराया गया जिसके बाद मेजबान भारत को ग्रुप एच में संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और नेपाल के साथ रखा गया है। भारत 36 देशों के सुहांदिनाता कप में 17 साल बाद वापसी कर रहा है। यह टूर्नामेंट छह से 19 अक्टूबर तक यहां राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित किया जाएगा। दूसरी वरीयता प्राप्त भारत ने ग्रुप एच में अपना स्थान बरकरार रखा है जबकि यूएई और श्रीलंका नए पूल में नेपाल के साथ शामिल हो गए हैं। शीर्ष वरीयता प्राप्त थाईलैंड भी ग्रुप ए में बना हुआ है जिसमें वह जापान, पुर्तगाल और आयरलैंड के साथ प्रतिस्पर्धा करेगा। गत चैंपियन इंडोनेशिया ग्रुप एफ में हांगकांग, चीन, स्लोवेनिया और फिलीपींस के खिलाफ क्वालीफाइंग चरण खेलेगा। चीन के नाम 14 मिश्रित टीम चैंपियनशिप खिताब हैं जो ग्रुप डी में तुर्किये, इंग्लैंड, युगांडा और घाना के साथ शामिल होगा।

## नीरज ने पहले थ्रो में फाइनल में जगह बनाई, नदीम से होगी टक्कर




**तोक्या:** गत चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने बुधवार को विश्व चैम्पियनशिप के क्वालीफिकेशन दौर में पहले ही थ्रो में 84.50 मीटर फेंककर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। पाकिस्तान के ओलंपिक स्वर्ण विजेता अरशद नदीम ने तीसरे और आखिरी प्रयास में 85.28 मीटर का थ्रो फेंककर फाइनल में जगह बनाई। इस तरह फाइनल में दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी आमने-सामने होंगे। भारत के सचिन यादव ने भी 83.67 मीटर का थ्रो फेंककर कुल दसवां स्थान हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। जबकि रोहित यादव और यशवीर सिंह क्वालीफाई नहीं कर पाए। स्वत: क्वालीफिकेशन के 84.50 मीटर मार्क को छूने वाले या शीर्ष 12 खिलाड़ी फाइनल में उतरेंगे। पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद यह पहली बार होगा जब नीरज और नदीम आमने-सामने होंगे। पिछली विश्व चैम्पियनशिप में नीरज ने 88.17 मीटर के थ्रो से स्वर्ण जीता था, जबकि नदीम दूसरे स्थान पर रहे थे।

## मेस्सी ने प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिन पर हस्ताक्षर वाली विश्व कप जर्सी भेजी



**नयी दिल्ली:** भारत दौरे की तैयारी में जुटे अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर 2022 विश्व कप विजेता टीम की हस्ताक्षर की हुई जर्सी भेजी है। मेस्सी को भारत दौरे पर ला रहे प्रमोटर सतद्रु दत्ता ने बुधवार को पीटीआई को बताया कि इस स्टार फुटबॉल आइकन की विश्व कप जर्सी दो-तीन दिन में प्रधानमंत्री के पास पहुंच जाएगी।दत्ता ने कहा, 'जब मैं फरवरी में उनसे इस दौरे पर चर्चा करने के लिए मिला था तो मैंने उन्हें बताया था कि प्रधानमंत्री का 75वां जन्मदिन भी आ रहा है और उन्होंने कहा था कि वह प्रधानमंत्री के लिए एक हस्ताक्षर वाली जर्सी भेजेंगे।' दत्ता ने कहा कि वह मेस्सी के भारत दौरे के दौरान प्रधानमंत्री के साथ एक बैठक की व्यवस्था कराने की भी कोशिश कर रहे हैं। मेस्सी 13 दिसंबर से दौरे पर कोलकाता, मुंबई और दिल्ली में जाएंगे। मेस्सी की 'गोट टूर ऑफ इंडिया 2025' नाम की इस यात्रा का पहला पड़ाव कोलकाता होगा, जिसके बाद मुंबई और नयी दिल्ली का दौरा होगा।

## आठ भारतीय निशानेबाज दोहा विश्व कप फाइनल के लिए क्वालीफाई

**नयी दिल्ली:** भारत के आठ निशानेबाज चार से नौ दिसंबर तक दोहा में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। इनमें ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर भी शामिल हैं, जो महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल दोनों स्पर्धाओं में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय हैं। युवा निशानेबाज सुरुचि सिंह ने ब्यूनस आयर्स, लीमा और म्यूनिख में लगातार तीन स्वर्ण जीतकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में क्वालीफाई करने के साथ विश्व नंबर एक रैंकिंग भी हासिल की। ओलंपियन ईशा सिंह ने चौथे और अंतिम आईएसएसएफ विश्व कप में स्वर्ण जीतकर इस स्पर्धा में अपना स्थान पक्का किया। अन्य क्वालीफाई करने वालों में रुद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल (पुरुष 10 मीटर एयर राइफल), अर्जुन बबूता (पुरुष 10 मीटर एयर राइफल), सिफत कौर सामरा (महिला 50 मीटर राइफल 3पी), विजयवीर सिद्धू (पुरुष 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल) और सिमरनप्रीत कौर बरार (महिला 25 मीटर पिस्टल) शामिल हैं। आईएसएसएफ ने पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि की घोषणा की है – स्वर्ण विजेताओं को 5,000 यूरो, रजत विजेताओं को 4,000 यूरो और कांस्य विजेताओं को 2,000 यूरो दिए जाएंगे।

## चक्रवर्ती पहली बार टी20 गेंदबाजों की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर



**दुबई:** स्पिनर वरूण चक्रवर्ती पहली बार आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं और यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बने। चक्रवर्ती से पहले भारत के जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई आईसीसी टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में शिखर पर पहुंच चुके हैं। चक्रवर्ती ने एशिया कप में यूएई के खिलाफ चार रन देकर एक और पाकिस्तान के खिलाफ 24 रन देकर एक विकेट लिया। उन्होंने न्यूजीलैंड के जैकब डफी को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया। इससे पहले वह फरवरी 2025 में दूसरे स्थान पर पहुंचे थे। आईसीसी ने एक बयान में कहा ,'भारतीय स्पिनर वरूण चक्रवर्ती को 2025 में लगातार अच्छे प्रदर्शन का ईनाम मिला है और वह आईसीसी पुरूष टी20 खिलाड़ियों की रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज हो गए हैं।' बायें हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव 16 पायदान की छलांग लगाकर 23वें स्थान पर हैं जबकि स्पिन हरफनमौला अक्षर पटेल एक पायदान ऊपर 12वें स्थान पर पहुंच गए। बुमराह चार पायदान चढकर 40वें स्थान पर हैं। हरफनमौलाओं में हार्दिक पंड्या शीर्ष पर है जबकि अभिषेक शर्मा चार स्थान चढकर 14वें स्थान पर पहुंच गए।



## इस साल देश का निर्यात छह प्रतिशत बढ़ने का भरोसा: गोयल




**मुंबई:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को भरोसा जताया कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद इस साल देश का निर्यात 2024 की समान अवधि के मुकाबले करीब छह प्रतिशत बढ़ेगा। गोयल ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत का व्यापार प्रदर्शन मजबूत है और कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर बातचीत आगे बढ़ रही है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, भारत का निर्यात वर्ष 2025 में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में करीब छह प्रतिशत बढ़ेगा। मुझे भरोसा है कि हम साल का समापन सकारात्मक रूप से करेंगे। मंत्री ने कहा, भारत की बढ़ती ताकत और यह तथ्य कि हम अमृतकाल में चार लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था से 30 लाख करोड़ डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं, यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि भारत व्यापार करने के लिए एक आदर्श स्थान है। दुनिया भारत के साथ और अधिक निकटता से काम करना चाहेगी। गोयल ने कहा कि भारत की घरेलू रफ्तार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग दोनों एक-दूसरे को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम हाल ही में 5.1 प्रतिशत की सबसे कम बेरोजगारी दर लेकर आए हैं। बेरोजगारी के मुद्दे पर उन्होंने कहा, यह कहना आसान है कि बेरोजगारी है, लेकिन लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने मुझसे कहा है कि पर्याप्त श्रमिक नहीं मिल पाने की वजह से उसकी परियोजनाएं समय पर पूरी नहीं हो पा रही हैं। यहां तक कि एलएंडटी की आईटी इकाई को भी लोगों की तलाश है। गोयल ने कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है और जीएसटी दरों में कटौती से उपभोक्ता मांग और बुनियादी ढांचा निवेश बढ़ने पर निवेश, रोजगार सृजन तथा व्यापार और उद्योग के विस्तार को बल मिलेगा।

## अब तक 22 राज्यों को 3.6 लाख करोड़ रुपये की 50-वर्षीय ब्याज-मुक्त सहायता दी गईः सीतारमण



**विशाखापत्तनम:** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि अब तक 22 राज्यों को 50 साल की ब्याज-मुक्त सहायता के तहत लगभग 3.6 लाख करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। सीतारमण ने यहां 'सीआईआई जीसीसी बिजनेस समिट' को संबोधित करते हुए कहा कि देश में पूंजीगत निवेश (राज्यों समेत) बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.1 प्रतिशत हो गया जबकि वित्त वर्ष 2013-14 में यह सिर्फ 1.7 प्रतिशत था। सीतारमण ने कहा, केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को 50 साल की ब्याज-मुक्त सहायता भी प्रदान की है ताकि वे अपनी पूंजीगत संपत्तियों को बढ़ा सकें और उन पर खर्च के लिए धन जुटा सकें। केंद्र ने सभी राज्यों को 50 साल की ब्याज-मुक्त राशि दी है और अब तक कुल मिलाकर लगभग 3.6 लाख करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। यह पिछले चार वर्षों की बात है। उन्होंने कहा, अब तक 22 राज्यों ने इसका इस्तेमाल किया है, जिससे उनके अपने संसाधनों से पूंजीगत व्यय में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज हुई है। वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में 88 हवाई अड्डे चालू हुए, करीब 31,000 किलोमीटर की नई रेल पटरियां बिछाई गईं, मेट्रो नेटवर्क चार गुना बढ़ा, बंदरगाह क्षमता दोगुनी हुई और राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में 60 प्रतिशत का विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक से जुड़ी बाधाओं को दूर करने के लिए बड़े पैमाने पर पहल की है। सीतारमण ने वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के संदर्भ में कहा कि राज्य सरकारें निवेश आकर्षित करने और नीतिगत माहौल बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

## भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता शुरू होने से शेयर बाजार दूसरे दिन भी चढ़ा, सेंसेक्स में 313 अंक की तेजी



**मुंबई:** आईटी, बैंक और वाहन शेयरों में लिवाली से शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 313 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 91 अंक चढ़ा। निवेशक भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर सकारात्मक बातचीत से उत्साहित हैं। बीएसई के तीस शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 313.02 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,693.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 361.26 अंक यानी 0.43 प्रतिशत बढ़कर 82,741.95 अंक पर पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 91.15 अंक यानी 0.36 प्रतिशत चढ़कर 25,330.25 अंक पर रहा। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों और प्रस्तावित व्यापार समझौते पर अमेरिका-भारत के बीच सकारात्मक बातचीत से शेयर बाजारों में तेजी का माहौल रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति, ट्रेंट और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में बजाज फिनसर्व, टाइटन, आईटीसी और टाटा स्टील शामिल हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर भारत आए अमेरिकी दल के साथ दिन भर चली बातचीत सकारात्मक रही ।

## आईसीआईसीआई बैंक को 49.11 करोड़ रुपये की कर मांग का नोटिस मिला

**नयी दिल्ली:** आईसीआईसीआई बैंक ने बुधवार को कहा कि कर अधिकारियों ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के कथित कम भुगतान के लिए उसे 49.11 करोड़ रुपये का मांग नोटिस भेजा है। आईसीआईसीआई बैंक ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि 15 सितंबर, 2025 को उसे पश्चिम बंगाल के अतिरिक्त राजस्व आयुक्त (अपील) से पश्चिम बंगाल माल एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 107 के तहत एक अपील आदेश प्राप्त हुआ, जिसमें 49.11 करोड़ रुपये (कर 23.52 करोड़ रुपये, ब्याज 23.23 करोड़ रुपये और जुर्माना 2.35 करोड़ रुपये) की मांग की गई है। उक्त अपील आदेश में बैंकों द्वारा अपने खातों में निर्दिष्ट न्यूनतम शेष राशि बनाए रखने वाले ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं पर जीएसटी मांग से संबंधित एक मुद्दा शामिल है। बैंक ने कहा कि अतीत में, उसे विभिन्न कर अधिकारियों से इसी मुद्दे पर कारण बताओ नोटिस (एससीएन) और आदेश प्राप्त हुए थे।

### त्योहारी सीजन से पहले फ्लिपकार्ट पर सक्रिय सेलर्स की संख्या 25% बढ़ी

**दुर्गापुर :** घरेलू ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने त्योहारी सीजन से पहले अपने सेलर इकोसिस्टम को मजबूत किया है। पिछले छह महीने में मार्केटप्लेस पर सक्रिय सेलर्स की संख्या 25-30% बढ़ी है, जबकि जून-अगस्त तिमाही में कारोबार 30% तक बढ़ा। फैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स और बीजीएम जैसी कैटेगरी में तेजी देखी जा रही है। फ्लिपकार्ट ने सेलर्स के लिए अपडेटेड *सेलर हब*, *एनएक्सटी इनसाइट्स* जैसे एआई-पावर्ड टूल्स, आसान ऑनबोर्डिंग और तेजी से सेटलमेंट की सुविधा दी है। कन्नौज, खुर्जा और शांतिपुर जैसे नए व्यापारिक केंद्रों से उद्यमियों को जोड़कर कंपनी ई-कॉमर्स की पहुँच बढ़ा रही है। कंपनी के एसवीपी साकेत चौधरी ने कहा कि फ्लिपकार्ट त्योहारी सीजन में सेलर्स को आत्मविश्वास से कारोबार बढ़ाने के लिए सही टूल्स उपलब्ध करा रहा है। प्लेटफॉर्म पर 9 करोड़ से अधिक प्रोडक्ट लिस्टिंग हैं और एमएसएमई, कारीगरों तथा उद्यमियों को व्यापक ग्राहक आधार तक पहुँच मिल रही है।

### इस्पात उद्योग को कार्बन-मुक्त करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये की योजना लाएगी सरकार : सचिव

**नयी दिल्ली:** इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने बुधवार को कहा कि सरकार स्वच्छ इस्पात निर्माण प्रौद्योगिकी की स्वीकार्यता को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये की योजना पर काम कर रही है। मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने राष्ट्रीय राजधानी में 'एफटी लाइव एनर्जी ट्रांजिशन समिट इंडिया' के दौरान पीटीआई-भाषा से यह बात कही। उन्होंने कहा, ''सतत इस्पात के लिए राष्ट्रीय मिशन का प्रस्ताव विचाराधीन है। यह 5,000 करोड़ रुपये की योजना है।'' पौंड्रिक ने कहा कि इस योजना में देश के सभी इस्पात विनिर्माता शामिल होंगे, जिसमें 75-80 प्रतिशत धनराशि द्वितीयक क्षेत्र की कंपनियों के लिए निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य स्वच्छ प्रौद्योगिकियों और वैकल्पिक सामग्रियों के उपयोग को प्रोत्साहित करके इस्पात उत्पादन में कम कार्बन उत्सर्जन को बढ़ावा देना है। उनकी यह टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत पेरिस समझौते पर हस्ताक्षरकर्ता है और इसका लक्ष्य शुद्ध-शून्य उत्सर्जन वाला देश बनना है। पौंड्रिक ने कहा कि अगले कुछ महीनों में इस योजना के चालू होने की उम्मीद है।

## न्यूज अपडेट

### सोना रिकॉर्ड स्तर से 1,300 रुपये फिसलकर 1.13 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी भी टूटी

**नयी दिल्ली:** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली के चलते बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें अपने उच्चतम स्तर से 1,300 रुपये फिसलकर 1,13,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, बुधवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,300 रुपये की गिरावट के साथ 1,13,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। मंगलवार को, दिल्ली सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाली इस कीमती धातु की कीमत 1,800-1,800 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 1,15,100 रुपये और 1,14,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गई थी। बुधवार को चांदी 1,670 रुपये गिरकर 1,31,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले सत्र में, इसने 570 रुपये की बढ़ोतरी के बाद 1,32,870 रुपये प्रति किलोग्राम का नया रिकॉर्ड बनाया था।

### कम जीएसटी दर से एसी की बुकिंग तेज

**नयी दिल्ली:** एयर कंडीशनर बनाने वाली कंपनियों और डीलरों ने अगले हफ्ते से लागू होने वाली कम जीएसटी दरों के चलते बुकिंग शुरू कर दी है। कंपनियों को उम्मीद है कि कीमतों में कटौती के बाद ग्राहकों की मांग बढ़ेगी। जीएसटी परिषद ने हाल ही में चार कर स्लैब को घटाकर दो कर दिए हैं। अब अधिकांश वस्तुओं पर कर की दर 18 प्रतिशत और पांच प्रतिशत होगी। एयर कंडीशनर पर वर्तमान में 28 प्रतिशत कर लगता है, जो 22 सितंबर से घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगा। ब्लू स्टार के प्रबंध निदेशक बी. त्यागराजन के अनुसार, डीलर बुकिंग ले रहे हैं और 22 सितंबर को नई दरों पर बिलिंग करेंगे। हायर ने एक रुपये की टोकन राशि से बुकिंग शुरू की है और कीमतों में 2,500 से 3,900 रुपये तक की कटौती की है। इसके साथ ही कैशबैक, मुफ्त इंस्टॉलेशन और आसान ईएमआई जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। गोदरेज एंटरप्राइजेज ने बताया कि नई एमआरपी स्टिकर 22 सितंबर से लागू होंगे। कंपनियों का मानना है कि दरों में कटौती ग्राहकों को राहत देगी और उत्साह बढ़ाएगी।

### अपोलो टायर्स जीएसटी कटौती का लाभ ग्राहकों को देगी, टायर कीमतें 300 से 2,000 रुपये तक घटाएगी

**नयी दिल्ली:** अपोलो टायर्स 22 सितंबर से प्रभावी जीएसटी दर में कटौती का लाभ ग्राहकों को देने के लिए अपने उत्पादों की कीमतों में 300 रुपये से 2,000 रुपये तक की कटौती करेगी। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। यात्री वाहनों के टायरों की कीमत में 300 से 1,500 रुपये तक की कमी आएगी, जबकि ट्रक/बस रेडियल टायर की कीमतों में लगभग 2,000 रुपये की कमी आएगी। जीएसटी परिषद ने नए न्यूमेटिक टायर पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी है, और ट्रैक्टर टायर व ट्यूब पर जीएसटी की दर घटाकर पांच प्रतिशत कर दी है। अपोलो टायर्स ने एक बयान में कहा कि इस नीतिगत बदलाव के अनुरूप, वह कम कर दरों का पूरा लाभ सीधे अपने ग्राहकों को देगी। अपोलो टायर्स के उपाध्यक्ष (वाणिज्यिक) (भारत, सार्क और दक्षिण पूर्व एशिया) राजेश दहिया ने कहा, संशोधित मूल्य निर्धारण सभी उत्पाद खंडों पर लागू होगा, जिसमें यात्री कार टायर, वाणिज्यिक वाहन टायर, कृषि और दोपहिया टायर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मूल्य में कटौती से वाहन स्वामित्व और संचालन लागत में कमी आने की उम्मीद है, जिससे वाहन संचालकों, किसानों और रोजमर्रा के वाहन चालकों को समान रूप से लाभ मिलेगा। दहिया ने कहा, कंपनी ने देश भर में नए मूल्य निर्धारण ढांचे के निर्बाध कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए अपने वितरण नेटवर्क के साथ मिलकर काम करना शुरू कर दिया है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3361 अंक 171, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in